स्पष्ट आवाज़

लखनऊ

मंगलवार, 20 फरवरी, 2024 वर्ष : 20, अंक: 235 पृष्ठ: 12

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

एमएसपी को मिले कानूनी ...पेज-12

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

HONDA
The Power of Dreams

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate
- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 | Service: +91 8009090093

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)

सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219, 9455555965, 9415133977

यूपी में व्यापार, विकास और विश्वास का बना माहौल : मोदी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में व्यापार, विकास और विश्वास का माहौल बना है। डबल इंजन की सरकार ने दिखाया है कि अगर बदलाव की नियत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता है। बीते कुछ वर्षों में यूपी से होने वाला एक्सपोर्ट दो गुना हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी सोमवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रहे थे। जीबीसी 4.0 के जरिए उत्तर प्रदेश में 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की 14 हजार से अधिक परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में श्री मोदी ने रिमोट का बटन दबा कर परियोजनाओं का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश वह राज्य है, जहां देश के सबसे ज्यादा एक्सप्रेस वे, जहां देश में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हैं। आज उत्तर प्रदेश वह राज्य है, जहां देश की पहली रैपिड रेल चल रही है। नदियों के विशाल नेटवर्क के माध्यम से मालवाहक का कार्य किया जा रहा है। ट्रांसपोर्टेशन सस्ता हुआ है। आज के कार्यक्रम का आकलन केवल निवेश को देखते हुए नहीं कर रहा हूं। यहां जो सबको उम्मीद दिख रही है, वह बहुत व्यापक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम यहां विकसित भारत के विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प के लिए एकजुट हुए हैं। मुझे बताया गया कि आज का यह कार्यक्रम प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में लोग लाइव देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में अपराध, दंगे, छीना झपटी की खबरें आती रहती थीं, उस दौरान अगर कोई कहता कि उत्तर प्रदेश को विकसित राज्य बनाएंगे तो शायद कोई तैयार नहीं होता। विश्वास करने का तो सवाल ही नहीं होता। आज लाखों करोड़ों रुपये का निवेश उत्तर प्रदेश की धरती पर आ रहा है और मैं यहीं से सांसद हूं। मेरे उत्तर प्रदेश में जब निवेश होता है तो मुझे सबसे ज्यादा खुशी होती है। उन्होंने कहा कि आज हजारों प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो रहा है। जो फैक्टरियां लग रही हैं, उद्योग स्थापित हो रहे हैं, वे सब उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने वाले हैं। मैं सभी निवेशकों को और विशेष कर उत्तर प्रदेश के सभी युवाओं को बधाई देता हूं। प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बने 7 वर्ष हो रहे हैं। बीते 7 वर्ष में प्रदेश का पुराना कल्चर बदल गया है। क्राइम कल्चर बहुत कम हुआ और बिजनेस कल्चर का विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले हमें मूलभूत सुविधाओं के लिए भी तरसाया गया। अब देश ही नहीं उत्तर प्रदेश को भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। शहरों में रहने में गरीबों के लिए चार करोड़ घर बनाये हैं। शहरों में रहने वाले 25 लाख परिवारों को लोन में छूट मिली है। इनमें डेढ़ लाख परिवार उत्तर प्रदेश के हैं। पहले दो लाख पर ही टैक्स लग जाता था। आज मध्यम वर्ग के परिवारों को सात लाख तक कोई टैक्स नहीं देना पड़ता है। मध्यम वर्गीय परिवारों को लाखों करोड़ों का फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले लोगों को लंबी लाइनें लगानी पड़ती थीं, अब हमारी सरकार गरीब के घर खुद आ रही है, ये मोदी की गारंटी है। जब तक हर लाभार्थी को उसका लाभ नही मिलेगा, हमारी सरकार शांत नही बैठेगी।उन्होंने कहा कि आज मोदी उनको भी पूछ रहा है, जिनको पहले कभी किसी ने नहीं पूछा। रेहड़ी, पटरी ठेले वालों के बारे में किसी सरकार ने नहीं सोचा। अब तक इनको दस हजार करोड़ की मदद दी जा चुकी है।

यूपी में रेड कारपेट कल्चर बना

मोदी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के कार्यकाल में पिछले सात सालों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदली है और दशकों से यहां व्याप्त रेड टेप कल्चर आज रेड कारपेट कल्चर में तब्दील हो चुका है। आज पूरा देश गर्व करता है कि यूपी वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लिए काम कर रहा है। उन्होंने अन्य राजनीतिक दलों से भी अपील की है कि राजनीति छोड़िए और यूपी से सीखिए कि कैसे वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनमी बनने के लिए काम किया जाता है। सात आठ वर्ष पहले हम सोच भी नहीं सकते थे कि उत्तर प्रदेश में भी निवेश और नौकरियों को लेकर ऐसा माहौल बनेगा। उन्होंने कहा कि यूपी में हजारों परियोजनाओं पर काम शुरु हो रहा है। ये जो उद्योग लग रहे है वो यूपी की तस्वीर बदलने वाले है। इसके लिये मै यहां आये सभी निवेशकों को और विशेषकर यूपी के युवाओं को बधाई देता हूं। श्री मोदी ने कहा कि डबल इंजन सरकार ने दिखाया है कि बदलाव की नीयत है तो उसे कोई रोक नहीं सकता है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सम्पूर्ण भारत तेजी आगे बढ़ रहा है। सबसे अलग नजरिया होता है। जहां लोग समस्या देखते हैं, वहां पीएम समाधान देखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी सबसे दैदीप्यमान नक्षत्र के रूप में दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्ष में पीएम ने मजबूत नींव रखी है। भारत की जनता को भरोसा है कि आपके तीसरे व चौथे नेतृत्व में भारत शिखर को छुएगा। राजनैतिक और उद्योगपति मिलकर भारत को बहुत आगे ले जाएंगे। गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए भी आपने बड़ा कार्य किया। रक्षा मंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में अच्छे प्रयास से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी हो रही है। मैं आश्वस्त हूँ कि हमारा यूपी विकास के नए आयाम गढ़ेगा।

राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री

चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देश के किसानों का सम्मान

किसानों के मसीहा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के फैसले का जिक्र करते हुये प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती के पुत्र चौधरी साहब का सम्मान देश के करोड़ों मेहनतकश किसानों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि पहले राजकीय सम्मान प्रदान करने में भेदभाव बरता जाता था और एक परिवार ही राजकीय सम्मान पर अपना हक समझता था जबकि भाजपा सरकार ने इस कुप्रथा को बदला है। उन्होंने छोटे किसानों के लिए चौधरी चरण सिंह के योगदान की सराहना की और कहा कि चौधरी साहब की प्रेरणा से हम देश के किसानों को सशक्त बना रहे हैं। चौधरी साहब को राजनीतिक सौदेबाजी से नफरत थी लेकिन कांग्रेस ने इसका स्वागत नहीं किया और संसद में उन पर बोलने नहीं दे रहें हैं। प्रधानमंत्री ने कृषि में नए रास्ते तलाशने में किसानों का समर्थन करने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि देश के कृषि क्षेत्र को एक नए रास्ते पर ले जाने के लिए हम किसानों को सहायता और प्रोत्साहित कर रहे हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश में गंगा के किनारे बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती के उद्भव का हवाला देते हुए प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया और कहा कि इससे न केवल किसानों को लाभ होता है बल्कि हमारी पवित्र नदियों की शुद्धता को बनाए रखने में भी मदद मिलती है।

यूपी मतलब अनलिमिटेड पोटेंशियल : योगी

- अपनी प्रतिभा को पहचान कर आज सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है यूपी
- सीएम ने 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए निवेशकों का भी किया स्वागत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के शुभारंभ के लिए प्रदेश आगमन पर प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और 10 लाख करोड़ से अधिक की परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आए हुए निवेशकों व उद्यमियों का भी स्वागत किया। इस अवसर पर सीएम योगी ने कहा कि आज यूपी अपनी प्रतिभा और अनलिमिटेड पोटेंशियल को पहचान कर सुरक्षा, सुशासन और विकास से जुड़ चुका है। सीएम योगी ने कहा कि यह भूमि भगवान श्रीराम की है,गोपेश्वर श्रीकृष्ण की है, बाबा विश्वनाथ की है, ऋषि मुनियों की कृपा भूमि है, मां गंगा, यमुना और सरयू जैसी नदियों का आशीर्वाद भी इसको प्राप्त हुआ है, यह धन्य भूमि है,पुण्य भूमि है, यह उद्यम और उद्यमता की भी भूमि है।

आज उत्तर प्रदेश भारत के श्रम शक्ति पुंज को एक अर्थशक्ति पुंज के रूप में बनाने की ओर अग्रसर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्ष में हमारा देश 11वीं अर्थव्यवस्था से 5वीं अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी जी के तीसरे कार्यकाल में भारत दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा, इसमें किसी को कोई संदेह नहीं। यह मोदी जी की गारंटी है, इस पर यूपी को भी यकीन है। इस संकल्प के साथ जुड़ते हुए उत्तर प्रदेश ने स्वयं को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए हमने स्किल, स्केल और स्पीड पर फोकस किया है। आप सभी उद्यमियों का सहयोग मिलता रहा तो यह लक्ष्य निश्चित ही सिद्ध होगा। सीएम योगी ने सबसे पहले अयोध्या में 5 सदी के बाद प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा और अबुधाबी में पहले हिंदु मंदिर की स्थापना के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति, परमात्मा और प्रतिभा की पुण्य भूमि उत्तर प्रदेश की जनता अपने इस चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के भव्य आयोजन पर आप सभी का स्वागत और अभिनंदन करती है। हम सभी का सौभाग्य है कि आज जब भारत अमृतकाल में प्रवेश कर चुका है तब इस ऐतिहासिक कालखंड में हम सभी इसके साक्षी और सहभागी बन पा रहे हैं। हमारा सौभाग्य है कि भारत के अमृतकाल के सारथी के रूप में हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का यशस्वी मार्गदर्शन और नेतृत्व प्राप्त हो रहा है। वर्ष 2018 के प्रथम इन्वेस्टर्स समिट के दौरान प्रधानमंत्री जी ने लखनऊ में कहा था कि यूपी में वैल्यूज है, वर्क्युज है, लेकिन इस बदले हुए समय में वैल्यू एडिशन की ज्यादा आवश्यकता है।

सिर्फ वर्क कल्चर से नहीं, सिर्फ बिजनेस कल्चर से ही नहीं, बल्कि हर क्षेत्र में यूपी की जो स्ट्रेंथ है उसमें वैल्यू एडिशन की बहुत जरूरत है। आज 6 वर्ष बाद यह कहने में प्रसन्नता हो रही है कि प्रधानमंत्री जी के इन शब्दों को आत्मसात कर उत्तर प्रदेश ने अपनी नीतियां बनाईं, जिसके परिणामस्वरूप 6 वर्ष के भीतर ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का यह चौथा संस्करण आयोजित हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि हम सब जानते हैं कि निवेश और औद्योगिक निवेश के बारे में भारतीय मनीषा क्या कहती आई है। आचार्य कौटिल्य ने कहा था कि आर्थिक समृद्धि के लिए तीन तत्वों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। पहली भूमि, दूसरी जनसंख्या और तीसरी पूंजी। यह कहते हुए गौरव की अनुभूति हो रही है कि यह तीनों तत्व आज उत्तर प्रदेश में प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।

संक्षिप्त आवाज़

सेंसेक्स 281 अंक चढ़ा निफ्टी 22100 के पार

मुंबई। घरेलू इक्विटी बेंचमार्क निफ्टी 50 और सेंसेक्स सोमवार (19 फरवरी) को लगातार पांचवें दिन बढ़त के बंद हुए। घरेलू शेयर बाजार में आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) और भारती एयरटेल के शेयरों में सबसे अधिक मजबूती दिखी। हालांकि, कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण बाजार में लाभ सीमित दायरे में रहा क्योंकि अमेरिका से आए आंकड़ों से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कमजोर हुई है। सोमवार को सेंसेक्स 282 अंक या 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,708.16 अंक पर बंद हुआ।

सपा ने 11 और उम्मीदवारों का किया एलान

लखनऊ। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजावारी पार्टी ने उत्तर प्रदेश की 11 और सीटों पर उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। सूची में एक नाम पर काफी चर्चा हो रही है। पार्टी ने मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी को गाजीपुर से उम्मीदवार घोषित किया है। मुज्जफनगर से हरेंद्र मिलक, आंवला से नीरज मौर्य, शाहजहांपुर से राजेश कश्यप, हरदोई से उषा वर्मा,मिश्रिख से रामपाल राजवंशी, मोहनलालगंज से आरके चौधरी, प्रतापगढ़ से डॉ. एसपी सिंह पटेल, बहराइच से रमेश गौतम, गोंडा से श्रेया वर्मा, गाजीपुर से अफजाल अंसारी और चंदौली से वीरेंद्र सिंह को उम्मीदवार घोषित किया है।

नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर लड़ेंगे चुनाव: सज्जन वर्मा

नई दिल्ली। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पार्टी छोड़ने की अटकलों को खारिज करते हुए सोमवार को कहा कि वह कहीं नहीं जा रहे तथा उनके पुत्र नकुल नाथ कांग्रेस के टिकट पर ही चुनाव लड़ेंगे। कमलनाथ के करीबी माने जाने वाले वर्मा ने उनसे मुलाकात के बाद यह टिप्पणी की। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि जो व्यक्ति (कमलनाथ) इंदिरा गांधी के तीसरे बेटे माने जाते हैं वो कांग्रेस छोड़कर कैसे जा सकते हैं। उनका कहना था कि कमलनाथ कहीं नहीं जा रहे हैं और वह कांग्रेस में ही रहेंगे।

आज भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे केजरीवाल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं होंगे। पार्टी ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को एजेंसी द्वारा जारी छठे समन को 'अवैध' करार दिया और कहा कि केजरीवाल को बार-बार समन भेजने के बजाय ईडी को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। कई बार समन जारी करने के बाद भी केजरीवाल के पूछताछ में शामिल नहीं होने पर ईडी ने अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। अदालत ने केंद्रीय एजेंसी द्वारा दायर शिकायत के संबंध में केजरीवाल को शनिवार को व्यक्तिगत तौर पर पेश होने से राहत दे दी थी।

मोदी नहीं, उनके पास बैठे 90 लोग चलाते हैं देश

- सामान्य जाति के कितने गरीब, आदिवासी, दलित और ओबीसी के पास कितना धन है, यह नहीं पता

प्रतापगढ़। कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी ने सोमवार को प्रतापगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते हैं, वह सिर्फ भाषण देते हैं। उनके पास बैठे 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ नगर में पहुंचे हैं। लालगंज के सांगीपुर में कांग्रेस सांसद गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह जब पैदा हुए तो वह जनरल कैटेगरी में थे। वर्ष 2000 में उनकी कास्ट को ओबीसी में डाल दिया गया था। यह जो बात आपको बता रहा हूं, वह आपको हिन्दुस्तान के टेलीवीजन पर नहीं दिखेगा। उन्होंने कहा कि सामान्य जाति के कितने गरीब, आदिवासी, दलित और ओबीसी के पास कितना धन है, यह नहीं पता। यह तब पता चलेगा जब इकोनॉमी आर्थिक सर्वे होगा। सच्चाई तब सामने आएगी कि पिछड़ों के पास कितना धन है, अमीर जनरल कास्ट और अरबपतियों के पास कितना धन है, जिस दिन ऊपर लिख दिया जाएगा, उस दिन सारे के सारे बब्बर शेर जाग जाएंगे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बजट के बारे में कुछ नहीं जानते। 90 लोग हिन्दुस्तान की सरकार को चलाते हैं। नरेन्द्र मोदी के पास बैठे यही लोग डिसाइड करते हैं कि बजट का पैसा कहां जाना है। आपके प्रधानमंत्री को इसके बारे में समझ नहीं है, वह सिर्फ भाषण करना जानते हैं। अदाणी और अंबानी ने उन्हें वहां बैठाया है। जनरल कास्ट के गरीब व्यक्ति को भी उसका अधिकार नहीं दिया।

शाहजहां शेख को बचा रही है ममता सरकार : भाजपा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि पश्चिम बंगाल की ममता सरकार बलात्कार के आरोपित शाहजहां शेख को बचा रही है। पश्चिम बंगाल में महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। भाजपा सांसद लॉकेट चटर्जी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ममता बनर्जी की पार्टी के लोग सिर्फ 30 फीसदी वोट पाने के लिए खोज-खोज कर हिन्दू महिलाओं को उठाते थे और उनके सम्मान के साथ खिलवाड़ करते थे। संदेशखाली में जो हुआ, वह किसी से छिपा नहीं है। भाजपा के प्रतिनिधियों को वहां जाने से रोका जा रहा है। चटर्जी ने आरोप लगाया है कि संदेशखाली में महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले शेख को ममता सरकार अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है।

किसानों ने ठुकराया सरकार का प्रस्ताव

चंडीगढ़। किसान आंदोलन को लेकर बड़ी खबर आ रही है। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने सरकार द्वारा दिए गए प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया है। हालांकि, इस प्रस्ताव पर अभी तक भारतीय किसान यूनियन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। गौरतलब है कि बीते दिन संयुक्त किसान मोर्चा ने लुधियाना में एक बैठक कर शंभू बॉर्डर पर न जाकर अलग से आंदोलन की बात कही थी। इसके साथ दूसरे रास्ते से दिल्ली कूच की बात कही थी। वहीं बता दें कि यह संयुक्त किसान मोर्चा अभी किसी भी आंदोलन में शामिल नहीं है, लेकिन धरनारत किसानों की मांगों का समर्थन किया है। शंभू बॉर्डर पर जो किसान आंदोलनरत हैं वे सभी संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक से हैं। एसकेएम ने चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्रियों के मक्का, कपास, अरहर/तूर, मसूर और उड़द की फसलों को A2+FL+50% एमएसपी पर खरीदने और खेती में फसल चक्र विधि (विविधीकरण) को बढ़ावा देने के लिए किसानों के साथ पांच साल का अनुबंध करने के प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया है। एसकेएम ने घोषणा की कि गारंटीकृत खरीद वाली सभी फसलों के लिए एमएसपी C2+50% से नीचे कुछ भी भारत के किसानों को स्वीकार्य नहीं है। अगर मोदी सरकार बीजेपी के वादे को लागू नहीं कर पा रही है तो प्रधानमंत्री ईमानदारी से जनता को बताएं। किसान संगठनों ने 21 फरवरी को 11 बजे तक आंदोलन रोकने की बात कही थी। लेकिन अब एसकेएम ने साफ कर दिया कि एमएसपी के गारंटी कानून से कम उसे कुछ भी नहीं चाहिए। इस तरह एसकेएम ने सरकार के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

अफवाहों से रहें सावधान : मायावती

लखनऊ। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा बयान दिया है। मायावती ने कहा है कि वो फैसले पर अटल हैं। अफवाहों से रहें सावधान। बसपा प्रमुख मायावती ने एक बार फिर कहा है कि वह लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने के अपने फैसले पर अटल है। उन्होंने अपने समर्थकों को अफवाहों से सावधान रहने की नसीहत दी है। मायावती ने कहा किसी भी पार्टी से गठबंधन न करने की घोषणा की बावजूद आए दिन गठबंधन की अफवाह फैलाना यह साबित करता है कि बसपा के बिना कुछ पार्टियों की दाल यहां गलने वाली नहीं है। बता दें कि आए दिन सोशल मीडिया पर इस तरह की खबरों की चर्चा होती है कि बसपा सुप्रीमो मायावती गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं है। बसपा आने वाला चुनाव अकेले लड़ेगी।

लोकसभा की विशेषाधिकार समिति की कार्यवाही पर लगी रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली गांव में कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद सुकांत मजूमदार के जख्मी होने कि उनकी शिकायत पर लोकसभा की विशेषाधिकार समिति के समक्ष चल रही कार्यवाहियों पर सोमवार को रोक दी।मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद राज्य के आला अधिकारियों पर कोई कार्रवाई करने पर रोक लगाते हुए लोकसभा सचिवालय को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। गौरतलब है कि समिति ने श्री मजूमदार शिकायत पर कार्यवाही करते हुए पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, राज्य के पुलिस महानिदेशक और बशीरहाट के जिलाअधिकारी और पुलिस अधीक्षक को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए कहा था।पश्चिम बंगाल भाजपा प्रमुख मजूमदार ने पिछले सप्ताह बुधवार को हुई घटना में चोट लगने, क्रूरता और जानलेवा हमले का दावा किया था। उनकी इस शिकायत पर विशेषाधिकार समिति ने कार्यवाही करते हुए 15 फरवरी को अधिकारियों को नोटिस जारी किया था।शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और ए एम सिंघवी ने विशेषाधिकार समिति के समक्ष कार्यवाही की वैधता पर सवाल उठाते हुए दलील दी कि शिकायतकर्ता सांसद की ओर से किए गए विरोध का संसदीय कर्तव्यों से कोई लेना-देना नहीं है।

बैलेट पेपर पर निशान क्यों लगाया? : सुप्रीम कोर्ट

- पीठासीन अधिकारी को फटकार कहा-आप पर केस चलाया जाना चाहिए

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चंडीगढ़ मेयर चुनाव दोबारा कराए जाने की जगह नई व्यवस्था दी। कोर्ट ने कहा कि मौजूदा बैलट पेपर्स की गिनती कर चंडीगढ़ मेयर का चुनाव किया जाए। बैलट पेपर्स पर अगर पूर्व रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह ने कोई लगाए हैं तो उन्हें नजरअंदाज करके काउंटिंग की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर्स कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिए हैं। चंडीगढ़ मेयर चुनाव विवाद में आज सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। मेयर चुनाव के पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह पर

सुप्रीम कोर्ट ने आज भी कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव में रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए क्योंकि वह चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर रहे थे। मेयर चुनाव को लेकर जिस तरह से पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने सख्त रुख अपनाया था और जैसी टिप्पणी की थी उसे देखकर तो लगता है कि दोबारा चुनाव कराने का आदेश जारी हो सकता है। पीठासीन अधिकारी की एक वीडियो भी वायरल हुई थी, जिसमें वह कथित रूप से अवैध करार दिए पार्षदों के वोटों पर निशान लगाते दिखाई दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने प्रशासन को निर्देश दिए कि ज्यूडिशिएल अफसर और रिकार्डस की सुरक्षा के लिए व्यवस्था कीजिए। अदालत मंगलवार को 2 बजे चुनाव का पूरा वीडियों और बैलेट पेपर्स की जांच करेगी। अदालत ने रिटरनिंग अफसर अनिल मसीह से पूछा कि आपने बैलेट पेपर्स पर X का निशान क्यों लगाया। इस पर मसीह ने कहा कि उन्होंने 8 खराब बैलेट पर निशान लगाए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ कार्रवाई पर लगाई रोक

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने 2022 में कर्नाटक में आयोजित एक विरोध प्रदर्शन के संबंध में राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और अन्य के खिलाफ कार्यवाही पर सोमवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति पी.के. मिश्रा की पीठ ने मामले में कर्नाटक सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। शीर्ष अदालत ने उच्च न्यायालय के उस आदेश पर भी रोक लगा दी जिसमें सिद्धरमैया, कांग्रेस महासचिव व कर्नाटक प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला, राज्य के मंत्रियों एम.बी. पाटिल और रामलिंगा रेड्डी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। साथ ही उन्हें छह मार्च को विशेष अदालत के समक्ष पेश होने का निर्देश दिया गया। बेंगलुरु में तत्कालीन मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई के आवास का घेराव करने के लिए मार्च निकालने के बाद कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। प्रदर्शनकारी प्रदेश के तत्कालीन ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री के. एस. ईश्वरप्पा के इस्तीफे की मांग कर रहे थे। यह आंदोलन तब किया गया था जब एक ठेकेदार संतोष पाटिल ने ईश्वरप्पा पर अपने गांव में एक सार्वजनिक कार्य के लिए 40 प्रतिशत कमीशन मांगने का आरोप लगाते हुए आत्महत्या कर ली थी। पुलिस के मुताबिक, मामला सड़क जाम करने और इससे यात्रियों को परेशानी होने से जुड़ा था।

अर्थ आवाज़

पराग पारेख डायनैमिक असेट अलोकेशन फंड लॉन्च

नयी दिल्ली। पीपीएफएएस म्युचुअल फंड ने पराग पारिख डायनैमिक असेट एलोकेशन फंड को लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड डायनैमिक असेट एलोकेशन फंड है। नया फंड ऑफर (एनएफओ) 20 से 22 फरवरी तक सब्सक्रिप्शन के लिए उपलब्ध होगा। स्कीम का निवेश उद्देश्य इक्विटी, इक्विटी डेरिवेटिव और निश्चित आय उपकरणों में निवेश के जरिए दीर्घकालिक रिटर्न हासिल करना है। इक्विटी उपकरणों और निश्चित आय के बीच आवंटन को गतिशील रूप से प्रबंधित किया जाएगा ताकि गिरावट से उत्पन्न जोखिम का प्रबंधन करते हुए दीर्घकालिक रिटर्न हासिल किया जा सके। इस योजना में न्यूनतम निवेश 5,000 रु होगा और उसके बाद किसी भी राशि का निवेश किया जा सकता है। यह योजना 28 फरवरी को फिर से खुलेगी। योजना का प्रदर्शन टियर 1 बेंचमार्क इंडेक्स-क्रिसिल हाइब्रिड 50+50 मॉडरेट इंडेक्स के विरुद्ध बेंचमार्क किया जाएगा। इसका प्रबंधन राजीव ठक्कर, रौनक ओंकार, राज मेहता, रुकुन ताराचंदानी और मानसी करिया करेंगे। पीपीएफएएस असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लि के अध्यक्ष और सीईओ नील पराग पारिख ने कहा पराग पारिख डायनेमिक असेट एलोकेशन फंड एक अनूठी पेशकश है जो हमारी तरफ से पेश किए जाने प्रॉडक्ट्स के बीच मौजूद अंतर को पाटता है।

एड फिल्म से मोर्टिन ने गुमनाम नायकों को दिया धन्यवाद

नयी दिल्ली। पेस्ट कंट्रोल की दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक मोर्टिन ने अपने मौजूदा कैम्पेन मोर्टिन की रक्षा ज्योति के तहत एक एड फिल्म पेश की है। इस एड फिल्म में समाज की सुरक्षा करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया है। यह फिल्म सामुदायिक कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ काम को सम्मान देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करती है। ये सामुदायिक कार्यकर्ता चौबीसों घंटे काम में जुटे रहते हैं और समाज तक रक्षा ज्योति पहुंचाते और समाज को मच्छर जनित बीमारियों से बचाते हैं। बीमारी फैलाने वाले मच्छरों से सुरक्षित रहने के लिए हर परिवार कई प्रकार के पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशंस का इस्तेमाल करता है। लेकिन वे लोग जो बिना थके पूरे समाज को सुरक्षित रखने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, वे ही अक्सर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के संपर्क में आ जाते हैं। इस कैम्पेन फिल्म के साथ मोर्टिन उन लोगों की देखभाल की जरूरत पर जोर देता है जो समाज की देखभाल करते हैं। उन्हें हम मोर्टिन की सुरक्षा की ढाल प्रदान करते हैं। सौरभ जैन रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर साउथ एशिया हाइजीन रेकिट ने कहा गत सालों से मोर्टिन भारतीय घरों में विश्वसनीय पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशन के रूप में मौजूद रहा है।

अज़ीम प्रेमजी विवि में यूजी कोर्सेस में प्रवेश के आवेदन आमंत्रित

लखनऊ। अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें बी.ए. ऑनर्स, बी. एससी.ऑनर्स और बी. एससी. बी.एड. ड्युअल-डिग्री कोर्स प्रस्तुत किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी ज़रुरी तारीख़ें निम्न हैं-आवेदन की आख़िरी तारीख़ 6 मार्च, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल साक्षात्कार अप्रैल, एडमीशन मई, क्लास की शुरुआत जुलाई से होगी। ये कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किए हैं। इनका मकसद सामाजिक रूप से जागरूक, चिंतनशील और स्वयं सीखने में सक्षम युवा नागरिकों को तैयार करना है। ये कोर्स 4 अनिवार्य पहलुओं से मिलकर बने हैं। इन पाठ्यक्रमों में चार तरह के कोर्स शामिल है- विषय आधारित मेजर कोर्स, विद्यार्थियों को व्यावसासिक रूप से तैयार करने के मकसद से बनाये गये इंटर्नशिप आधारित इंटर-डिसेप्लनरी कोर्स, विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण के लिए बनाये गये फाउन्डे शन कोर्स और व्या पक रुचि आधारित कोर्स, जिनका क्रेडिट सिस्टाम बहुत लचीला होता है। यह कोर्स अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनमें विषय विशेषज्ञता व सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्माण करना इन कोर्सेस का लक्ष्य है।

फीनिक्स पलासियो में पापोन ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध

लखनऊ। प्रसिद्ध संगीतकार पापोन, जिन्हें अंगराग महंत के नाम से भी जाना जाता है, ने फीनिक्स पलासियो में दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत उस्ताद ने शाम को मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और विविधता भरी अपनी संगीत रचनाओं की प्रस्तुति दी। पापोन ने लोक संगीत से लेकर पॉप, रॉक, इलेक्ट्रॉनिका और भारतीय शास्त्रीय ध्वनियों तक की शैलियों का संगीतमय ताना-बाना बुना। दम लगा के हईशा और दम मारो दम जैसी फिल्मों के लोकप्रिय गीतों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। पापोन ने कोक स्टूडियो में हिट हुए अपने अविस्मरणीय संगीत रचनाओं की भी प्रस्तुति दी। फीनिक्स में आयोजित इस कार्यक्रम में दर्शकों ने न केवल संगीत का आनंद लिया बल्कि स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। ईशारा, दोबारा और एट इस संगीतमयी शाम के फूड पार्टनर थे। पापोन की संगीत प्रतिभा और स्वादिष्ट व्यंजनों के संयोजन ने इस शाम को लखनऊ के दर्शकों के लिए यादगार बना दिया। फीनिक्स मिल्स के सीनियर सेंटर डायरेक्टर संजीव सरीन ने कहा पापोन का प्रदर्शन वास्तव में असाधारण था। हम उनको फीनिक्स पलासियो में लाकर रोमांचित हैं, जो दर्शकों को अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करते हैं।

सैमसंग का गैलेक्सी एक्सकवर 7 लॉन्च

गुरुग्राम। सैमसंग ने अपने पहले एंटरप्राइज केंद्रित स्मार्टफोन-गैलेक्सी एक्सकवर7 को लॉन्च किया। यह मजबूत डिवाइस है, जो असाधारण इस्तेमाल योग्य क्षमता से लैस है। बेहद प्रतिकूल स्थितियों में काम करने के लिहाज से इंजीनियर किए गए गैलेक्सी एक्सकवर7 का उद्देश्य पेशेवरों के जीवन को आसान बनाना, तेज कनेक्टिविटी, व काम करने की निरंतरता देना और बाहरी कारकों की वजह से पैदा होने वाली रुकावटों के जोखिम को कम करना है, ताकि वे तेज गति और स्मार्ट तरीके से काम कर सकें। गैलेक्सी एक्सकवर7 5 प्रतिशत कनेक्टिविटी, अपग्रेडेड मोबाइल प्रोसेसर परफॉर्मेंस और बढ़ी हुई मेमोरी के साथ मजबूत मोबिलिटी प्रदान करेगा। साथ ही गैलेक्सी एक्सकवर7 सिंगल और मल्टीपल बारकोड/क्यूआर कोड स्कैनिंग और विस्तारित डिस्प्ले आकार और रिजॉल्यूशन के लिए ऑप्टिमाइज्ड नए शक्तिशाली रियर कैमरे के साथ आता है, जो यूजर्स को विभिन्न सेटिंग्स में काम करने की क्षमता प्रदान करता है। किसी भी सेटिंग में सुविधाजनक रिचार्जिंग के लिए आसान पीओजीओ चार्जिंग पिन और दस्ताने पहनकर इस्तेमाल किए जाने की क्षमता से युक्त टच सेंसेटिविटी गैलेक्सी एक्सकवर7 को एक विश्वसनीय और उपयोग में आसान डिवाइस बनाती है।

बजाज आलियांज का अयोध्या में कार्यालय खुला

अयोध्या। प्राइवेट जनरल इंश्योरेंस कंपनी बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने अयोध्या में अपना नया कार्यालय खोला। उत्तर प्रदेश राज्य के अग्रणी बीमाकर्ता के लिए अयोध्या में ऑफिस खोला जाना कंपनी के रणनीतिक विस्तार और राज्य में बीमा अंतर को पाटने तथा साथ ही साथ इसके आर्थिक विकास को और मजबूत करने की कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विश्व पटल पर छाये धार्मिक शहर अयोध्या अब समग्र भारतीय अर्थव्यवस्था में अभिन्न भूमिका निभाने जा रहा है। ऐसे में अब बजाज आलियांज का लक्ष्य नागरिकों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर अयोध्या के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाना है। भव्य राम मंदिर के उद्घाटन के बाद अयोध्या में रोजाना लाखों भक्त और पर्यटक आ रहे हैं। इन परिस्थितियों ने अयोध्या और आस-पास के इलाकों में हॉस्पिटैलिटी, पर्यटन, स्वास्थ्य सेवा, बैंकिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे क्षेत्रों में व्यक्तियों, परिवारों और व्यवसायों के लिए बीमा सलूशन की डिमांड जनरेट करेगा। ऐसे में बजाज आलियांज प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के जरिये जरूरतों को पूरा कर अयोध्या के चहुंमुखी आर्थिक विकास में में योगदान देने वाला है। अयोध्या में कार्यालय का खोलना यह दर्शाता है कि बजाज आलियांज राज्य में बीमा कवरेज को बढ़ाने के प्रयासों को शुरू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

आउटर रिंग रोड किनारे 650 करोड़ का निवेश

लखनऊ। बाबा इंफ्रा डेवलपर्स के निदेशक विवेक मिश्र ने आउटर रिंग रोड के किनारे 650 करोड़ का निवेश हाई-टेक आवासीय और व्यावसायिक योजनाओं में करने की घोषणा की। लखनऊ स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग समारोह में सम्मिलित निदेशक ने बताया कि सुल्तानपुर रोड पर आवासीय कॉलोनी कैलाशा एन्क्लेव विकसित की जा रही है जो अब समापन के करीब है।

अभिनव को 1,77,120 डालर की स्कॉलरशिप

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्र अभिनव बाजपेयी को उच्चशिक्षा हेतु अमेरिका के प्रतिष्ठित एल्बियन कालेज द्वारा 1,77,120 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। अभिनव को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सीएमएस छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि सीएमएस एसएटी एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है।

ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में आर्ना को काँस्य पदक

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा आर्ना कुमारी ने जयपुर के सवाई मानसिंह इण्डोर स्टेडियम में आयोजित महाराणा प्रताप नेशनल ओपेन ताइक्वाण्डो चैम्पियनशिप में काँस्य पदक अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। आर्ना ने यह उपलब्धि 35 किलो भार वर्ग में अर्जित की है। चैम्पियनशिप का आयोजन ताईक्वाण्डो फेडरेशन ऑफ इण्डिया के संयोजकत्व में राजस्थान ताईक्वाण्डो एसो द्वारा किया गया, जिसमें देशभर के छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सीएमएस प्रेसीडेन्ट व प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

राज्यमंत्री ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 कार्यक्रम का किया शुभारंभ

●जनपद में 214 उद्यमों की स्थापना से 1 लाख से अधिक लोगों को मिल सकेगा रोजगार

बाराबंकी(स्पष्ट आवाज)। उ0प्र0 सरकार द्वारा आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च4.0 का आयोजन किया गया, जिसमें नरेन्द्र मोदी जी, माननीय प्रधानमंत्री, द्वारा उद्घाटन करते हुए निवेश करने वाले उ0प्र0 के समस्त उद्यमियों को सम्बोधित किया गया। इस कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट के माध्यम से प्रत्येक जनपद में प्रसारित भी किया गया। जनपद स्तर पर रिटज् कान्टीनेंटल रिजार्ट में मा0 राज्यमंत्री, खाद्य एवं रसद विभाग, उ0प्र0 सरकार *सतीश चन्द्र शर्मा* एवं सांसद, मिश्रिख अशोक कुमार रावत की उपस्थिति में ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-ञ्च4.0 आयोजन किया गया। जनपद में कुल 381 एम.ओ.यू. हस्ताक्षिरत हुए, जिनके सापेक्ष रू0 23,034.21 करोड़ के निवेश प्रस्ताव एवं 145107 के रोजगार प्रस्ताव प्राप्त हुए। प्राप्त 381 एम.ओ.यू. के प्रस्तावों में से 214 इकाईयां, जिनका कुल निवेश रू0 11926.00 करोड़ तथा प्रस्तावित रोजगार 110255 है, का आज निवेश कार्यकम के माध्यम से शुभारम्भ किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में रू0 10.00 करोड़ के कम लागत के विभिन्न निवेशकों प्रतिभाग किया गया। जनपद के रू0 10.00 करोड़ से अधिक के निवेशकों द्वारा जनपद लखनऊ के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-चतर्थ के उद्घाटन एवं कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। निवेशकों तथा आई.आई.ए. के जनपद स्तरीय चेयरमैन श्री राजेश तिवारी तथा मण्डलीय चेयरमैन-श्री प्रमित सिंह द्वारा अपने सम्बोधन में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अभूतपूर्व सहयोग उल्लेख करते हुए बाराबंकी में औद्योगिक हित में तैयार वातावरण के संबंध में विचार व्यक्त किए गए तथा यह भी अवगत कराया गया कि उनकों संबंधित विभागों द्वारा समस्त सहमति / अनापत्तियां ससमय प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने बताया कि उद्यम स्थापनार्थ संबंधित समस्त आवश्यकताओं से ससमय पूर्ण किया गया है, जिसके फलस्वरूप जनपद में पहली मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना हो रही है इसी प्रकार से विभिन्न क्षेत्रों में यथा-कृषि, पशुपालन, हार्टिकल्चर, तथा एमएसएमई क्षेत्र से संबंधित इकाईयां जनपद बाराबंकी में स्थापित हो रही है, जिससे जनपद में नवीन रोजगार सृजित हो रहे हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा निवेशकों / उद्यमियों को आश्वस्त किया गया कि किसी भी निवेशक / उद्यमी को उद्यम स्थापनार्थ किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आने दी जाएगी। इसके साथ ही मा0 मंत्री जी द्वारा जनपद में इकाईयों के स्थापनार्थ उपलब्ध सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी तथा तहसील रामसनेहीघाट में विकसित हो रहे औद्योगिक क्षेत्र के संबंध में अवगत कराया गया तथा यह आश्वस्त किया गया कि किसी भी नवीन निवेशक को भूमि संबंधित समस्यायें नहीं होंगी तथा अवस्थापना सुविधाओं को भी सुदृढ़ किए जाने के संबंध में अवगत कराया गया।

मा0 सांसद मिश्रिख द्वारा सम्बोधन में बाराबंकी जनपद का लक्ष्य पूर्ण किए जाने के संबंध में शुभकामनाएं दी गई तथा औद्योगीकरण को बढ़ावा देने के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में निवेशकों को तथा औद्योगिक संगठनों को सम्मानित भी किया गया। इसके अतिरिक्त समस्त विधानसभा क्षेत्रों के ब्लॉक सभागार यथा-निन्दूरा, दरियाबाद, रामनगर, हरख एवं हैदरगढ़ में भी मा0 जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 19 फरवरी 2024 को ही ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-चतुर्थ के अंतर्गत निवेश कार्यकम का आयोजन अपरान्ह 01.30 बजे से किया गया, जिसमें रू0 10.00 करोड़ से कम का निवेश करने वाली जनपद की विभिन्न इकाईयों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित कार्यकम में जनपद लखनऊ में माननीय प्रधानमंत्री जी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित कार्यकम का सजीव प्रसारण किया गया तथा निवेशकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मा0 जिलाध्यक्ष भाजपा-श्री अरविन्द मौर्य, मण्डलीय चेयरमैन-आई.आई.ए. श्री प्रमित कुमार सिंह, चेयरमैन-आई.आई.ए. राजेश कुमार तिवारी सहित संबंधित जनपद स्तरीय विभागीय अधिकारी, व अन्य निवेशकगण / उद्यमीगण उपस्थित रहे।

कृषक समाज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गोला गोकर्णनाथ खीरी। नेहरू युवा केंद्र लखीमपुर खीरी, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला के संयुक्त तत्वाधान में जिला युवा अधिकारी मयंक भदौरिया के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन कृषक समाज इंटर कॉलेज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रधानाचार्य डॉ. एल आर वर्मा उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी युवाओं को सम्बोधित करते हुए अपने मताधिकार का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही मतदाताओं को जागरूक रहने और आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अपना योगदान देने और अपने गांव, अपने शहर तथा अपने आसपास के मतदाताओं को मतदान करने हेतु मतदान केन्द्र तक लाने के लिए प्रेरित किया, वही डॉ अनिल ने संबोधित करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार मतदाता ही सभी में जागरूकता ला सकता है। हमें वोट डालने का अधिकार है इसका हमें उपयोग करना चाहिए। और स्वयंसेवक संदीप ने कहा कि हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है। युवा मतदाताओं को युवा पीढ़ियों को मतदान के लिए जागरूक करना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उमम प्रथम, शुभी सिंह द्वितीय व संध्या देवी तृतीय स्थान पर रहे। साथ ही पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें नैना गुप्ता प्रथम , अर्जुन सिंह द्वितीय व मो. अय्यान तृतीय स्थान पर रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत किया गया और सभी को मतदाता जागरूकता शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक संदीप कुमार वर्मा एवं कीर्ती वर्मा द्वारा किया गया एवं निर्णायक मंडल के रूप में दिनेश कुमार अंबरीश कुमार अंकित शर्मा एवं मनीष राज सिंह उपस्थित रहे।इस अवसर पर डॉक्टर अनिल सिंह मौजूद रहे।

दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता शुरू

द्वितीय दिन प्राइमरी:सामान्य ज्ञानजूनियरः सामान्य ज्ञान, निबंध, चित्रकला(बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ), वृक्षारोपण,योगा प्रदर्शन का आयोजन होना है।

गोला गोकर्णनाथ खीरी । ग्राम पंचायत लालाहपुर के ग्राम रसूलपुर में संविलियन विद्यालय रसूलपुर जंगल में दो दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान लालपुर जनार्दन गिरी ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

संविलियन विद्यालय रसूलपुर जंगल में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्राइमरी बालक वर्ग दौड़ 50 मीटर, दौड़ 100 मीटर, कबड्डी, रस्सा कसी, ब्लूरेस, बस्ता प्रतियोगिता। बालिका वर्ग मे दौड़ 50 मीटर, दौड़ 100 मीटर, कबड्ड़ी, रस्सा कसी, ब्लूरेस, बस्ता प्रतियोगिता,

जूनियर बालक वर्ग दौड़ 100 मीटर, दौड़ 200 मीटर, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, थ्रो, रस्सा कसी, बालिका वर्ग दौड़ 100 मीटर, दौड़ 200 मीटर, कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद, लंबी कूद, थ्रो, रस्सा कसी प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनार्दन गिरी ने कहा खेलकूद प्रतियोगिताओं से बच्चों मैं शारीरिक व मानसिक विकास होता है उनमें प्रति स्पर्धा करने की क्षमता बढ़ती है आने वाली चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए वह सक्षम होते हैं। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह भाजपा नेता रामगुलाम पांडे ,शोभित सिंह, शिक्षक के के शुक्ला विजय वर्मा ग्राम पंचायत अधिकारी ललित वर्मा, पंचायत मित्र केतन सक्सेना मौजूद रहे।

लोकतंत्र सेनानी की पुण्यतिथि पर स्मृति सभा

लखनऊ। लोकतंत्र सेनानी व हाईकोर्ट लखनऊ के अधिवक्ता रहे सीबी सिंह के द्वितीय पुण्यतिथि पर स्मृति सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोशलिस्ट चिंतक रामकिशोर व संचालन एडवोकेट वीरेंद्र त्रिपाठी ने की। वक्ताओं ने कहा सीबी सिंह जेपी मूवमेंट के प्रमुख स्तम्भ व क्रांतिकारी चिंतक थे। सीबी सिंह का निधन 16 फरवरी-22 को हुआ था। रामकिशोर ने कहा कि वे भगतसिंह के क्रांतिकारी विचारों को अपना आदर्श मानते थे, उसी राह पर वे आजीवन चले। हर अन्याय के खिलाफ संघर्ष में सबसे आगे रहे। उनके अंदर एक वैचारिक गहराई थी और मानवता के हितों में हर तरह का त्याग करने का साहस था। उनकी एक आवाज पर पूरे प्रदेश का छात्र-युवा सडकों पर आ जाते थे। उन्होंने आपातकाल के दौरान इमरजेंसी के विरोध के कारण चौबीस महीनें जेल में गुजारे थे। आपातकाल के दौरान जय प्रकाश नरायण के नेतृत्व में हुए देशव्यापी आन्दोलन में छात्र युवा संघर्ष समिति व छात्र युवा वाहिनी के गठन में सीबी सिंह की प्रमुख भूमिका थी। 1973 में हुए पुलिस पीएसी आन्दोलन के वे प्रणेता थे। उस दौरान भी उन्हें जेल जाना पड़ा था। क्रांतिकारी संघर्षो के साथ ही लोकतंत्र को वास्तविक बनाने के आंदोलनों में उनकी रूचि थी। कार्यक्रम में आदेश यादव, पुलकित, एड प्रभात कुमार, विजय वर्मा, राजीव सिंह, इमरान अहमद, केके शुक्ला, सतीश श्रीवास्तव, उदयवीर सिंह, जय प्रकाश, एड कुलदीप आदि लोग मौजूर रहे।

पुलिस ने शातिर चोर को किया गिरफ्तार

रामसनेहीघाट बाराबकी(स्पष्ट आवाज)।स्थानीय पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की तीन पहिया वाहन तमंचा व कारतूस बरामद किया है । पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। थाना रामसनेहीघाट पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त गोविन्द रैदास पुत्र बुधई रैदास निवासी ग्राम डयोढी डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को सनाकापुर मोड़ ग्राम कोटवा सड़क के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी का 01 अदद तीन पहिया वाहन क्क 13 ष्ट्ठ 2602 (कूटरचित नम्बर प्लेट), 01 अदद अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद कर थाना रामसनेहीघाट पर मुकदमा पंजीकृत कर दिया गया है। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि अभियुक्त गोविन्द रैदास अपने एक अन्य साथी शकील पुत्र रउफ निवासी डयोढी डीह थाना तम्बौर जनपद सीतापुर के साथ मिलकर दिनांक 12.01.2024 को पंचायत घर कोटवा सड़क के पास से एक मोटर साइकिल क्क41 क्क9116 को चोरी करने के बाद उसको जंगल में छिपा दिया था जो दिनांक 20.01.2024 को लावारिस हालत में बरामद की जा चुकी है।अभियुक्त द्वारा बरामद तीन पहिया वाहन की वास्तविक नम्बर प्लेट बदलकर कूटरचित नम्बर प्लेट प्रयोग की गई थी। अभियुक्त गोविन्द रैदास के अन्य साथी शकील उपरोक्त की तलाश की जा रही है। कोतवाली निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी एस आई शशिकांत सिंह पुलिस जवान धर्मेन्द्र मौर्या सत्यम सिंह प्रियंत कुमार श्रवण सिंह मौजूद थे।

चेयरमैन ने दिलाया विकसित भारत बनाने का संकल्प

गोला गोकर्णनाथ खीरी।त्रिलोक गिरि मंदिर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा एल ई डी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लाइव सुना गया तथा मुख्य अतिथि अशोक सक्सेना ने मोदी योगी सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने सभी को 2047 तक देश को विकसित बनाने के लिए शपथ दिलाई तथा लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।इस अवसर पर वरिष्ठ नेता अशोक सक्सेना, मोहित कनौजिया सभासद, धर्मेन्द्र तिवारी टीटू सभासद, एस आई संदीप वर्मा, अमित श्रीवास्तव, मोहित अवस्थी, मोहित गिरि, ज्ञानू तिवारी ,रजत गुप्ता, विमलेश वर्मा,गीता विश्वकर्मा, सीमा सक्सेना, रेखा मिश्रा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धीरज बाजपेयी ने किया।

बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। सोमवार को इंद्राणी देवी नन्हे प्रसाद यादव इंटर कालेज, सोमैया नगर में भारतीय स्टेट बैंक के तत्वाधान में बालिका स्वास्थ्य, मासिक धर्म एवम सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बैंक अधिकारियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एस बी आई की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती अनामिका सिंह जी , शाखा प्रबन्धक श्रीमती शालू श्रीवास्तव जी एवम सहायक प्रबंधक श्रीमती शिल्पिका बिष्ट जी उपस्थित रहीं। बैंक अधिकारियों ने बालिकाओं को जागरूक किया एवम सेनेटरी पैड्स वितरित किए। श्रीमती पारूल यादव प्रबंधक, श्रीमती शोभना प्रकाश कोषाध्यक्ष ने भी बालिकाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय प्रताप सिंह पूर्व संसद सदस्य एवम वरिष्ठ कवि, श्री कृष्ण कुमार यादव अध्यक्ष, श्री आदित्य प्रकाश पूर्व अधीक्षण अभियंता उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्री विजय कुमार यादव ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया एवम आभार व्यक्त किया।

बालिका स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। सोमवार को इंद्राणी देवी नन्हे प्रसाद यादव इंटर कालेज, सोमैया नगर में भारतीय स्टेट बैंक के तत्वाधान में बालिका स्वास्थ्य, मासिक धर्म एवम सुरक्षा पर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बैंक अधिकारियों द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एस बी आई की क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीमती अनामिका सिंह जी , शाखा प्रबन्धक श्रीमती शालू श्रीवास्तव जी एवम सहायक प्रबंधक श्रीमती शिल्पिका बिष्ट जी उपस्थित रहीं। बैंक अधिकारियों ने बालिकाओं को जागरूक किया एवम सेनेटरी पैड्स वितरित किए। श्रीमती पारूल यादव प्रबंधक, श्रीमती शोभना प्रकाश कोषाध्यक्ष ने भी बालिकाओं को जागरूक किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उदय प्रताप सिंह पूर्व संसद सदस्य एवम वरिष्ठ कवि, श्री कृष्ण कुमार यादव अध्यक्ष, श्री आदित्य प्रकाश पूर्व अधीक्षण अभियंता उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्री विजय कुमार यादव ने सभी अतिथियों को धन्यवाद दिया एवम आभार व्यक्त किया।

वनरेंज आफिस के बगल भोलेनाथ मन्दिर की स्थापना

रामसनेहीघाट बाराबंकी(स्पष्ट आवाज) । वनरेंज रामसनेहीघाट आफिस के बगल प्रभु भोलेनाथ मन्दिर की स्थापना हुई। जिसमें मुख्य यजमान ऋषभ शर्मा वन रक्षक सपत्नीक ने प्राण-प्रतिष्ठा शिवलिंग की पूजा अर्चना की। पुरोहित ने मंत्रोच्चारण कर विधि विधान से कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया। मौके पर वन क्षेत्र अधिकारी सन्तोष कुमार मिश्र की मौजू

जीबीसी : फिल्म सिटी की छवि देख प्रसन्न हुए मोदी, योगी के प्रयासों को सराहा

- बोनी कपूर ने स्टाल पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को बताई फिल्म सिटी की खूबियां

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के शुभारंभ के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी के काउंटर पर भी वह पहुंचे और वहां उन्होंने पूरे प्रोजेक्ट की जानकारी ली और संतुष्ट होने के बाद मुख्यमंत्री योगी द्वारा किए गए प्रयासों की प्रशंसा भी की। उल्लेखनीय है कि यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) क्षेत्र में प्रदेश की पहली इंटरनेशनल फिल्म सिटी बनने जा रही है। दिग्गज बॉलीवुड डायरेक्टर और प्रोड्यूसर बोनी कपूर और भूटानी ग्रुप मिलकर इसका निर्माण करने जा रहे हैं।

जब प्रधानमंत्री फिल्म सिटी के स्टाल पर पहुंचे तो खुद बोनी कपूर ने उन्हें फिल्म सिटी की खासियत के विषय में पूरी जानकारी दी। प्रधानमंत्री मोदी इस स्टाल पर 3 से 4 मिनट तक रहे। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी भी मौजूद थे।

फिल्म मेकर्स को मिलें वर्ल्ड क्लास सुविधाएं

बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनिंदा स्टाल पर ही समय दिया। इस दौरान वो फिल्म सिटी के स्टाल पर भी आए, जहां उन्हें बोनी कपूर ने फिल्म सिटी के हर पहलू के विषय में जानकारी। बोनी कपूर ने बताया कि उन्होंने दुनिया भर की फिल्म सिटी का अध्ययन कर यूपी में नई फिल्म सिटी के कॉन्सेप्ट को तैयार किया है। यह फिल्म सिटी ऐसी होगी जहां फिल्ममेकर्स सिर्फ अपना आइडिया लेकर आएंगे और पूरी फिल्म बनाकर यहां से जाएंगे। बाकी सभी संसाधन उन्हें फिल्म सिटी में ही मिल जाएंगे। इस फिल्म सिटी में प्रदेश और देश ही नहीं बल्कि विदेशी लोकेशंस के भी सेट लगाए जाएंगे। पीएम मोदी इन जानकारियों से प्रसन्न नजर आए। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी को ऐसा प्रोजेक्ट यूपी में लाने के लिए बधाई दी।

उन्होंने उम्मीद जताई की जैसा बताया जा रहा है, फिल्म सिटी बनने के बाद यह उससे भी बेहतर होगी और यहां आने वालों को वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेंगी। इस दौरान बोनी कपूर के प्रेजेंटेशन से योगी भी खुश नजर आए। उन्होंने भी प्रधानमंत्री मोदी को फिल्म सिटी के बारे में ब्रीफ किया।

भविष्य के प्रोजेक्ट की दिख रही झलक

राजीव अरोड़ा ने बताया कि जीबीसी के लिए बनाए गए फिल्म सिटी के स्टॉल में हमने फिल्म सिटी की खूबियों को दिखाने का प्रयास किया है। फिल्म सिटी में हम थीम पार्क, एम्यूजमेंट पार्क, स्टूडियोज, गोल्फ क्लब, प्रमुख मंदिर समेत कई तरह के पर्मानेंट सेट लगाने जा रहे हैं, जिसकी प्रतिकृति इस स्टॉल पर देखने को मिलेगी।

कर्व स्क्रीन के माध्यम से भविष्य में फिल्म सिटी कैसी होगी इसकी अनुभूति की जा सकती है। अयोध्या में निर्मित भव्य राम मंदिर, उत्तराखंड के चार धामों में शामिल केदारनाथ धाम समेत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ स्टेटवाइज प्रमुख लोकेशंस के सेट भी इसका हिस्सा होंगे। फिल्म सिटी में लंदन, कनाडा, स्विट्जरलैंड जैसी प्राइम लोकेशंस के भी सेट्स होंगे, जबकि फाइव स्टार होटल, फाउंटेन और अन्य बहुत सारी चीजों का समावेश होगा। यहां एक साथ 30 से अधिक फिल्मों की शूटिंग संभव हो सकेगी।

22 जिलों में खुलेंगी डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ओब्डू ग्रुप की सहायक कंपनी ओब्डू डिजिटल हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड ने सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के जरिये उत्तर प्रदेश में डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक की पूरी परियोजना को धरातल पर उतारने की घोषणा की। इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिग सेरेमनी में हिस्सा लेने पहुंचे कम्पनी के सीईओ संजय कुमार ने बताया कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित बुलन्दशहर, प्रयागराज, फतेहपुर, गोण्डा, बहराइच, कन्नौज, कानपुर, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली, मिर्जापुर, गाजीपुर, वाराणसी, शाहजहांपुर, बांदा, हमीरपुर, प्रतापगढ़, भदोई, कौशाम्बी, चित्रकूट और गोरखपुर में धरातल पर उतारी जा रही है और जल्द ही यह परियोजना प्रदेश के प्रत्येक जिले में शुरू कर दी जायेगी। श्री कुमार ने बताया कि पूरी परियोजना के क्रियान्वयन में लगभग दस हजार करोड़ का निवेश किया जा रहा है और परियोजना के माध्यम से राज्य के एक लाख नब्बे हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक टेलीमेडिशन सिद्धांत पर कार्य करनेवाला भारत का पहली परियोजना है जो गांव और सुदूर क्षेत्र में मरीजों की स्वास्थ्य देखभाल के लिए टेलीमेडिशनके साथ-साथ एक स्वास्थ्य से संबंधित कर्मचारीकी उपस्थिति में ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए धरातल पर उतरा है। उन्होने बताया कि नई पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए उच्च तकनीक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकी का उपयोग ग्रामीण तथा सुदूर क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त करना तथा अशिक्षित (झोलाछाप) डॉक्टर की लापरवाही से इलाज के दौरान होने वाली मृत्यु दर को कम करना डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक का उद्देश्य है। प्रदेश सरकार तथा ओब्डू ग्रुप के इस समझौता ज्ञापन के प्रथम चरणमें 350 करोड़ का निवेश के लिए एमओयू किया गया था। जिसकी धरातल पर मांग और सफलता को देखते हुये एमओयू की राशि को बढाकर 3,350 करोड़ कर दिया गया है कुमार ने बताया कि परियोजना के माध्यम से प्रदेश में 10 हजार करोड़ से अधिक का निवेश होगा जिससे एक लाख नब्बे हज़ार रोजगार के अवसर पैदा होंगे। डिजिटल डॉक्टर क्लीनिक में ग्रामीण अपनी ही ग्राम पंचायत में एमबीबीएस. डॉक्टर द्वारा इलाज़ करा सकेंगे।

पुलिस भर्ती परीक्षा में नक़ल करता अभ्यर्थी पकड़ा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को आयोजित यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरी पाली में पर्ची से नक़ल कर ओएमआर सीट भर्ता एक अभ्यर्थी पकड़ा गया जिसके मोबाईल नंबर पर उसके साथी ने व्हाट्सअप जरिये सभी प्रश्नो के उत्तर भेजे थे। पुलिस ने अभ्यर्थी एवं उसके साथी के खिलाफ सार्वजानिक परीक्षा अधिनियम एवं आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाई में जुटी है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने बताया कि रविवार को थाना क्षेत्र के अलीनगर सुनहरा में स्थित सिटी माडर्न एकेडमी स्कूल में पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित थी परीक्षा के दूसरी पाली में परीक्षा केंद्र पर मोहनलालगंज निरीक्षक रामबाबू सिंह समेत जूनियर इन्जीनियर सिंचाई विभाग लखनऊ स्टेटिक मजिस्ट्रेट अम्बरीश कुमार वर्मा व जूनियर इंजीनियर लोक निर्माण विभाग लखनऊ स्टेटिक मजिस्ट्रेट सौरभ यादव एंव केंद्र व्यवस्थापक प्रियंका सोनी डियूटी पर मौजूद थी। शाम करीब 4.55 बजे कक्ष संख्या 24 निरीक्षक वन्दना कनौजिया व विश्वनाथ सिंह ने सूचना दिया कि परीक्षार्थी सत्य अमन कुमार रोल नं 7761894 अवैध साधन पर्ची से नकल कर ओएमआर सीट भरता हुआ पाया गया। इस सूचना पर जब परीक्षार्थी का तलाशी लिया गया तो उसके पास से विभिन्न सवालो की पर्चियां बरामद हुई।

देश के उत्थान में व्यापारियों का योगदान सराहनीय : दया शंकर सिंह

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। देश के उत्थान में हमेशा व्यापारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है, चाहे आजादी की लड़ाई हो या राम जन्म भूमि पर मंदिर के निर्माण की बात हो, दोनो ही जगह व्यापारियों का योगदान सराहनीय रहा है। यह बात सोमवार को रविन्द्रालय प्रेक्षागृह में परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की व्यापारी रैली में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होने कहा कि इस देश के उत्थान में व्यापारियों का अप्रतिम योगदान रहा है, उनके कारण ही मंदिर का निर्माण संभव हो पाया है। उन्होंने व्यापारियों की मांगों को न्यायोचित बताते हुए मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। समारोह में विशिष्ट अतिथि व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने व्यापारियों की मांगों से सहमति जताते हुए कहा कि सरकार में व्यापारियों का हित सुरक्षित है। पहले भ्रष्टाचार से व्यापारी पीड़ित थे, आज सुरक्षित माहौल में व्यापार कर रहे हैं। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता ने कहा बड़ी संख्या में व्यापारियों की कर्जदारी का मामला उठाते हुए कहाकि इस समय सरकारी और प्राइवेट माध्यम से क्रेडिट कार्ड और पर्सनल लोन काफी संख्या में बांटे जा रहे हैं, इस पर सख्ती से अंकुश लगाने की जरुरत है क्योंकि इसके जाल में फंसकर व्यापारी आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं। इस अवसर पर उन्होंने दया शंकर सिंह और कपिल देव अग्रवाल को एक सुझाव पत्र सौंपा, जिसमें जीएसटी का स्लैब कम करने, जीएसटी अदा करने वाले व्यापारियों को जब वे साठ वर्ष से ऊपर या काम करने में अशक्त हो जाएं पेंशन देने ,जी एस टी का सरलीकरण करने, विधान परिषद और राज्य सभा में व्यापारियों को नामित करने प्रदेश के निगमों में व्यापारियों को नामित करने, दो लाख तक के ऋ ण माफ करने, ऑनलाइन बिजनेस पर रोक लगाने, व्यापारियों के लिए दैवीय आपदा कोष बनाने की मांग की गई है। इस अवसर पर महेश गोयल, ओंकारनाथ केशरी, जगत नारायण, रितेश अग्रवाल, शिवम विश्नोई, मनीष अग्रवाल, गोविंद बाबू टाटा, अश्विनी गुप्ता, अनीता अग्रवाल और कुसुम केशरवानी सहित यूपी के सभी जिलों से आये व्यापारी उपस्थित थे।

श्रीराम मंदिर अंकित पट्टिका पहना कर योगी ने किया मोदी का स्वागत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी (जीबीसी 4.0) में दस लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शुभारंभ करने लखनऊ पहुंचे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम मंदिर अंकित पट्टिका पहना कर किया। संभल में कल्कि धाम में आयोजित समारोह में भाग लेने के बाद लखनऊ के अमौसी हवाई अड्डा पहुंचे श्री मोदी का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया और उन्हे भगवा रंग की श्रीराम मंदिर अंकित पट्टिका पहनाई। यह देख कर श्री मोदी के चेहरे पर मुस्कराहट फैल गयी और उन्होने प्रसन्न मन से श्री योगी से पट्टिका का एक छोर हाथ में लेते हुये कुछ बातचीत की।

संक्षिप्त आवाज़

राहुल गांधी की सभा आज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। जननायक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 20 फरवरी को लखनऊ में निगोहा टोल रायबरेली रोड़ से प्रारंभ होकर मदाखेड़ा मंदिर, मोहनलाल गंज, कल्ली बाजार, कालिंदी पार्क मोड़ उतरठिया, तेली बाग (शनि मंदिर) होते हुए केकेसी चारबाग (नियर रेलवे स्टेडियम चारबाग) समय अपरान्ह लगभग 2:30 बजे पहुंचकर चारबाग (नत्था होटल मोड़) होते हुए नाका चौराहा, दुगावा, रकाबगंज चौराहा, राजाबाजार, मेडिकल कॉलेज चौराहा, चरक चौराहा, चौक चौराहा होते हुए घन्टाघर पर 5 बजे यात्रा पहुंचेगी जहां पर राहुल गांधी जनसभा को संबोधित करेंगे।

कोर्ट के आदेश पर वारंटी गिरफ्तार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एनआईएक्ट के वारंटी को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिवशंकर महादेवन ने बताया कि सोमवार को कोर्ट के आदेश पर एक एनआईएक्ट के एनबीडब्लू वारंटी को मुखबिर की सूचना पर उसके घर से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना परिचय शक्तिराज उर्फ जीतू पुत्र स्व हरिकिशन गोपाल आई 23 जे बडा बरहा रेलवे कॉलनी आलमबाग लखनऊ निवासी के रूप में दिया है। पुलिस के अनुसार पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना चौक लखनऊ से एनआईएक्ट की कार्रवाई की गई थी। जिसके खिलाफ कोर्ट से एनबीडब्लू वारंट जारी किया गया था। आरोपित को दर्ज मुकदमे के तहत कारवाई कर जेल भेज दिया गया है।

एलपीएस राजाजीपुरम में स्वास्थ्य शिविर

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ पब्लिक कॉलेज ए-ब्लॉक राजाजीपुरम शाखा में संस्थापक महाप्रबंधक डॉ. एसपी सिंह के दिशा-निर्देशन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए कर्मचारी राज्य बीमा निगम अलीगंज की शाखा प्रबंधक कोमल जैन ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत आने वाले हित लाभों के बारे में जानकारी दी। तदुपरांत कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय के डॉ.सी.पी. पाल एवं उनकी टीम द्वारा ए-ब्लॉक व बी- ब्लॉक के कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं उन्हें आवश्यक परामर्ष दिया गया। इस अवसर पर एनबी सिंह, प्रधानाचार्या भारती गोसाई, ऑफिस सुपरिटेंडेंट अजय पाल सिंह, चीफ अकाउंटेंट राजकुमार वर्मा, सूर्यांश एवं सभी कर्मचारी गण उपस्थित थे।

राजकीय पॉलीटेक्निक का मंत्री ने किया औचक निरीक्षण

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के प्राविधिक शिक्षा मंत्री आशीष पटेल ने सोमवार को राजकीय पॉलीटेक्निक का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजकीय पॉलीटेक्निक में कार्यरत कार्मिक समय से आ रहे है या नही। इसका फ ीडबैक लेने हेतु उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानाचार्य को निर्देशित किया कि सभी कार्मिक संस्थान में समय से आकर अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें। साथ ही संस्थान में साफ.सफ ाई का विशेष ध्यान देने को भी कहा। प्राविधिक शिक्षा मंत्री ने राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रयोगशालाओं का निरीक्षण किया उन्होंने निरीक्षण के दौरान प्रधानाचार्य को प्रयोगशालाओं को बेहतर सुविधाओं से लैस करने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने भवन के मरम्मत को भी कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संस्थान में पढने वाले छात्र-छात्राओं के सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाय तथा उन्हें शत-प्रतिशत प्लेसमेंट दिलवाया जाय। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य संस्कृति में बदलाव कर शैक्षिणक वातारण को बेहतर बनाया जाय तथा समय से शैक्षणिक कार्य एवं अन्य गतिविधियां भी संचालित की जाय।

पीएम मोदी ने यूपी के विकास के रोडमैप की जानकारी ली

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां लगी प्रदर्शनियों के साथ प्रदेश के विकास के रोडमैप की जानकारी ली। प्रदर्शनियों का अवलोकन के दौरान प्रधानमंत्री ने ऑल्ट स्वानटेक्स के टेक्सटाइल्स पवेलियन में जाकर ऐपरल व लेदर टेक्निक्स से संबंधित स्लाइड्स देखी और चमड़ा व वस्त्र उद्योग क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। ईटीएच एआई सेंटर में देश व उत्तर प्रदेश में एआई के बढ़ते परिदृश्य के बारे में जानकारी ली। एआई के बड़े हब के रूप में उत्तर प्रदेश विकसित हो रहा है। ऐसे में लखनऊ में भी एआई सिटी की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदर्शनी में रोबोटिक्स सेक्शन के स्टॉल भी लगे थेए जिसमें अडवांस इंडस्ट्रियल रोबोटिक्स आर्म तथा ड्राइड रोबोट की जानकारी लेने आमजन भी पहुंचे।

डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका का हुआ प्रदर्शन

डिफेंस सेक्टर से संबंधित लगे पवेलियन में भी मोदी ने जानकारी ली। यहां पर डिफेंस उपकरणों की रिप्लिका आदि को भी प्रदर्शित किया गया था। डिफेंस सेक्टर का मुख्य आकर्षण एडवांस बुलेट प्रूफ मिलिट्री व्हीकल रहा, जिसके वर्किंग प्रोटोटाइप को प्रदर्शनी में शोकेस किया गया था। पर्यटन, स्वच्छ ऊर्जा आदि के बारे में उत्तर प्रदेश के बढ़ते कदम की जानकारी ली। श्रीराम मंदिर के थ्री डी रिप्लिका मॉडल और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के प्रवेश द्वार की प्रतिकृति आदि की आमजन ने भी तारीफ की। यूपी में हुए मोटो जीपी रेस में लगी पांच सुपर बाइक्स को भी प्रदर्शित किया गया था। जिसमें डुकाटी, ड्यूक, यामाहा, केटीएम आदि की सुपर बाइकें शामिल थीं।

एआई डेवलपमेंटर सेंटर स्थापित करेगा एचसीएल

एचसीएल सॉफ्टवेयर नोएडा के बिजनेस स्ट्रेटजी लीड मोहित शर्मा ने बताया कि यूपी सरकार लखनऊ व नोएडा में एआई डवलपमेंट सेंटर बनाएगी। यूपी के ग्रेनो के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में इसे बनाया जाएगा। कंपनी एआई सॉल्यूशन देगी। साथ ही एआई के जरिए कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के प्रयोग के बारे में जागरूकता विकसित करेगी। शर्मा ने बताया कि यहां टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन बनाएंगे। एआई स्किलिंग प्रोग्राम ड्राइव करेंगे। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों को भी एआई ट्रेनिंग देंगे।

राज्यपाल ने शाकभाजी के प्रतिभागियों को किया सम्मानित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में आयोजित तीन दिवसीय 55वीं प्रादेशिक फ ल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी 2024 में सोमवार को प्रदर्शनी के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस प्रदर्शनी में राजभवन, मुख्यमंत्री आवास, उच्च न्यायालय लखनऊ, पीएसी, कारागार,सेना, सीमैप, रेलवे, आईआरआईटीएम, आवास एवं विकास परिषद, नगर निगम, लखनऊ विकास प्राधिकरण, मण्डी परिषद, टाटा मोटर्स, बीबीडी, आदि संस्थाओं के द्वारा मुख्य रूप से प्रतिभाग किया गया। इसके अतिरिक्त महिलाओं बच्चों एवं मालियों के लिए विभिन्न वर्गों में प्रतिभागिता आयोजित की गई। प्रादेशिक फ ल शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी में वर्टिकल गार्डन वास्तविक फू लों से बनी श्री राम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की सम्पूर्ण झलक तथा अन्य विभिन्न आकृतियां इस प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहीं। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक प्रतिभाग करने वाले बच्चे किसानों व अन्य प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदर्शनी दौरान कृषक व अन्य प्रतिभागी काफ ी उत्साहित थे और इस प्रकार की प्रदर्शनी को देखकर अन्य लोग प्रेरणा पाते हैं व गांव में इस प्रकार के अभिनव प्रयोग कर आगे बढने का प्रयास करते हैं। कहा कि ऑर्गेनिक उत्पाद की तरफ जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑर्गेनिक उत्पाद के विक्रय की उचित व्यवस्था उत्पादों के विक्रय हेतु स्थल मिलना चाहिए जहां स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आसानी से अपने उत्पादों का विक्रय कर सके। इस अवसर पर उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि प्रत्येक वर्ष राजभवन में आयोजित पुष्प प्रदर्शनी में विभिन्न प्रतिभागी हिस्सा लेकर यहां के संदेश को दूर-दूर तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक फसलों का उत्पादन, मूल्य संवर्धन व वैश्विक बाजार तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। घरेलू बाजार तक सीमित औद्योगिक उत्पाद आज वैश्विक बाजारों तक पहुंच चुका है। उन्होंने कहा कि किसानों द्वारा औद्योगिक फसलों के उत्पादन से राज्य की आर्थिक स्थिति मजबूत हो रही है तथा अन्य किसानों को कृषि व्यवसाय हेतु प्रेरित कर रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि तेजी से अर्थव्यवस्था के विकास में कृषकों का योगदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विविध प्रकार के तकनीकों के इस्तेमाल द्वारा कृषि से किसानों की आय का साधन बढ़ता है।

पांचवी अर्थव्यवस्था में किसान कहां है : अखिलेश यादव

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सोमवार को वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं विचारक आचार्य नरेन्द्र देव की पुण्यतिथि पर मोती महल लखनऊ स्थित उनकी समाधिस्थल पर जाकर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अखिलेश ने कहा कि आचार्य नरेन्द्र देव ने समाजवादी विचार को आगे बढ़ाया, नई दिशा देने का काम किया। समाजवादियों को उनके जीवन से बहुत कुछ सीखना है। उन्हें याद करके संकल्प लेते है। देश-समाज की जो भी समस्याएं है उनका हल समाजवादी विचारधारा से निकल सकता है। आचार्य जी के सिद्धांत हमारा मार्गदर्शन करते हैं। समाजवादी पार्टी आचार्य जी के विचारों की पार्टी है। उनके बताए रास्ते पर चलती है। इस अवसर पर श्री यादव ने कहा कि भारत की पांचवी अर्थव्यवस्था का दावा किया जा रहा है पर इसमें भारतीय किसान कहां है? नौजवान की नौकरी, रोजगार कहां? जिस विकसित भारत का सपना दिखाया जा रहा है उसका रोडमैप अब तक सामने क्यों नहीं रखा गया है? उन्होने कहा कि दावा तो यह भी किया है कि देश तीसरी अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। यह सपना कितना व्यावहारिक होगा? केन्द्र में 5 ट्रिलियन और यूपी में एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के दावों का आधार क्या है? सरकार यह क्यों नहीं बताती कि एक ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने के लिए प्रदेश की विकास दर कितनी होनी चाहिए। भाजपा की डबल इंजन की सरकार में यूपी विकास के मामले में पिछड़ गया है। भाजपा की सरकार में उत्तर प्रदेश में अभी तक कोई बड़ा उद्योग या कोई कम्पनी नहीं लगी। प्रदेश में आज जो कुछ भी विकास दिख रहा है वह सब समाजवादी सरकार की देन है। भाजपा की गलत नीतियों के चलते सामाजिक-आर्थिक गैर बराबरी बढ़ी है। गरीब और गरीब हो रहा है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को तबाह कर दिया है। हालत यह है कि देश की 80 करोड़ जनसंख्या सरकारी राशन पर निर्भर है। महंगाई, बेरोजगारी से आम जनता का जीवन त्रस्त है। देश की सम्पत्ति के बड़े हिस्से पर कुछ पूंजीपतियों का कब्जा है। पूंजीपतियों की सम्पत्ति अंधाधुंध बढ़ रही है जबकि गरीब की हालत बिगड़ती जा रही है। किसान कर्जदार हो रहा है तो व्यापारी उत्पीड़न के शिकार हैं। भाजपा सरकार के दस साल में देश में गरीबी और आर्थिक तंगी से एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं।

प्रेस हीट होने से लगी आग घरेलू सामान जला

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल में एक मकान में प्रेस हीट होने से सोमवार दोपहर सोफे में आग लग गई। अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। स्थानीय लोगों ने कन्ट्रोल नम्बर पर सूचना देने के साथ आग बुझाने का प्रयास किया। आग की जानकारी होने पर आनन फानन में पहुंचे बंगला बाजार चौकी इंचार्ज दीपक सिहं ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। वही सूचना पर आलमबाग फायर स्टेशन से पहुंची दमकल की एक गाड़ी को बैरंग जाना पडा। लेकिन इस आग लगने के दौरान कोई हताहत नहीं हुआ है। वही आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर एल में रहने वाली भवन स्वामिनी सुमन सिंह पत्नी स्व राम सिंह ने बताया कि उनकी तीन बेटियां नीलम, शिल्पी, पिंकी सहित एक बेटा शुभम सिंह है। बेटा शुभम व बेटी शिल्पी प्राइवेट नौकरी करते हैं। पति का देहांत हो चुका है वह सेना में थे उनका देहांत हो चुका है। वही पीडिता सुमन सिंह के अनुसार वह सोमवार दोपहर अपने घर के पीछे कमरे में प्रेस कर रही थी।

विभिन्न मदों के लिए राज्य विश्वविद्यालयों को मिले 740 करोड़

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत अनुदान प्राप्त करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित किये गये राज्य विश्वविद्यालयों के प्रस्तावों में से पूरे देश में से उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों को लगभग 740 करोड़ रुपये का अनुदान विभिन्न मदों में जारी किया गया है। अनुदान के लिए स्वीकृत धनराशि का उपभोग विश्वविद्यालयों में शोध की गुणवत्ता को बढ़ाने तथा जर्जर हो चुके पुराने भवनों के रिनोवेशन में किया जायेगा। इससे राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ अनुसंधान एवं नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। जिसका लाभ विश्वविद्यालय तथा उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों को भी होगा। प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत प्रदेश के नैक में उच्चतम ग्रेड प्राप्त करने वाले 06 विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 100 करोड़ रुपये की धनराशि का अनुदान प्रदान किया गया है। जो कि एक रिकॉर्ड है। जबकि 04 विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 20 करोड़ रुपयेए 02 विश्वविद्यालयों में प्रत्येक को 19 करोड़ 99 लाख 99 हजार रुपये तथा 01.01 विश्वविद्यालय को क्रमशः 13 करोड़ 38 लाख 90 हजारए 06 करोड़ 53 लाख 11 हजार 262 रुपये की धनराशि प्रदान की गयी है। इस अवसर पर राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को बधाई देते हुए कहा कि अनुदान से प्राप्त धनराशि का उपयोग डिजिटल शिक्षा के तरीकों के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में किया जाएए जिससे राज्य के सामाजिक रूप से वंचित समुदायों के लिए उच्च शिक्षा के अवसर सुनिश्चित हो सके तथा उच्च शिक्षा में महिलाओ अल्पसंख्यकों अनुसूचित जन जाति समुदाय तथा पिछड़ा वर्ग के लोगों को इसका लाभ मिल सके।

भाई-बहन को टक्कर मारने वाले ड्राइवर को हटाया

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। सिपाही भर्ती परीक्षा देने आए भाई बहन की बस दुर्घटना में मौत के बाद परिवहन विभाग ने चालक को संबंधित रूट से हटा दिया है। विभाग ने समय से सूचना नहीं देने के आरोप में यह कार्रवाई की है। इसके अलावा चालक और परिचालक को 24 घंटे के बाद रिपोर्ट देने को कहा गया है। शनिवार को दो भाई - बहन स्कूटी से परीक्षा देने क्रिश्चियन कॉलेज जा रहे थे। स्कूल के पास ही रोडवेज की बस की टक्कर से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया। जहां शनिवार को मौत हो गई। पुलिस बस नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई कर रही है। आयुष (23) और साक्षी (21) स्कूटी से क्रिश्चियन कालेज स्कूटी से पुलिस की परीक्षा देने गई थी। जैसे ही यह लोग स्कूटी से लक्ष्मण मेला मैदान के गेट नंबर दो के पास पहुंचे थे, पीछे से आ रही रोडवेज बस (यूपी 32 एमएन 9181) ने पीछे टक्कर मार दी।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

रिटायर्ड पिता को दो विवाहित बेटियों ने सम्पत्ति के लिए किया प्रताड़ित

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके में रहने वाले डिफेन्स से रिटायर्ड बुजुर्ग पिता ने अपनी ही दो विवाहित बेटियों पर सम्पत्ति के लिए प्रताड़ित करने के साथ उनके बेटे बहु सहित खुद को जान से मारने की धमकी देने की पुलिस से शिकायत की है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दूबे ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित विशेश्वर नगर आलमबाग निवासी विजय बहादुर पुत्र स्व राम दयाल सिंह ने बताया कि वह डिफेन्स से रिटायर्ड होने के साथ वह एक वरिष्ठ नागरिक होने के साथ वह हार्ट पेशेन्ट है और उनका इलाज पीजीआई से चल रहा है। 18 दिसम्बर-22 को उनकी पत्नी कलावती देवी का देहान्त इलाज के दौरान निजी अस्पताल में हो गया था। आरोप है कि उनकी पत्नी कलावती देवी की मौत का कारण उनकी दो पुत्री दुर्गेश नन्दनी है। बीते 11 दिसम्बर 2022 को उनकी पुत्रियों ने जबरजस्ती उनकी सम्पति को अपने नाम करवाने के लिए मुझ पर व मेरी पत्नी स्व कलावती देवी पर दबाव डाल रही थी। लेकिन उन्होंने अपनी सम्पत्ति उनके नाम मनाकर घर के कार्य करने छत पर चला गया और कपडे धो रहा था, समय 2 बजे तभी मेरी पत्नी के कमरे से उनकी पत्नी के चिल्लने की आवाज आयी जब मैं छत से नीचे आया त

संक्षिप्त समाचार

फटकार के बाद ठीक कराई तोड़ी गई बंधी

भरुआ, सुमेरपुर। विगत दिनों स्टेशन मार्ग में नगर पंचायत ने सिंचाई विभाग महोबा की बंधी तोड़कर नाली का निर्माण कराकर रास्ता बना दिया था जबकि उच्च न्यायालय पूर्व में ही बंधी से अतिक्रमण हटाने का आदेश प्रशासन को पारित कर चुका था इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। खबर प्रशासन के बाद सक्रिय हुए सिंचाई विभाग ने मौका मुआयना करके नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी को कड़ी फटकार लगाते हुए बिना अनुमति के बंधी तोड़ देने पर सवाल जवाब किया था। किसी तरह की वैधानिक कार्रवाई से बचने के उद्देश्य से नगर पंचायत में बगैर समय गवांए तोड़ी गई बंधी को पुन: उसी हालत में बनाकर रास्ते को बंद कर दिया है। अब पूर्व की भांति यह रास्ता बंधी के अंदर आकर ही खत्म हो जाएगा। बंधी विभाग के सींचपाल प्रेम बाबू ने बताया कि नगर पंचायत ने विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बंधी को पुन: बना दिया है व भविष्य में बगैर अनुमति के तोड़े न जाने का आश्वासन दिया।

दो दर्जन डग्गामार वाहन हुए सीज

भरुआ, सुमेरपुर। सोमवार को यातायात तिवारी हरवेन्द्र सिंह मुख्यालय से लेकर कस्बे तक डग्गामार वाहनों के खिलाफ सघन अभियान चलाया। यातायात प्रभारी ने मुख्यालय में 12 आटो तथा सुमेरपुर में 10 आटो, एक क्रूजर, एक ओमनी को सीज करके फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी में खड़ा कराया है। यातायात प्रभारी ने बताया कि अवैध ढंग से संचालित डग्गामार वाहनों के खिलाफ उनका यह अभियान चलता रहेगा। किसी भी दशा में अवैध डग्गामार वाहनों को नहीं चलने दिया जाएगा। यातायात प्रभारी के इस कार्यवाही से वाहन चालकों में दिनभर हड़कंप मच गया तमाम चालक कार्यवाही से बचने की गरज से वाहन लेकर घरों को लौट गए।

बीएसए ने आरोपित शिक्षकों पर की कार्रवाई

हमीरपुर। प्रधान व ग्रामीणों द्वारा बच्चों के साथ मारपीट और शिक्षकों द्वारा कार्य न किए जाने से संज्ञानित होकर जिला बीएसए आलोक कुमार ने खंड शिक्षा अधिकारी सरीला से जांच आख्या मांगी थी। संबंधित अध्यापकों के खिलाफ कार्यवाही के लिये ग्रामीणों द्वारा की गई मांग पर खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच आख्या में भी पुष्टि करते हुये शिक्षकों द्वारा अभिभावकों और बच्चो से उचित व्यवहार न करने और एमडीएम में दूध फल का वितरण न करने पर कार्यवाई की संस्तुति की है। जिस पर जिला बीएसए ने इंचार्ज हेड मास्टर आशीष कुमार और सहायक अध्यापक सत्यम तिवारी को निलंबित करते हुए निलंबित अवधि तक आशीष कुमार को उच्च प्राथमिक विद्यालय हरदुआ सरीला और सत्यम तिवारी को उच्च प्राथमिक विद्यालय पतारिया डेरा में शिक्षण कार्य हेतु संबद्ध कर दिया है।

अधिकारियों की चौखटों में घूम रहा नेत्रहीन

भरुआ, सुमेरपुर। सोमवार को दोपहर में विकासखंड कार्यालय आए देवगांव निवासी नेत्रहीन कामता प्रसाद पाल पुत्र सुखलाल पाल ने बताया कि वह जन्मांध है। बताया कि उसको आज तक किसी भी तरह की सरकारी योजना का लाभ नहीं मिला है। कहा कि गांव के सभी गरीबों को पीएम आवास, शौचालय आदि योजनाओं का लाभ दिया गया है। लेकिन उसको अभी तक किसी योजना का लाभ नहीं दिया गया है। सोमवार को वह दिव्यांग आवास के लिए ब्लॉक कार्यालय आया हुआ था। लेकिन खंड विकास अधिकारी के क्षेत्र में जाने के कारण वह कार्यालय प्रांगण में ही बैठकर उनके आने का इंतजार कर रहा था। उधर ग्राम पंचायत अधिकारी ओमप्रकाश प्रजापति ने बताया कि वह तीन माह पूर्व ही इस गांव में आए है। इनका नाम दिव्यांग आवास सूची में शामिल है। शौचालय के लिए आवेदन करें तो उसका भी लाभ दिया जाएगा।

लोकसभा चुनावः गुंडा एक्ट की तैयारी

हमीरपुर। पुलिस सूत्रों से मिली खबर के अनुसार जिले के सभी थानों से करीब 50 लोगों को चिन्हित करके गुंडा एक्ट लगाने की तैयारी करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी गई है। उच्च अधिकारियों की अनुमति के बाद इन चिन्हित किए गए अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उधर पुलिस महकमा उन लोगों को भी चिन्हित कर रहा है जिन्होंने लोकसभा चुनाव 2019 तथा विधानसभा चुनाव 2022 के दौरान झगड़ा फसाद किया है। ऐसे सभी लोगों को पुलिस चिन्हित करके निरोधात्मक कार्यवाही करने की तैयारी में है। इसके साथ पुलिस राजनैतिक दलों से जुड़े पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को भी चिन्हित करके पाबंद करने की तैयारी कर रही है ताकि चुनाव में व्यवधान उत्पन्न न हो सके।

हत्या के प्रयास में पांच साल की सजा

कानुपर। गुजैनी जी ब्लॉक निवासी अशोक कुमार तिवारी के बेटे नितिन तिवारी की बिजली की दुकान थी। 11 जून 2006 को दुकान में नितिन बैठा था, तभी मोहल्ले में ही रहने वाला विनोद अपने एक साथी के साथ दुकान गया था। जहां नितिन से बल्ब खरीदने के बाद मोटर खुलवाने की बात ले गया था। सेन गांव स्थित नहर के पास पास पहुंचने पर नितिन ने जानकारी की तो विनोद ने साथी के साथ मिलकर गले में रस्सी बांध कर उसकी जमकर पिटाई की और मरा समझ कर नहर में फेंक कर फरार हो गए थे। काफी देर बाद होश आने पर नितिन ने गांव के प्रधान को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने बिधनू थाने में मूलरुप से कल्याणीपुरवा, बिधनू निवासी विनोद व उसके साथी के खिलाफ हत्या के प्रयास की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला अपर सत्र न्यायाधीश 14 दीपाली सिंह की कोर्ट में विचाराधीन था। मामले में पीड़ित समेत, उसके पिता समेत छह लोगों ने विनोद के खिलाफ कोर्ट में बयान दर्ज कराए थे। कोर्ट ने मामले में विनोद को दोषी पाते हुए पांच साल से कारावास व 20 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

वैन सीज, बच्चों को भेजा घर

कानपुर। कमिश्नरेट यातायात पुलिस द्वारा चलाये गए अभियान के अंतर्गत दिनांक 19/2/2024 स्कूली वाहनों की निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रपत्रों की जांच के दौरान नमक फैक्ट्री चौराहा से गलत दिशा से स्कूली वैन आ रही थी जिसको यातायात पुलिस द्वारा रोक कर चेक किया गया तो पाया कि उक्त वैन की फिटनेस 2021 को समाप्त हो गई थी उक्त वैन स्प्रिंग डेल्स स्कूल की थी। वैन में बैठे बच्चों को सकुशल सुपुर्द किया गया तथा दूसरी वैन द्वारा उनके घर जाने का प्रबंध किया गया। यातायात नियमों के अनुसार उक्त वाहन को सीज कर ट्रैफिक पुलिस लाइन भेजा गया।

श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजित

कानपुर। भारत अन्तरिक्ष सप्ताह के अंतर्गत डीबीएस कॉलेज, कानपुर में श्री राम अंतरिक्ष वेधशाला उत्सव का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में छात्राओं ने सीता की देश-भूषा धारण कर वृक्षारोपण कियात था छात्रों ने राम मंदिर का मॉडल बनाया एवं राम भक्त के रूप में देश- भूषा धारण कर वृक्षारोपण कर भजन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार मिश्र ने राम को भारतीय राष्ट्र की आत्मा मानते हुए उनके आदर्शों पर चलने की जरूरत जताई। कार्यक्रम का सयोजन डॉ. अनुपम दुबे एवं डॉ. गौतम हाल ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रो. गीता डुडेजा, प्रो. राजीव सिंह, प्रो. अलका सक्सेना, प्रो. मंजू अवस्थी, डॉ. अर्चना शुक्ला, डॉ. अनीता निगम, डॉ. अनीता सिंह, डॉ. प्रत्यूष, डॉ. गौरव सिंह, डॉ. अनुज वर्मा आदि ने सक्रिय भागीदारी की।

थोड़ा गुस्सा और तकरार, सदन में सौगातों की बौछार

जाजमऊ में बनेगा कानपुर का पहला सोलर पार्क, नगर निगम सदन में प्रस्ताव पास

- बीएन भल्ला अस्पताल बाबूपुरवा में बनेगा ऑडिटोरियम
- 100 करोड़ से स्वरूपनगर में बनेगी महिला मार्केट

आशुतोष मिश्र 'रुद्र'

कानपुर। महीना तो माघ का चल रहा है। लेकिन, सोमवार को नगर निगम सदन में 'फागुनी' नजारा देखने को मिला। मन में भड़ास भरे बैठे पार्षदों को जैसे ही मौका मिला, जमकर बरसे। कभी सपा और भाजपा के पार्षद आपस में उलझे तो कभी भाजपाई ही आपस में नोकझोंक करते दिखे। हालांकि, यह लड़ाई नहीं थी। होरियारे अंदाज में हंसी-ठिठोली खूब चली।

हल्की-फुल्की नोकझोंक के बीच जैसे ही सदन पटल से महापौर प्रमिला पाण्डेय और नगर आयुक्त शिव शरणप्पा जीएन ने पार्षदों के लिए झोली खोली तो समझो होली हो गई। गुस्सा ठंडा और पार्षद कूल-कूल हो गए। लोकसभा चुनाव से पहले हुए इस बार के सदन में तमाम ऐसी घोषणाएं हुईं, जिनसे अपना शहर पूरे प्रदेश में जाना जाएगा। सोलर पार्क, महिला मार्केट और ऑडिटोरियम की घोषणा के साथ-साथ पार्षद कोटे के बकाया कामों को लेकर सदन सभापति ने घोषणा की। करीब दो घन्टे के सदन में अजब-गजब नजारे देखने को मिले।

जाजमऊ में पहला सोलर पार्क...

का पहला सोलर पार्क जाजमऊ में बनाया जाएगा। इसको लेकर नगर निगम सदन में प्रस्ताव रखा गया है। महापौर प्रमिला पांडेय ने बताया कि कानपुर के पहले सोलर पार्क को जाजमऊ में गौशाला के पास 1253 एकड़ जमीन पर स्थापित किया जाएगा। सीवेज फॉर्म की जमीन पर बनने वाले सोलर पार्क से 36 एमएलडी के सीईटीपी के लिए बिजली की समस्या का हल आसानी से निकल आएगा, इसके अलावा स्ट्रीट लाइट्स को भी सोलर पार्क से रोशन करने की तैयारी है, इसके अलावा अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों में साउथ सिटी में ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। पार्षद नवीन पंडित के प्रस्ताव पर एक हजार लोगों की क्षमता का यह ऑडिटोरियम बाबूपुरवा स्थित बीएन भल्ला अस्पताल में बनाया जाएगा। महापौर प्रमिला पांडेय का कहना है कि वीएन भल्ला अस्पताल में आडीटोरियम बनने से साउथ सिटी के लोगों को अब शहर की तरफ आना नहीं पड़ेगा। इसके अलावा स्वरूपनगर में महिला मार्केट के प्रस्ताव को भी सदन से पास कर दिया गया। इस मार्केट को करीब 100 करोड़ की लागत से बनाया जाएगा। पालिका स्टेडियम को विश्वस्तरीय ग्राउंड बनाने के लिए यहां पर फ्लड लाइट्स भी लगाई जाएंगी। हर वार्ड में 14-14 स्ट्रीट लाइट्स भी लगाई जाएंगी।

फोन नहीं उठाते अफसर

सदन में अधिकारियों पर पार्षद के फोन न उठाने के आरोप भी पार्षदों ने लगाए, इस पर नगर आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए पार्षदों की शिकायत सुनने के लिए अपर नगर आयुक्त जगदीश यादव को नोडल अधिकारी के रूप में नियुक्त किया।

नोडल अधिकारी होंगे तैनात

वरिष्ठ पार्षद हाजी सुहैल ने पार्षदों की शिकायत पर कोई ध्यान न देने की बात कही। इस पर नगर आयुक्त शिवशरणप्पा ने अधिकारियों से नाराजगी जताते हुए कहा कि कुछ अधिकारी सीयूजी नंबर भी बंद रखते हैं। उन्होंने अपर नगर आयुक्त को पार्षदों की शिकायत सुनने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

धरा रह गया कंबल और गद्दा

नगर निगम सदन की बैठक में यूं तो हंगामा आम बात है लेकिन सोमवार को एक पार्षद बिस्तर और कंबल लेकर सदन में पहुंच गईं तो सभी अचरज में पड़ गए। इस दौरान नगर निगम अधिकारियों ने पार्षद को समझाया लेकिन वह अपनी जिद पर अड़ी रहीं। दरअसल वार्ड 14 से पार्षद शालू कनौजिया का कहना है कि उनके क्षेत्र की समस्याओं की तरफ नगर निगम अफसर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्ट्रीट लाइट के लिए उन्हें खुद खंभे पर चढ़ना पड़ा था, इसके अलावा विकास कार्य भी अवरूद्ध चल रहे हैं। पार्षद का कहना था कि जब तक उनकी समस्याओं का समाधान नहीं होता है, तब तक वह नगर निगम में डेरा डाले रहेंगी। कई बार नगर निगम अधिकारियों ने उन्हें समझाया लेकिन पार्षद नहीं मानी।

प्रस्ताव सदन से हुए पास

स्वरूप नगर में लगभग 100 करोड़ से महिला मार्केट के निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। पीपीपी मॉडल पर सड़क बनाई जाएगी। परेड मल्टीलेवल कार पार्किंग के बगल में सब्जी और फल मंडी का निर्माण किया जाएगा। पालिका स्टेडियम को विश्व स्तरीय क्रिकेट ग्राउंड बनाने के लिए फ्लड लाइट लगाई जायेगी। बाबूपुरवा स्थित बीएन भल्ला अस्पताल में शहर का सबसे बड़ा 1 हजार लोगों की क्षमता का ऑडिटोरियम बनाया जाएगा। पार्षद कोटे के बाकी 5-5 लाख के कार्य जल्द कराए जाएंगे। 2 करोड़ रुपए से 14-14 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगी।

महापौर के सामने भिड़े

सदन की बैठक में भाजपा पार्षद हरि स्वरूप तिवारी ने बोलने को लेकर महापौर का विरोध किया तो महापौर ने भी नाराजगी जताई, महापौर ने यहां तक कह दिया कि जिसको सदन से जाना है वह चला जाए। वहीं, पूर्व में बिना किसी सूचना के सदन को स्थगित किए जाने पर सपा पार्षद अभिषेक गुप्ता मोनू ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अफसरों ने सदन की कार्यवाही का मजाक बना दिया है।

करप्शन पर 'जीरो टॉलरेंस', दारोगा बर्खास्त

सिपाहियों की सर्विस बुक से छेड़छाड़ पर एडिशनल सीपी की कार्रवाई

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। प्रमोशन के चक्कर में तीन सिपाहियों की सर्विस बुक के पन्ने फाड़ने वाले दारोगा को बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय में तैनात रहे बर्खास्त दारोगा पर आरोप था कि उसने सिपाहियों को लाभ पहुंचाने के लिए ऐसा किया। अपर पुलिस आयुक्त विपिन कुमार मिश्र ने बताया कि दारोगा के खिलाफ चली लंबी जांच में उसे दोषी पाया गया, इसके बाद सब इंस्पेक्टर देवेंद्र मौर्य को बर्खास्त किया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी दरोगा ने तीनों पुलिस कर्मियों की सर्विस बुक के उस पन्ने को गायब कर दिया था, जिसमें प्रतिकूल प्रविष्टि से लेकर सर्विस रिकॉर्ड की पूरी जानकारी होती है। जब दागी तीनों सिपाहियों का नाम प्रमोशन की सूची में पहुंचा तो मामले में जांच बैठी थी। खेल पकड़े जाने पर डीसीपी ने चारों को निलंबित करते हुए कांस्टेबलों पर न्यूनतम वेतनमान की कार्यवाही की, जबकि लिपिक की बर्खास्तगी की संस्तुति कर दी थी। फाइल एडिशनल सीपी के पास पहुंची तो उन्होंने उस पर मुहर लगाते हुए बर्खास्तगी के आदेश जारी कर दिए। बता दें वर्ष 2023 में कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल की प्रमोशन सूची जारी होनी थी। इस सूची में महिला कांस्टेबल प्रतिमा राजपूत, कांस्टेबल अश्वनी बाथम व डिस्पैच विभाग में मुंशी पद पर तैनात कांस्टेबल युगराज के नाम भी शामिल थे। तत्कालीन पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड के संज्ञान में मामला आने के बाद जांच के आदेश जारी किए गए थे।

'भ्रष्ट' ठेकेदार का राज खोलेगा नगर निगम!

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कालपी रोड दर्शन पुरवा में सीवर लाइन और इंटरलॉकिंग के घटिया कार्य पर जांच शुरू हो गई है। ठेकेदार की ओर से घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल करने की शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर की गई थी। इसके बाद नगर निगम ने मामले में निर्माण की जांच शुरू की है।

दर्शनपुरवा निवासी रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि ठेकेदार मानक के विपरीत कार्य कर रहा है। पुराना ईंट लगाया जा रहा है। सीमेंट का पाइप डाला जा रहा है। थर्ड क्वालिटी की इंटरलॉकिंग बिछाई जा रही है। सीवर के पुराने चैंबर की मरम्मत ठेकेदार कर दे रहा है जबकि नया चैंबर बनाया जाना था। सीवर पाइप बिछाने में भी ठेकेदार लापरवाही कर रहा है। बिना बालू व गिट्टी बिछाए ही सीवर लाइन को बिछाया जा रहा है। उन्होंने बताया कुछ कहो तो ठेकेदार काम बंद करने की धमकी देता है। तंग आकर आईजीआरएस पर शिकायत की है। रवि ने नये ठेकेदार से काम कराने की मांग की है। शिकायत के बाद निस्तारण के लिये पीडब्ल्यूडी को मामले की जानकारी दी गई। इसके बाद पीडब्ल्यूडी ने कहा कि यह मेरा काम नहीं है, नगर निगम से संबंधित कार्य है। अब नगर निगम ने अपने स्तर से जांच शुरू की है।

तीसरी शादी के बाद फंसा 'नटवरलाल'

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। दो शादियों की बात छिपा कर धोखेबाज युवक ने केशव नगर निवासी महिला से तीसरी शादी कर ली। आरोप है कि कारोबार करने के नाम पर धोखेबाज ने पीड़िता से दो लाख नकदी समेत जेवरात हड़प लिए। दो बीवियों की जानकारी होने पर विरोध किया तो आरोपी ने मारपीट की। पीड़िता ने रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। रावतपुर केशव नगर निवासी रितु ने बताया कि उनका विवाह मूलरूप से बिहार के सीवान जिला निवासी शंकर चौहान से 2019 में हुई थी। शादी के बाद से वह पति के साथ रावतपुर गांव में रह रही थी। बताया कि शादी के बाद पति ने कारोबार शुरू करने का झांसा देकर उनसे दो लाख नकद, 90 हजार की एफडी व जेवरात ले लिए। 2023 में जानकारी हुई पति ने गुमराह कर उनसे शादी की है। रितु ने जानकारी की तो पता चला कि पति शंकर की दो शादियां पहले से हो चुकी है। पहली पत्नी सीवान व दूसरी दिल्ली की रहने वाली है। आरोप लगाया कि दोनों पत्नियों से उनके दो-दो बच्चे भी हैं। रितु ने बताया कि दो शादियों की जानकारी पर जब उन्होंने विरोध किया तो पति ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़िता ने बताया कि रावतपुर थाने में शिकायत करने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद पीड़िता ने कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर रावतपुर थाने में आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्यवाही होगी।

मिड-डे-मील खाने के बाद उल्टी शुरू, बच्चे भर्ती

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। सरसौल स्टेशन के पास फुफुआर सुई थोक स्थित शंकरानन्द एडेड जूनियर स्कूल में सोमवार को मिड डे मील में रोटी सब्जी और चावल खाने के बाद 15 बच्चों की अचानक तबियत खराब होने लगी। इन बच्चों के पेट के दर्द, उल्टी और जी मिचलाने की शिकायत हुई तो स्कूल प्रबंधन ने एंबुलेंस से सरसौल सीएचसी भिजवाया। जहा बच्चों को प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन कुछ देर बाद सभी को रामादेवी स्थित कांशीराम ट्रामा सेंटर एसएलकेए लिए रेफर कर दिया गया। वहीं इस मामले में विद्यालय प्रबंधन और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसर गुमराह करने में जुटे रहे। जहां विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि एक ही भोजन सभी बच्चो को दिया गया था, जिनमें 15 बच्चों को दिक्कत हुई है। खण्ड शिक्षा अधिकारी कृष्ण कुमार ने बाद स्वास्थ्य विभाग से बात कर जानकारी देने की बात कह अपना पल्ला झाड़ लिया।

लगभग ढाई बजे 15 बच्चो को सीएचसी लाया गया था। सभी को जरूरी प्राथमिक उपचार देने के बाद उनकी हालत देखते हुए कांशीराम अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जहा पर बच्चो का इलाज सुनिश्चित किया गया।

सेवा में सदा अग्रणी एलायन्स क्लबः राजीव शुक्ला

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। एसोसिएशन ऑफ एलायन्स क्लब, इन्टरनेशनल, की वार्षिक अधिवेशन एवं एवार्ड नाइट, प्रमिला सभागार मोतीझील में सम्पन्न हुई एलायन्स क्लब के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर एली राजीव शुक्ल ने बताया कि एलायन्स क्लब सेवा कार्यों में अग्रणी रहा है। वार्षिकोत्सव दिवस पर एलायन्स क्लब द्वारा सर्वप्रथम करगिल पार्क में शहीदों को श्रद्धान्जली प्रदान की गयी। कानुपर नगर की प्रथम नागरिक महापौर प्रमिला पाण्डे, एली पंकज श्रीवास्तव, इन्टरनेशनल प्रेसिडेन्ज, एली आरके सक्सेना इन्टरनेशनल प्रेसिडेन्ट द्वितीय, एली राजीव शुक्ल, डिस्टिक्ट गर्वनर एली पीएस जग्गी, एली किरन शुक्ला, एली प्रो0 राज किशोरी सिंह, एली प्रो0 अंजिता ठाकुर, एली जीएल चान्दवानी व सभी 15 क्लबों के सदस्यों ने शहीदों की याद में रीथ पुष्प मालाएं व मोमबत्ती जलाकर शहीदों को नमन किया। एली पीके सोमानी ने आगन्तुको का स्वागत किया। एली विनोद शुक्ला, एली राजेन्द्र गर्ग, एली अरूण कुमार जय, एली अशोक खण्डेलवाल, एली डीके शर्मा, एली पीएस जग्गी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

कंपोजिट विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

मैनपुरी (स्पष्ट आवाज)। विकासखंड जागीर के कंपोजिट विद्यालय मेदेपुर में वार्षिक उत्सव एवं शिक्षक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कृष्ण कठेरिया ने की मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संतोष यादव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भार मुक्त शिक्षक रूपलाल की गरमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में कक्षा 7 के बच्चों ने अतिथियों एवं कक्षा 8 के बच्चों का तिलक लगाकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने लोकगीत नृत्य एवं होली गीत प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान संतोष यादव ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते है।

विशिष्ट अतिथि रूपलाल ने कहा कि एसे आयोजनो से शिक्षक छात्र संबंध प्रगाढ़ होते है और उनके दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव होता है।

विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सोनू यादव ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित एवं समय से विद्यालय भेजा करें।

कार्यक्रम की समाप्ति पर सभी अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया गया तथा कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार देकर विदाई दी गई। इस मौके पर प्रीति आर्य ओम शंकर वेदवती मीना यादव अनुभव एसएमसी अध्यक्ष सोनी श्रीदेवी तथा अभिभावकगण रहे।

आरएसएस के पदाधिकारियों ने लगाया रक्तदान शिविर

मैनपुरी (स्पष्ट आवाज)। कचहरी रोड स्थित बस स्टैंड के निकट सावित्री धर्मशाला मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने गुरुजी के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सोमवार को बस स्टैंड के निकट सावित्री धर्मशाला मैं बने संघ कार्यालय डॉक्टर हेडगेवार भवन पर परमपूज्य गुरुजी माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर के जन्म दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के पदाधिकारियों ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान कर पुण्य लाभ कमाया। इस मौके पर जिला सहसंचालक ओमेंद्र ने कहा कि संघ के लोगों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी की और अपना रजिस्ट्रेशन कराकर रक्तदान किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान करना एक बहुत ही पुण्य कार्य है हम सभी को समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए जो रक्त हम लोगों द्वारा दान किया जाता है वह किसी न किसी मरीज के काम आता है और इससे उसकी जान भी बचाई जा सकती है इसलिए रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। वही जिला प्रचारक नमन, नगर प्रचारक जगदीश, नगर कार्यवाह राहुल, नगर सेवा प्रमुख नगर आंनद मोहन दुबे आदि लोगों ने अपने-अपने विचार प्रकट किए। इस शिविर में विक्रम सिंह राठौर, हरिओम तिवारी, राहुल वर्मा, आनंद मोहन दुबे, ध्रुव दुबे, अमनदीप सक्सेना, उत्सव दुबे, अभिषेक दुबे, राजेश राजपूत, नितिन अवस्थी, डॉ दीपांशु मिश्रा, अभय कुल 12 लोगो ने रक्तदान किया और 15 लोगो ने पंजीकरण करवाया।

शिवाजी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर किया याद

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। छत्रपति शिवाजी महाराज की 394 वी जयंती के अवसर पर जिले में जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन कर उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण करने के बाद उनको याद किया गया द्य वही नेकपुर स्थित बने शिवाजी संस्थान में लगी शिवाजी की मूर्ति पर जाकर कटियार हॉस्पिटल के प्रबंधक भानु कटियार अमेरिकन किडजी स्कूल के डायरेक्टर रिंकू कटियार बाबा टाईल्स के प्रबंधक सनी कटियार सपा के जिला उपाध्यक्ष व पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सौरव कटियार अधिवक्ता मोनू कटियार व्यापारी विशाल कटियार रानू लंबरदार, अंशुल गंगवार, अपना दल एस के राष्ट्रीय युवा सचिव सुरजीत कटियार, नरजीत कटियार, वाशु कटियार, मोहित कटियार सहित कई लोगों ने पहुंचकर शिवाजी की लगाई गई मूर्ति पर टीन सेट डालने के बाद माल्यार्पण कर उनको याद किया। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष सौरभ कटियार ने कहा कि शिवाजी के साथ जितने भी लोग उनकी सेना में शामिल थे द्यवह सब को बराबर का सम्मान देते थे और सबको साथ लेकर चलने का काम करते थे जिस वजह से उन्होंने एक विशाल सेना खड़ी करी थी जो कभी युद्ध के मैदान में परास्त नहीं हुई। वही अधिवक्ता रिंकू कटियार ने कहा कि शिवाजी की तरह हर किसी को आत्मविश्वास अपना मजबूत रखना चाहिए समय कैसा भी हो एक न एक दिन निकल जाता है जीवन में उतार-चढ़ाव लगे रहते हैं मगर हमें उन उतार-चढ़ाव में डट के खड़े रहना चाहिए जिससे हमको एक न एक दिन कामयाबी हासिल होती है। वही भानु कटियार और विशाल कटियार ने कहा कि शिवाजी की तरह सभी युवाओं को सोच रखनी चाहिए कि कोई भी काम छोटा नहीं होता है छोटी सी शुरुआत से ही हम बड़े कामयाबी हासिल करते हैं। इसीलिए जो भी काम करें पूरा मन लगाकर करें। वहीं सनी कटियार व मोनू कटियार ने कहा कि युवाओं को शिवाजी को समझने की आवश्यकता है यदि उनके बताए हुए मार्ग पर चलें तो असफल नहीं हो सकते।

सफाई कर्मी की मनमानी, ग्रामीण परेशान

उन्नाव (स्पष्ट आवाज)। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ स्वच्छता पर विशेष अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। नगर निगम से लेकर नगर पंचायत तक हर तरफ सफाई अभियान बहुत जोरों से चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग भी अपनी टीम में लगाकर सफाई अभियान के बारे में लोगों को जागरुक कर रहा है लेकिन जनपद उन्नाव में एक ऐसी ग्राम सभा है जहां पर सफाई कर्मी की तानाशाही के चलते ग्राम वासी नरकीय जीवन जी रहे हैं। सिकंदरपुर सरोसी विकासखंड के ग्राम सिकंदरपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि की उदासीनता व सफाई कर्मी की तानाशाही के चलते ग्राम पंचायत की सड़कें व नालिया पूरी तरीके से जाम व चोक है। जिससे सड़कों पर फैला पानी नागरिकों के लिए मुसीबत बना है जिससे कई गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो रही है लगभग 3 महीने से नदारत सफाई कर्मी ग्राम सभा में केवल सिर्फ एक दिन ही अपनी हाजिरी लगाने आते हैं ग्रामीणों में या भी चर्चा है कि सफाई कर्मी सिर्फ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के मोहल्ले की नालियां ही साफ कर वहां से रफू चक्कर हो जाता है जिससे ग्रामीणों में काफी रोष है। कई बार इसकी शिकायत सिकंदरपुर सरोसी विकासखंड में की गई लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी करने की आदत के चलते अभी तक सफाई व्यवस्था जस की तस बनी है।

सूचना

मैं शिवांगी भटनागर मेरा हाईस्कूल परीक्षा प्रमाण पत्र व अंक पत्र अनुक्रमांक 0129695 वर्ष 2013 वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध माना जाये।

शिवांगी भटनागर पुत्री राजेन्द्र कुमार भटनागर
म०न० 40 बागवान मैनपुरी

सूचना

मैं मोहम्मद रियाज खां सूचित करता हूं कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरे पिता का नाम अब्दुल वहीद अंकित हो गया है जबकि मेरे पिता का सही नाम अब्दुल वहीद खां है समस्त अभिलेखों में अब्दुल वहीद खां जाना व पहचाना जाये।

मोहम्मद रियाज खां पुत्र अब्दुल वहीद खां
1/103 गोला कोहना फतेहगढ़ जिला फर्रुखाबाद

प्रगतिशील किसान को राज्यपाल, मुख्यमंत्री ने किया सम्मानित

● अच्छी औद्यानिक खेती करने के मामले में राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र और मुख्यमंत्री ने अंग वस्त्र भेंट किया

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) विकासखंड क्षेत्र के पुरासी गांव के रहने वाले ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गंगासागर पांडे के बड़े भाई विष्णु दत्त पांडेय को अच्छी औद्यानिक खेती करने के मामले में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज भवन लखनऊ में प्रशस्ति पत्र और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री से सम्मान मिलने के बाद किसान विष्णु दत्त पांडे खुशी से अभिभूत हैं। बता दें कि किसान विष्णु दत्त पांडे 6 बीघा जमीन पर कश्मीरी एप्पल बेर और एक बीघा जमीन पर ताइवानी अमरूद की खेती कर रहे हैं। जिससे सालाना उनके द्वारा आठ लाख रुपए से भी अधिक मुनाफा कमाया जा रहा है। किसान विष्णु दत्त पाण्डेय ने बताया कि राज भवन लखनऊ में 17 से 19 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय प्रदर्शनी में उनके द्वारा भी स्टॉल लगाया गया था। अच्छी औद्यानिक खेती करने के मामले में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने प्रशस्ति पत्र और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंग वस्त्र भेंट किया है। उन्होंने अन्य किसानों को भी औद्यानिक खेती करने की सलाह दी।

औद्योगिक विकास में रायबरेली के उद्यमियों का विशेष योगदानः रंजना

● जनपद में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के सजीव प्रसारण कार्यक्रम को जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्यमियों द्वारा बढ़ चढ़कर देखा गया

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सफल आयोजन के उपरान्त सोमवार को ग्राउण्ड ब्रेकिग सेरेमनी ञ्च 4.0 का आयोजन लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा शुभारम्भ किया गया। जिसका जनपद एवं समस्त विधानसभाओं में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम का जनपद स्तर पर अलंकृता रिसार्ट, निकट सेन्ट पीटर्स, स्कूल, रायबरेली में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी के साथ-साथ जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव सहित जनप्रतिनिधियों/अधिकारियों/उद्यमीगणों की उपस्थिति में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। सर्वप्रथम सभी अतिथिगणों द्वारा दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा प्रेस सम्बोधन में बताया गया कि जनपद-रायबरेली में कुल 109 एम0ओ0यू0 आज शिलन्यास हेतु तैयार है, जिसमें निवेश धनराशि 1128.00 करोड़ रुपए है। उद्यमियों/निवेशकों की उद्यम स्थापना से सम्बन्धित समस्याओं का निस्तारण जिला उद्योग बन्धु की बैठक में प्राथमिकता के स्तर पर निस्तारित कराया जाता है, जिससे जनपद-रायबरेली में अधिक से अधिक निवेशक द्वारा अपना उद्यम स्थापित किया जा सके। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी ने अपने सम्बोधन में बताया कि वर्तमान सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में इकाईयों को स्थापित कर रोजगार प्रदान किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में जनपद-रायबरेली के उद्यमियों का विशेष योगदान है। सरकार द्वारा उद्यमियों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध करायी जा रही हैं, जिसका सभी उद्यमीगण अधिकाधिक उपयोग करें एवं जनपद तथा प्रदेश को औद्योगिक ऊचाईयों पर ले जाने का काम करें। उपायुक्त उद्योग द्वारा स्वागत सम्बोधन में बताया गया कि निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से लगभग 37 विभागों द्वारा 454 सेवाएँ प्रदान की जा रही हैं। यदि किसी उद्यमी को अनापत्ति प्रमाण-पत्र, लाइसेंस इत्यादि की आवश्यकता होती है तो उद्यमी द्वारा निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया जाता है तथा सम्बन्धित विभागों द्वारा आवेदन-पत्रों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उद्यमी को अनापत्ति प्रमाण-पत्र/लाइसेन्स इत्यादि ऑनलाइन जारी किया जाता है ताकि जनपद में अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। इस ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी हेतु एमएसएमई-62, फूड विभाग-01, कोपरेटिव विभाग-1, सूचना विभाग-1, चिकित्सा शिक्षा विभाग-2, मत्स्य विभाग-1, वन विभाग-14, उद्यम विभाग-5, हाउसिंग विभाग-3, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग-3, प्राविधिक शिक्षा-12, यूपीसीडा विभाग-1, डेयरी विभाग-2, पशुपालन विभाग-1 के उद्यम तैयार हैं । जिसमें कुछ निवेशों द्वारा जनपद स्तर पर अलंकृता रिसार्ट, रायबरेली में एवं कुछ निवेशकों द्वारा जनपद के विभिन्न विधानसभाओं में प्रतिभाग किया गया। निवेशकों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं का स्टाल भी लगाया गया, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि के साथ-साथ जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में बुद्धीलाल पासी, अमरेश कुमार मौर्या, अर्पित सिंघल-अध्यक्ष आई0आई0ए0, सुरेश गुप्ता-प्रदेश सचिव, लघु उद्योग भारती, अतुल गुप्ता-प्रदेश अध्यक्ष, उ0प्र0 युवा उद्योग व्यापार मण्डल आदि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, उद्यमीगणों की उपस्थिति में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला विकास अधिकारी, उप निदेशालय कृषि, जिला अर्थ,संख्याधिकारी, आईटीआईआई प्रिंसिपल, जिला पंचायत राज्य अधिकारी, उद्यम अभियंता, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, सहायक आयुक्त उद्योग, अपर सांख्यिकीय अधिकारी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

कोर्ट में पेशी होने के कारण 2 बजे के बाद रायबरेली पहुंचेगी कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

● सुपर मार्केट में राहुल गांधी एक जनसभा को करेंगे संबोधित

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) मंगलवार को रायबरेली जिले में राहुल गांधी की अगवाई में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पहुंच रही है। इस यात्रा के रायबरेली पहुंचने के समय में बदलाव किया गया है। पहले यह यात्रा 20 फरवरी मंगलवार की सुबह 8 बजे रायबरेली पहुंचने वाली थी। परंतु अब यह यात्रा अपराह्न 2 बजे के बाद रायबरेली पहुंचेगी।

एक प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी सीपी राय ने बताया कि मंगलवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रायबरेली जिले में 2 बजे के बाद पहुंचेगी। कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी सीपी राय ने बताया कि न्याय यात्रा के रायबरेली पहुंचने से पहले राहुल गांधी मानहानि के मामले में वारंट जारी होने की वजह से सुल्तानपुर सत्र न्यायालय जाएंगे। उन्होंने बताया कि वह मानहानि के मामले में कोर्ट में पेश होने के बाद फिर रायबरेली के लिए प्रस्थान करेंगे। इसी वजह से यात्रा के समय में बदलाव किया गया है।

कांग्रेस प्रदेश मीडिया प्रभारी ने बताया कि रायबरेली जिले में लगभग 24 जगहों पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा यात्रा का स्वागत किया जाएगा। सुपर मार्केट में राहुल गांधी एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

न्याय यात्रा के रायबरेली पहुंचने से पहले कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा शहर में जगह-जगह होर्डिंग और पोस्टर लगाए गए हैं। न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में जोश दिखाई दे रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी सीपी राय ने भाजपा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज जिस तरीके से भारत देश कर्ज में डूब रहा है, चीन ने भारत के काफी हिस्से पर कब्जा कर रखा है। आज देश भुखमरी के कगार पर आ गया है। इन सभी मुद्दों को लेकर चिंता करते हुए राहुल गांधी के नेतृत्व में न्याय यात्रा निकाली जा रही है।

सीपी राय ने कहा कि क्योंकि आज भाजपा सरकार में गरीबों की कोई सुनने वाला नहीं है। कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है, कि जब तक देश से गरीबी, अन्याय और भुखमरी को खत्म नहीं कर दिया जाता, यह न्याय यात्रा चलती रहेगी। कांग्रेस पार्टी गरीब, मजदूर व कमजोरों के साथ कंधे से कंधा मिलाते हुए न्याय यात्रा निकालती रहेगी।

नया यात्रा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के शामिल होने पर सीपी राय ने बताया कि अखिलेश यादव ने रायबरेली और अमेठी जिले में खुद यात्रा में शामिल होने की बात कही थी। परन्तु आज वह कह रहे हैं कि जब सीट फाइनल होगी तब वह यात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी सीपी राय के साथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष सुशील पासी, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर मौजूद रहे।

तीन ब्लॉकों में आज आयोजित होगा महिला नसबंदी दिवस

बहराइच(स्पष्ट आवाज)। परिवार पूरा हो गया है और बच्चे नहीं चाहिए ऐसे दंपति के लिए आज स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जरवल, चित्तौरा व शिवपुर में महिला नसबंदी दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में विशेषज्ञ सर्जन द्वारा नसबंदी की सेवाएं दी जाएंगी। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (इंचार्ज) डॉ राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि महिला नसबंदी परिवार नियोजन का एक स्थायी, सुरक्षित व प्रभावी तरीका है । इसे ऐसे दंपति को अपनाना चाहिए जिन्हें अब और बच्चे नहीं चाहिए । इसके लिए जनपद के तीन ब्लॉकों में महिला नसबंदी दिवस का आयोजन किया गया है। नसबंदी के बाद लाभार्थियों को घर तक छोड़ने के लिए एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गयी है। उन्होंने बताया इस वित्तीय वर्ष में अब तक 4426 महिलाओं को व 60 पुरुषों को नसबंदी की सेवाएँ दी चुकी हैं। जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने बताया कि प्रसव के तुरंत बाद या सात दिनों के अंदर महिला नसबंदी अपनाने पर लाभार्थी को 3 हजार रुपए व इसके बाद महिला नसबंदी अपनाने पर 2 हजार रुपए देने का प्रावधान है । इसके लिए नसबंदी के लिए अस्पताल जाते समय अपना आधार कार्ड व बैंक पासबुक की फोटो कॉपी साथ में अवश्य ले जाए।

चुनाव के मद्देनजर जिला अधिकारी ने स्ट्रांग रूमों का किया निरीक्षण

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)लोकसभा चुनाव की तैयारियों के अंतर्गत जिला अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक अग्रवाल के साथ फिरोज गांधी डिग्री कॉलेज आडिटोरियम का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि यहाँ पर चुनाव कर्मियों को प्रशिक्षित करने का प्रबन्ध किया जाए। इसके लिए आडिटोरियम को बेहतर बनाया जाए और साफ सफाई पर ध्यान दिया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गोरा बाजार स्थित आईटीआई ग्राउंड का स्थलीय निरीक्षण किया।

उन्होंने कहा कि यहाँ पर चुनाव के दिन वाहनों की रवानगी के लिए ग्राउंड को व्यवस्थित किया जाए। जिलाधिकारी ने आईटीआई में बने स्ट्रांग रूमों का भी निरीक्षण किया। निर्देश दिया कि चुनाव से पहले सभी तैयारियां कर ली जाएं ,साथ ही स्ट्रांग रुमों की सुरक्षा का पूरा ख्याल रखा जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव,अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपजिलाधिकारी सदर, आईटीआई प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे से लटकता मिला युवक का शव

सतांव,रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) गुरुबक्शगंज थाना क्षेत्र के पूरे ठाकुरदीन मजरे हाजीपुर गाँव में सोमवार की सुबह एक 25 वर्षीय युवक सूरज गुप्ता का शव गाँव के बाहर उसी के निर्माणाधीन मकान में संदिग्ध अवस्था में फांसी के फंदे पर लटकता मिला । इसकी जानकारी होते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों का हुजूम एकत्रित हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरान्त पंचनामा भरवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक के परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है।

केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों से उद्यमी निवेश हो रहे प्रोत्साहितः विधायक

● जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का भव्य आयोजन

बलरामपुर। जनपद स्तरीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 का भव्य आयोजन विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डीएम अरविंद सिंह एवं विधायक बलरामपुर श्री पल्टूराम उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के लाइव प्रसारण के दौरान प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का वर्चुअल संबोधन उपस्थित गणमान्य एवं उद्यमियों द्वारा सुना गया। इस अवसर पर डीएम ने कहा कि जनपद को आर्थिक रूप से मुख्य धारा में जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम अति महत्वपूर्ण है।

जनपद में उद्यमिता को बढ़ावा देकर आर्थिक संपन्नता की ओर तेजी से बढ़ा जा सकता है। जिस तरह से उत्तर प्रदेश से आज पूरे भारत एवं विश्व में अपने दृढ़ निश्चय के साथ आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, इसी तरह से जनपद बलरामपुर को भी दृढ़ निश्चय के साथ आर्थिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सभी आगे आए।

जनपद में कई बड़े प्रोजेक्ट प्रारंभ हुए हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिला है। जनपद के उद्यमी मजबूत हो रही आर्थिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी देते हुए जनपद में निवेश करें। जनपद में निवेश की भरपूर संभावना है, देश एवं प्रदेश के उद्यमियों के लिए जनपद में धार्मिक पर्यटन एवं इको टूरिज्म के क्षेत्र में निवेश की काफी संभावना है। जिला प्रशासन द्वारा उद्यमियों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किए जाने के लिए अच्छा सकारात्मक माहौल प्रदान किया जा रहा है। उद्यमियों को बैंक से ऋण प्राप्त करने में कोई समस्या ना हो, इसके लिए भी बैंको को निर्देश दिए गए है।

विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों से देश-विदेश से उद्यमी प्रदेश मे भारी निवेश प्राप्त हो रहे हैं। उद्यमिता को बढ़ावा मिलने से प्रदेश के साथ-साथ जनपद में भी रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत जनपद में 415.35 करोड़ के निवेश प्रस्ताव धरातल पर आए हैं जिससे कि 1851 लोगों को रोजगार प्राप्त होगा।

इस अवसर पर ओडीओपी एवं टूल वितरण योजना के तहत लाभार्थियों को चेक एवं टूल किट प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, उपयुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे, परियोजना निदेशक डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव, उद्यमी गढ़ व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

रेल मंत्री से मिले भाजपा नेता अजय अग्रवाल, मिली कई सौगात

● अजय अग्रवाल ने रेल मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा

रायबरेली। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता अजय अग्रवाल ने सोमवार को केंद्रीय रेल, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्री अश्विनी वैष्णव से रेल भवन में भेंट की। इस दौरान रेल मंत्री ने रायबरेली के लिए कई सौगात दिया। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने बताया कि बहुत ही सौहार्दपूर्ण वातावरण में उन्होंने केंद्रीय रेल मंत्री के समक्ष एक-एक कर उनके मंत्रालय से संबंधित मांग पत्र दिए, जिससे रायबरेली जिले को ही नहीं वरन आसपास के कई जिलों के लाखों लोगों को लाभ मिलेगा। मांग पत्र में प्रमुख रूप से ऊंचाहार में रेलवे लाइन के ओवर ब्रिज के नीचे बड़ा रेलवे फाटक बंद किए जाने का मुद्दा उठाया। अजय अग्रवाल ने रेल मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा, जिस पर रेल मंत्री में अपनी सहमति जताते हुए शीघ्र ही इस समस्या के निराकरण की बात कही। साथ ही भाजपा नेता ने लालगंज में रेल ओवर ब्रिज,बछरावां में इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की बात रेल मंत्री के सामने उठाई, जिस पर उन्होंने तुरंत आदेश दिया। भाजपा नेता अजय अग्रवाल द्वारा रायबरेली में बंद पड़ी तीन शटल ट्रेनों के संचालन की भी मांग उठाई जिसपर रेल मंत्री द्वारा इसपर तत्काल आदेश पारित किए गए। भाजपा नेता अजय अग्रवाल ने भोपाल एक्सप्रेस को इंदौर तक किए जाने के संबंध में केंद्रीय रेल मंत्री से पुनः आग्रह किया तथा उसके संबंध पुनः एक पत्र दिया तथा कहा कि इससे पूरे क्षेत्र वासियों को महाकालेश्वर मंदिर तथा ओम्कारेश्वर मंदिर के दर्शन करने में बहुत ही अधिक सुविधा मिलेगी और इस ट्रेन को इंदौर तक के पर्याप्त यात्री मिलेंगे। अजय अग्रवाल ने रेल मंत्री से आगे कहा कि यह एक महापुण्य का कार्य है और इसको करने से उनको भी महा पुण्य प्राप्त होगा। इस पर भी केंद्रीय रेल मंत्री ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए अपने आदेश जारी किए।

भाजपा नेता अजय अग्रवाल की मांग पर रेल मंत्री ने एम्स, रेल पहिया कारखाने के सम्बंध में भी उन्हें भरोसा दिया। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा की इस देश को खुशहाल बनाना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है और वह इसी को साकार करने में लगे हैं। उन्होंने भाजपा नेता को रायबरेली के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लेने का वादा किया।

7 अप्रैल को अयोध्या में ब्राह्मणों का होगा जमावड़ा

● देश के ब्राह्मणों का सर्वण आयोग के गठन सहित अन्य मांगों को लेकर होगा विचार

अयोध्या। ब्राह्मण समाज के लिए उत्थान के लिए संकल्पित ब्राह्मणों के ध्वजवाहक पंडित कृपा निधान तिवारी देश के ब्राह्मण के उत्थान की बीणा उठाया है और उनके कल्याण के लिए काफी दिनों से लगातार संघर्षरत है जिसमें उनको अभी देश की सरकार से सैद्धांतिक रूप से मनवाने के लिए जागरूकता अभियान पूरे देश में चला रहे हैं। इसी क्रम में ब्राह्मण समाज के लोक कल्याण के लिए में माघ मेले में अयोध्या धाम से चलकर अलग जगाने पहुंचे और अपने पांच सूत्रीय मांग पत्र को देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री को मेला प्रभारी एवं डीआईजी राजीव नारायण मिश्र को प्रेषित किया है।इसके बाद संपन्न बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 7 अप्रैल को राम की पेडी अयोध्या में विशाल धरना प्रदर्शन पांचो मांगो को लेकर किया जाएगा जिसमें पूरे देश की सभी ब्राम्हण संगठन के पदाधिकारी को आमंत्रित किया जाने का निर्णय सर्व सम्मत से लिया गया।इस अवसर पर पं कृपा निधान तिवारी राष्ट्रीय संरक्षक अखिल भारतीय चाणक्य परिषद एवं अध्यक्ष श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट संयोजक अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण संघर्ष समिति महंत हरि सेवकदास आयुर्वेदाचार, डॉ राम तेज पांडे सम्पादक चाणक्य धारा गुरु प्रसाद पांडे राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अखिल भारतीय चाणक्य परिषद श्याम कृष्ण मिश्र सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी पवन पांडे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी तिवारी रविंद्र कुमार पांडे राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

गैर इरादतन हत्या के तीन वांछित गिरफ्तार

कौशाम्बी। गैर इरादतन हत्या के 3 वांछित अभियुक्त और अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है। जपनद में पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0 में 3 वांछित अभियुक्तों बड़कू निषाद पुत्र भैयालाल ,शान्ती देवी पत्नी बड़कू निषाद ,शिवकली पत्नी गुड्डी निवासीगण ग्राम दिया उपरहार थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को ग्राम दिया उपरहार से गिरफ्तार किया गया ।

लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग करें प्रगतिः डीएम

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कर-केरतर राजस्व वसूली व चकबंदी कार्यो-सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में कहा कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष सभी विभाग प्रगति करायें। उप जिलाधिकारियों से कहा कि विद्युत की आरसी वसूली शत-प्रतिशत करायें। सोमवार को कलेक्टेऊट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने कहा कि बैंक, खनन अन्य विभागों की वसूली बढ़ायें। तहसीलदार वसूली पर खास ध्यान दें। राजस्व वादों में दायरे अनुसार निस्तारण करें। तालाब-पोखर,सरकारी जमीन के अवैध कब्जे तत्काल खाली करायें। अविवादित वरासत अभियान चलाकर निस्तारित करें। पुराने वादों का निस्तारण करायें। गांवसभा की जमीनों पर कोई कब्जे नहीं होने चाहिए। धारा 67 के मामलों में एसडीएम देखरेख में निस्तारण करायें। सीएम डैशबोर्ड में जनवरी में जिले की रैंकिंग अच्छी रही है। इस माह कम नहीं होनी चाहिए। सभी बिंदुओं पर फोकस कर कार्य करें, ताकि रैंकिंग अच्छी रहे। धनराशि जमा न करने वाले वाहनों को एआरटीओ ब्लैक लिस्टेड करायें। बैठक में एडीएम एफआर वंदिता श्रीवास्तव,एसडीएम सौरभ यादव, मानिकपुर रामजन्म यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा,मऊ राकेश कुमार पाठक, एएसडीएम पंकज वर्मा, सतीश चन्द्र, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी एमएल धर्मान,डीसी वाणिज्य कर आरके सोनी, एआरटीओ विवेक शुक्ला, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम, एक्सईएन विद्युत दीपक सिंह, एक्सईएन जल संस्थान डीके सत्संगी, सुधाकर सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा,ईओ नगर पंचायत मानिकपुर भारत सिंह,राजापुर बीएन कुशवाहा,मऊ बीके गौतम आदि मौजूद रहे।

कार्यालय जिला पंचायत, मीरजापुर

पत्रांक : 1015-1/जि0पं0/2023-2024/निर्माण/निविदा दिनॉक : 16/02/2024

अल्पकालीन निविदा संशोधन सूचना

समस्त जिला पंचायतों के पंजीकृत/रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों एवं राज्य सरकार के सिंचाई विभाग, लो0नि0वि0 में पंजीकृत रजिस्ट्रीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय के पत्रांक 1014 दिनांक 16 फरवरी, 2024 को दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला एवं स्पष्ट आवाज में प्रसारित की गयी कुल 35 कार्य की निविदा के साथ पूर्व में अनटाइड योजनान्तर्गत संशोधित 01 कार्य यथा - ग्राम सरिया में अहरौरा मार्ग बेचूबीर मोड पटिहटा माइनर से पंचायत भवन तक लेपन/विशेष मरम्मत कार्य लम्बाई 1.275 किमी0, निविदा लागत 30.44 2 प्रतिशत अर्नेष्टमनी 62000.00, जी0एस0टी0 सहित निविदा फार्म शुल्क रू0 2360.00, की निविदा निर्धारित तिथि को करायी जायेगी। इस प्रकार कुल 36 कार्यो की निविदा एक साथ करायी जायेगी। निर्धारित तिथि/निविदा शर्ते पूर्ववत् रहेंगी।

(ई. शोभा राम वर्मा)	(उपेन्द्र कुमार)	(राजू कनौजिया)
अभियन्ता	अपर मुख्य अधिकारी	अध्यक्ष
जिला पंचायत, मीरजापुर	जिला पंचायत, मीरजापुर	जिला पंचायत, मीरजापुर

पूर्वान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों/संस्थाओं से निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑनलाइन दो भागों में आमंत्रित की जाती हैं। जिसके प्रथम भाग खुलने की तिथि 12/03/2024 को 14:00 बजे निर्धारित है। ऑनलाइन निविदा वेबसाइट (http://etender.up.nic.in) पर तिथि 12/03/2024 को 11:00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। निविदा मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) एवं धरोहर धनराशि आर0 टी0 जी0 एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम, प्रयागराज के बैंक खाते में सीधे स्थानान्तरित किया जाएगा तथा उसका साक्ष्य ई-टेण्डर के डाक्यूमेन्ट के साथ अपलोड किया जाएगा, कार्यदायी संस्था को साझा फर्म व एकल मालिक के सम्बन्ध में अभिलेख, तकनीकी, वाणिज्यिक एवं अन्य नियम एवं शर्ते प्रथम भाग में तथा दरें द्वितीय भाग में ई-निविदा के माध्यम से अपलोड करना होगा। निविदाओं के प्रथम भाग की शर्तो को पूर्ण होने के उपरान्त ही निविदाओं का द्वितीय भाग खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र सम्बन्धी सभी सूचनायें ई-टेण्डरिंग के माध्यम से उ0प्र0 शासन की ई-प्रोक्यारमेंट पोर्टल की वेबसाइट पर (http://etender.up.nic.in) प्राप्त की जा सकती है। निविदा में भाग लेने हेतु दिशा निर्देश उक्त ई-निविदा के वेबसाइट पर उपलब्ध है। **क्र.सं. 1. निविदा संख्या :** 44/EDCP-I/2023-24, **कार्य/सामग्री का विवरण-** अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल- प्रथम, प्रयागराज के प्रयोग हेतु 1 अद्द डीजल चालित कार ड्राइवर रहित 01 वर्ष (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025) की अवधि हेतु किराए पर उपलब्ध कराने का कार्य। **निविदा प्रपत्र मूल्य (कर सहित) :** 590.00 (500+90), **धरोहर धनराशि (रू.) :** 4500.00, **वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि :** दिनांक - 12.03.2024, 11.00 बजे तक, **निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक - 12.03.2024, 14.00 बजे तक। **क्र. सं. 2. निविदा संख्या :** 45/EDCP-I/2023-24, **कार्य/सामग्री का विवरण-** अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड - प्रथम प्रयागराज एवं खण्ड अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड-रीवां रोड /नैनी/पीपलगावं/शंकरगढ़/कौंधियारा/करछना प्रयागराज के विभागीय कार्यो जैसे विद्युत विच्छेदन, राजस्व वसूली, ग्रामीण विद्युतीकरण, विद्युत व्यवस्था के अनुरक्षण आदि कार्यो के सम्पादन हेतु 7 अद्द डीजल चालित जीप ड्राइवर सहित 01 वर्ष (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025) की अवधि हेतु किराए पर उपलब्ध कराने का कार्य। **निविदा प्रपत्र मूल्य (कर सहित) :** 1180.00 (1000+180), **धरोहर धनराशि (रू.) :** 37000.00, **वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि :** दिनांक - 12.03.2024, 11.00 बजे तक, **निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक - 12.03.2024, 14.00 बजे तक। **क्र.सं. 3. निविदा संख्या :** 46/EDCP-I/2023-24, **कार्य/सामग्री का विवरण-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड - मेजा, प्रयागराज एवं खण्ड अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत वितरण उपखण्ड- मेजा रोड/उरूवा/ माण्डा/कोरावं, प्रयागराज के विभागीय कार्यो जैसे विद्युत विच्छेदन, राजस्व वसूली ग्रामीण विद्युतीकरण विद्युत व्यवस्था के अनुरक्षण आदि कार्यो के सम्पादन हेतु 5 अद्द डीजल चालित जीप ड्राइवर सहित 01 वर्ष (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025) की अवधि हेतु किराए पर उपलब्ध कराने का कार्य। . **निविदा प्रपत्र मूल्य (कर सहित) :** 1180.00 (1000+180), **धरोहर धनराशि (रू.) :** 27000.00, **वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि :** दिनांक - 12.03.2024, 11.00 बजे तक, **निविदा का प्रथम भाग खोलने की तिथि एवं समय :** दिनांक - 12.03.2024, 14.00 बजे तक। **क्र.सं. 4. निविदा संख्या :** 47/EDCP-I/2023-24, **कार्य/सामग्री का विवरण-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत परीक्षण खण्ड-प्रथम, प्रयागराज के अधीन सहायक अभियन्ता (मी0), विद्युत परीक्षणशाला, प्रयागराज एवं मेजा के विभागीय कार्यो जैसे उपभोक्ताओं के परीक्षण मीटरिंग प्रणाली ठीक करने, वृहद एवं भारी उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग एवं एम.आर.आई. कार्यो के सम्पादन हेतु 3 अद्द डीजल चालित जीप ड्राइवर सहित 01 वर्ष (दिनांक 01.04.2024 से 31.03.2025) की अवधि हेतु किराए पर उपलब्ध कराने का कार्य। **निविदा प्रपत्र मूल्य (कर सहित) :** 590.00 (500+90), **धरोहर धनराशि (रू.) :** 16000.00, **वेबसाइट पर अपलोड करने की अन्तिम तिथि :** दिनांक - 12.

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, मंगलवार, 20 फरवरी, 2024
विक्रम संवत 2080, माघ मास, एकादशी (शुक्ल पक्ष)

जो लोग जानते हैं, वह करते हैं। वो लोग जो समझते हैं, वह दूसरों को सिखाते हैं। - अरस्तु

यूपी में 11वीं सीट का खेला

उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 10 सीटें खाली हो रही हैं, जिसके लिए 27 फरवरी को चुनाव होना है। विधानसभा की संख्या के लिहाज से भाजपा को सात और समाजवादी पार्टी को तीन सीटें मिलेंगी। दोनों पार्टियों ने पहले अपने अपने कोटे की सीटों के लिए उम्मीदवार की घोषणा की थी। लेकिन नामांकन दाखिल करने के आखिरी दिन यानी गुरुवार को भाजपा ने अपना आठवां उम्मीदवार चुनाव में उतार दिया। अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है।

इस समय उत्तर प्रदेश विधानसभा में चार सीटें खाली हैं। सो, 399 की संख्या के लिहाज से एक सीट जीतने के लिए 37 वोट की जरुरत है। भाजपा के अपने 252 सदस्य हैं। इसके अलावा अपना दल के 13 और निषाद पार्टी व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के छह-छह विधायक हैं। पिछले दिनों सपा का साथ छोड़ कर आए राष्ट्रीय लोकदल के नौ सदस्य हैं। इस तरह एनडीए के विधायकों की कुल संख्या 286 हो जाती है। उसे अपने सात सदस्यों की जीत के लिए 259 वोट की जरुरत है। उसके बाद उसके पास 27 वोट अतिरिक्त बचते हैं। दूसरी ओर रालोद के अलग होने के बाद सपा के पास अपने 108 और कांग्रेस के दो विधायक हैं। उसे तीन सीट जीतने के लिए 111 वोट की जरुरत है। यानी उसके पास एक वोट कम पड़ रहा है। इस बीच अपना दल कमेरावादी की पल्लवी पटेल ने उम्मीदवारों पर सवाल उठाते हुए कह दिया है कि वे वोट नहीं करेंगी। वे सपा के चुनाव चिन्ह पर जीती हैं इसलिए अगर वोट नहीं करती हैं तो सपा को दो अतिरिक्त वोट की जरुरत होगी। बताया जा रहा है कि रालोद के नौ में से चार विधायक ऐसे हैं, जो सपा के नेता हैं। सो, दोनों तरफ से क्रॉस वोटिंग की संभावना जताई जा रही है। सपा ने जया बच्चन, आलोक रंजन और रामजी लाल सुमन को उम्मीदवार बनाया है।

> अगर यह उम्मीदवार नहीं आता तो सभी 10 लोग निर्विरोध चुने जाते। लेकिन अब चुनाव की नौबत आ गई है। अगर नाम वापसी के दिन कोई उम्मीदवार नाम वापस नहीं लेता है तो 27 फरवरी को चुनाव होगा। भाजपा ने आठवां उम्मीदवार समाजवादी पार्टी के पुराने नेता संजय सेठ को बनाया है। सपा ने उनको 2016 में राज्यसभा में भेजा था। 2022 में कार्यकाल पूरा होने के बाद वे भाजपा में चले गए थे। अब उनके जरिए सपा के एक उम्मीदवार को हराने के लिए भाजपा ने दांव चला है।

आज का इतिहास

1707 : मुगल शासक औरंगजेब का अहमदनगर में निधन हुआ।
1710 : जोहान विलेम फ्रिसो ग्रोनिंगन को नीदरलैंड का वाइसराय बनाया गया।
1737 : फ्रांस के वित्त मंत्री चौवेलिन ने इस्तीफा दिया।
1745 : जेकोबिक सैनिकों ने फोर्ट ऑगस्टस, स्कॉटलैंड पर कब्जा कर लिया।
1768 : पहली अमेरिकी चार्टर्ड फायर बीमा कंपनी खुली।
1810 : टाइरोलियन विद्रोही नेता एंड्रियास हॉफर को निष्पादित किया गया।
1811 : ऑस्ट्रिया को दिवालिया घोषित किया गया।
1827 : इटुजिंगो की लड़ाई (पेसो दो रोजारियो) में ब्राजील के इंपीरियल आर्मी के एक दल ने अर्जेंटीना-उरुग्वेयन सैनिकों से युद्ध में भाग लिया।
1835 : स्टूडेंट्स के एडमिशन के साथ कोलकाता मेडिकल कॉलेज की शुरुआत हुई। इस कॉलेज की स्थापना 28 जनवरी 1835 को हुई थी।
1846: सोबरॉन के युद्ध में सिखों की हार के बाद अंग्रेजों ने लाहौर पर कब्जा कर लिया।1868 : अमृत बाजार पत्रिका का पहला साप्ताहिक अंक बंगाली में प्रकाशित हुआ।
1869 : टेनेसी के गवर्नर डब्ल्यू सी ब्राउनलो ने कु क्लक्स क्लान संकट में मार्शल लॉ की घोषणा की।
1872 : मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट का उद्घाटन न्यूयॉर्क शहर में किया गया।
1873 : कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने अपना पहला मेडिकल स्कूल खोला।

डेना मेरियम की किताब द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता पढ़ी जानी चाहिए

आर.के. सिन्हा

भारत, राम और हिंदी को लेकर विदेशी विद्वानों में सदियों से जिज्ञासा का भाव बना रहा है, जिसे पता नहीं क्यों हमारे अपने बुद्धिजीवी और इतिहासकार छिपाने का भरपूर प्रयास करते रहे हैं ढ्ढ इन जिज्ञासुओं में अनेक यूरोपीय, अमेरिकी, चीनी, अरबी और जापानी विद्वान भी शामिल रहे हैं। उन नामों में से अब एक नाम अमेरिकी लेखिका डेना मेरियम का भी जुड़ गया है। वह बीते चार दशक से हिंदू धर्म का गहन अध्ययन कर रही हैं। अब उन्होंने माता सीता पर गहन शोध के बाद एक किताब %द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता% लिखी है। बीते माह अयोध्या में राममंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के आलोक में डेना मेरियम की माता सीता पर आई किताब महत्वपूर्ण मानी जानी चाहिए। उनके अपने देश अमेरिका में भी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर अभूतपूर्व उत्साह देखने में आया था। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के फेमस टाइम स्क्वायर पर भी दिखाया गया था। अमेरिका के हर शहर में राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम का टेलीकास्ट किया गया था।

डेना मेरियम की %द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ सीता% ने तुरंत विद्वानों का ध्यान आकर्षित किया है। माता सीता पर किए गए मूल शोध को नजरअंदाज करना असंभव है। माता सीता आधुनिक समाज की नारी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। यदि नारी मां सीता के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात कर ले तो उसका जीवन भी आनंदमय होकर संकट मुक्त हो जाएगा। माता सीता का जीवन आधुनिक परिवेश में भी अनुकरणीय है। पतिव्रत धर्म का पालन करते हुए उन्होंने राजमहल का ऐश्वर्य का त्याग कर वन में संघर्षशील जीवन बिताया। इतना ही नहीं पति के आदेशानुसार अपने द्वितीय निर्वासन के दौरान वन में साधारण स्त्री की तरह रहते हुए व एक आदर्श मां का कर्तव्य निभाते हुए उच्च आदर्श स्थापित किया। आज के समाज में उन आदर्शों का तो लोप होता जा रहा है।

डेना मेरियम की पुस्तक को देखकर स्वर्गीय कथाकार-उपन्यासकार मृदुला सिन्हा जी का स्मरण हो उठता है, जिन्होंने दशकों पूर्व इसी विषय पर एक अद्भुत उपन्यास च्सीता पुनि बोली ज्ज् लिखा था ढ्ढ डेना मेरियम भी प्रख्यात हिंदी सेवी और रामचरित मानस के प्रकांड विद्वान फादर कामिल बुल्के की तरह ही हिंदी की उद्भट विद्वान हैं। यह निर्विवाद है कि माता सीता के बिना राम अधूरे हैं। माता सीता पृथ्वी से जन्मी एक देवी हैं। वह हिंदू धर्म में समृद्धि, धन और सुंदरता की देवी लक्ष्मी का अवतार भी मानी जाती हैं। सीता को आदर्श पत्नी और महिला के रूप में चित्रित किया गया है, जबकि उनके पति राम, भगवान विष्णु के अवतार, रामायण के नायक और आदर्श पति और मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। माता सीता, जिनकी भारत पूजा करता है।

भारत की आत्मा को पहचानने की जरूरत

गिरीश्वर मिश्र

उसे समझने के लिए हमें भारतीय मानस को समझना होगा । यह सिर्फ ज्ञान का ही नहीं बल्कि भावना का भी प्रश्न है और इसमें जड़ों की भी तलाश सम्मिलित है। आज इस उपक्रम के लिए कई विचार-दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनमें पाश्चात्य ज्ञान-जन्य दृष्टि निश्चित रूप से प्रबल है जिसने औपनिवेशिक अवधि में एक आईने का निर्माण किया जो राजनैतिक-आर्थिक वर्चस्व के साथ लगभग सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत हो गया यद्यपि उसके पूर्वाग्रह दूषित करने वाले रहे हैं ।

भारत और उसके सत्व या गुण-धर्म रूप भारतीयता के स्वभाव को समझने की चेष्टा यथातथ्य वर्णन के साथ ही वांछित या आदर्श स्थिति का निरूपण भी हो जाती है। भारतीयता एक मनोदशा भी है। उसे समझने के लिए हमें भारतीय मानस को समझना होगा । यह सिर्फ ज्ञान का ही नहीं बल्कि भावना का भी प्रश्न है और इसमें जड़ों की भी तलाश सम्मिलित है। आज इस उपक्रम के लिए कई विचार-दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनमें पाश्चात्य ज्ञान-जन्य दृष्टि निश्चित रूप से प्रबल है जिसने औपनिवेशिक अवधि में एक आईने का निर्माण किया जो राजनैतिक-आर्थिक वर्चस्व के साथ लगभग सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत हो गया यद्यपि उसके पूर्वाग्रह दूषित करने वाले रहे हैं । उसकी बनाई छवि या आत्मबोध ने एक इबारत गढ़ी जो औपनिवेशिक शिक्षा द्वारा आत्मसात् कराई गई। इस क्रम में अंग्रेजी राज का अन्य भारतीय जनों द्वारा आत्म के रूप में अंगीकार किया गया । वेश-भूषा, राज-काज और बात-व्यवहार में अंग्रेजियत आभिजात्य और श्रेष्ठ होने का असंदिग्ध पर्याय और देसी (भारतीय!) दोयम दर्जे का बना दिया गया। अंग्रेजों ने भारत को इंडिया बना दिया और हमने भी संविधान में वैसे ही दर्ज किया-इंडिया दैट इज भारत !

भारत और भारतीयता-विमर्श की चुनौती तब सचमुच और कठिन हो जाती है जब हम इस वैचारिक परियोजना को देश और काल के ठोस यथार्थ के धरातल पर आयोजित करते हैं और भारत की अपनी देशज दृष्टि से आगे बढ़ते हैं । यह भारत-दृष्टि एक देशज दृष्टि है - एक अतिक्रामी दृष्टि है जो मैं और तुम की कोटियों से ऊपर उठ कर समग्र सृष्टि को समेटने वाली है। साकल्य, जीवन की पूर्णता, कर्म की भावना, समष्टि की उन्नति और भू सांस्कृतिक राष्ट्रीयता बोध से समन्वित इस व्यापक विचार-परियोजना की कई सीमाएं हैं। किसी प्रत्ययविशेष का दिक्कालातीत (या कहें शाश्वत!) निरूपण अमूर्त जगत में जिस निर्बंध विचरण की अपेक्षा करता है जिसे अनिर्वचनीयता असहज नहीं करती है। यह एक अतिरिक्त सीमा हो जाती है ।

आज के यथार्थ के अति आग्रही कालखंड के दौर में यह सोच खामखयाली है, अचिंत्य है और सामान्यतया ग्राह्य ही नहीं है । अब निरवधि काल की चेतना को प्रायः निरस्त सा करते हुए सामान्य जन, विज्ञान के सावधि और तत्काल इंद्रियानुभवगम्य प्रत्यक्ष तक ही अपने को सीमित-संकुचित करते जा रहे हैं । तात्कालिकता के घोर दबाव तले अपने को बरतने की मजबूरी कुछ ऐसी होती जा रही है कि आंख की ओट वाला (अव्यक्त!) सब कुछ प्रश्नांकित और संदिग्ध होता जा रहा है। व्यवहार को मात्र सद्यः व्यक्त क्षण में ही स्थापित करने की तीव्रतर होती आकांक्षाओं के प्रति समर्पण करते हुए हम सत्य, यथार्थ और अस्तित्व के अनुभव-प्रामाण्य के तर्क तक ही अपने विमर्श को समेटते जा रहे हैं। यह अवश्य है कि हमारे आशय, अभीष्ट और उद्देश्य-यानी वह सब कुछ जो रोचक, सार्थक और निरंतर को जन्म देता है या दे सकता है-इस स्वतः आरोपित लौकिक परिधि को खंडित करते हुए हमें अनुमान की दुनिया में ले जाने वाला है। यह अज्ञात और अपरिचित होने पर भी संभव को अर्थात् भविष्य को व्यंजित करता है । वैसे भी शब्द (प्रतीक) का अर्थ उसकी लोक-व्याप्ति में ही परिलक्षित और गृहीत होता है ! वस्तुतः विचार और वास्तविक सत्य (आब्जेक्टिव रीएलिटी) या अमूर्त और मूर्त की कोटियां एक-दूसरे को स्पर्श करती और गढ़ती हैं। भूत, वर्तमान और भविष्य बहुत हद तक कामचलाऊ भेद हैं जो देश काल के भीतर समकालीन अवस्थिति के साथ अनिवार्यतः बनते बिगड़ते रहते हैं। भविष्य क्रमशः वर्तमान होता जाता है और वर्तमान भूत में तब्दील होने को तत्पर रहता है। यह भी ध्यातव्य है कि वाचिक परम्परा से आगे और उसके ह्रास के साथ अब सांप्रतिक परिदृश्य में बौद्धिक संकल्प और तकनीकी सहयोग न केवल इनकी प्रस्तुति (रिप्रेजेंटेशन) तय करते हैं बल्कि इन तक हमारी पहुंच (एक्सेस) को घटाते-बढ़ाते रहते हैं और पुनरीक्षण (तथा कृत्रिम बुद्धि की सहायता से) पुनर्रचना का भी अवसर देते हैं । साथ ही वे अवसरानुकूल अपने हितसिद्धि के लिए सामग्री को क्लैसीफायड डाक्यूमेंट कह कर (सीमित अवधि या सदैव के लिए) प्रतिबंधित भी करते हैं । अतः आज के युग में हमारी अनुबंधित नियति हो गई है कि हम स्वयं को सतत आविष्कृत, परिभाषित और परिसीमित करते रहें और उसे अपने और दूसरों के लिए सतत प्रमाणित और प्रचारित भी करते रहें। स्वयं अपने लिए और दूसरों के लिए भी इस तरह का उद्यम सामाजिक अस्तित्व की एक अनिवार्यता सी हो रही है । कहना न होगा कि सांस्कृतिक परम्परा का संवर्धन इसी प्रकार के ज्ञान-आख्यान की प्रचलित प्रथाओं के अंतर्गत होने लगा है जिसे आंतरिक (स्थानीय!) और बाह्य (वैश्विक!) (अधिकृत) शक्तियां संयोजित (और प्रायोजित!) करती हैं। पेटेंट के दौर में यह स्पष्टतः एक तरह की खरीद-फरोख्त जैसी प्रक्रिया होती जा रही है। अब ज्ञान से मुक्ति की कामना - सा विद्या या विमुक्तये - (इमेंसिपेशन) निरपेक्ष न हो कर सशर्त ही संभव है। भारतीयता की अवधारणा भारत से अविभाय रूप से सम्पृक्त है जो निश्चय ही पृथ्वी का एक भू-भाग भी है पर वह भू-भाग मात्र ही नहीं है। भारतीयों के लिए वह मुख्यतः विचार तथा भाव का पवित्र विषय है । वह हमारी चेतना या सांस्कृतिक आत्मबोध का नियामक एक प्राथमिक अंश है । स्वाभाविक है भारत की स्थिति, प्रतीति और अनुभूति का सत्य निरपेक्ष और अर्थशून्य न हो कर द्रष्टा, प्रेक्षक और भावक की पृष्ठभूमि यानी वैचारिक तैयारी और संलग्नता पर ही निर्भर करेगा। मनुष्य की वाचिक ढंग की प्राचीनतम रचना वेद के समय से ही भारत वसुंधरा की छवि जीवनदायिनी माता के रूप में संकल्पित की जाती रही है। हाड़ मास का बचा माता के शरीर से निर्मित होता है, गर्भ में उसके रक्त से पलता है, आकार पाता है और जन्म के उपरांत उसके दूध के आहार पर जीता है। माता की उपस्थिति संतति की अपरिहार्यता है। यद्यपि माता और संतति के मध्य का यह स्वाभाविक सम्बन्ध एक चिरंतन सत्य है और तादात्मीकरण का सहज आधार बनाता है तथापि इस सम्बन्ध को व्यापक सामाजिक-आर्थिक और राजनैतिक परिवेश न्यस्त रुचि और लाभ के मद्देनज़र भिन्न-भिन्न अर्थ देता रहता है। फलतः विभिन्न काल खंडों में सामाजिक यथार्थ और सामाजिक स्मृति के रूप में अस्मिता-निर्मिति अलग-अलग रूप लेती रहती है

ममता राज में नहीं रखवाली, कदम-कदम पर अत्याचार के संदेशखाली

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है ! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है। आज यहां संदेशखाली नहीं जल रहा है ।

देश, संदेशखाली से सकते में है। दुख है कि संविधान की सबसे यादा दुहाई देनेवाली ममता बनर्जी के राज में यह हालत हैं कि एक नहीं आज कई संदेशखाली पैदा हो गए हैं, जहां महिलाओं की इजत तार-तार हो रही है। हिंसा का तांडव कहीं भी हो सकता है और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक हिन्दू समाज कभी भी मौत के घाट उतार दिया जाता है। लव जिहाद, लैंड जिहाद और विदेशी घुसपैठ तो जैसे यहां रोजमर्रा की बात हो चुकी है। फिर भी देखो, कितनी बेशर्मी है ! हद है, ममता दीदी उलटा सभी कमियों के लिए भाजपा और संघ परिवार को जिम्मेदार ठहरा रही हैं और बिना किसी ठोस साक्ष्य के वह सब बोल रही हैं जो उनके नैरेटिव में फिट बैठता है। आज यहां संदेशखाली नहीं जल रहा है । बल्कि इस राय के 23 जिलों में से 16 जिले कहीं न कहीं कम-अधिक हिंसा के शिकार हैं। वह तो अछा हुआ, पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय की टीम राशन घोटाले में जांच करने टीएमसी नेता शाहजहां शेख के संदेशखाली वाले आवास पर छापेमारी करने पहुंच गई, तभी यह हो सका कि जो सच वर्षों से डर के कारण बाहर नहीं आ पा रहा था, उसे दुनिया के सामने आने का मौका मिला। लम्बे समय से यहां की महिलाओं को दबाकर रखने की जो सोच थी, उससे मुक्ति मिली है । संदेशखाली में महिलाओं की स्थिति कितनी दयनीय है, वह उनके बयानों में झलकता है, जिसमें वे खुलकर कह रही हैं किसी महिला का पति तो है, लेकिन उस पति का अपनी पत्नी पर अधिकार नहीं है। कुछ पुरुषों को अपनी पत्नियों को हमेशा के लिए छोड़ना पड़ गया है, क्योंकि टीएमसी के गुंडे उन्हें अपने साथ रख रहे हैं। महिलाएं अपने ऊपर हुए अत्याचार को चीख-चीख कर बयां कर रही हैं। बता रही हैं, कैसे शाहजहां शेख और उसके समर्थकों ने उनका यौन उत्पीड़न किया है। शाहजहां शेख के गुर्गे रात में आकर जबरन उठाकर ले जाते थे और सुबह छोड़ दिया करते थे।

तृणमूल कांग्रेस के लोग गांव में घर-घर जाकर सर्वे करते हैं। किसी घर में कोई सुंदर महिला या लड़की दिखती है तो उसे पार्टी ऑफिस ले जाया जाता है, फिर उस महिला को कई रातों तक वहीं रखा जाता है। पुलिस से शिकायत, पर कभी कोई मदद नहीं मिली । एक महिला ने यहां तक बताया कि कैसे वे महिलाओं को टारगेट करते थे। यदि हम उनके पास जाने से इनकार करते थे तो घर के मर्दों को ले जाकर उन्हें पीटते थे।। ऐसा इसलिए होता था ताकि हम मजबूर होकर उनके पास चले जाएं। वे इसके लिए शाहजहां शेख के अलावा टीएमसी के ही नेता उत्तम सरदार और शिवप्रसाद हजारा को इस भयानक यादती के लिए जिम्मेदार ठहरा रही हैं। संदेशखाली में जो कुछ सामने आया है वह कोई पहली बार नहीं हुआ है। इससे पहले दक्षिण 24 परगना की बसंती विधानसभा में एक हिन्दू अनुसूचित जाति की महिला का असामाजिक मुसलमानों ने गैंगरेप किया। घटना के विरोध में जब आरएसएस के स्वयंसेवक आगे आए तो इन मुस्लिम बलात्कारियों ने चार संघ स्वयंसेवकों की हत्या कर दी थी। हिन्दू महिलाओं के साथ गैंगरेप की सैकड़ों घटनाएं मौजूद हैं। इनके खिलाफ जब-जब भी किसी ने आवाज बुलंद की उसकी हत्या हो गई या फिर उसके घर को जला दिया गया। इस क्षेत्र में तस्करी, मादक पदार्थ, हथियार, गोमांस, आदि अपराधों में संलिप्त शेख शहांशाह जैसे मुस्लिम दबंगों का बोलबाला है। रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाने और दर्जनों अपराध, अमानवीय कृत्यों में लिप्त शाहजहां शेख जैसों ने अवैध कमाई से अरबों की गैर-कानूनी संपत्ति बना ली है। कई हजार बीघा जमीन इनके पास है और इनकी हिम्मत देखिए, ये खुलकर कहते हैं कि वे बांग्लादेश से आए हैं। किसी में हिम्मत हो तो आए सामने, भारत में कौन हमारा क्या बिगाड़ सकता है? आश्चर्य होता है यह देखकर कि कहने को यहां एक महिला ही मुख्यमंत्री है, लेकिन वह किस तरह से अपनी ही आधी आबादी पर वोट बैंक के खातिर अत्याचार करा रही हैं, इससे बड़ा कोई दूसरा उदाहरण शायद ही आपको मिले! जिसमें कि लाखों की संख्या में महिलाएं अत्याचार सहने के लिए मजबूर हों। यहां कुछ वर्ष पूर्व गांव कनेक्शन का एक सर्वे हुआ था, उसमें पाया गया कि देश में पश्चिम बंगाल की महिलाएं खुद को सबसे यादा असुरक्षित मानती हैं। 19 रायों के हुए इस सर्वे में पश्चिम बंगाल के 72.9 फीसदी लोगों ने कहा, ऐसा माहौल ही नहीं है कि घर से बाहर निकलने पर सुरक्षित महसूस किया जा सके। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े बता रहे हैं कि महिलाओं के गुमशुदा (मिसिंग) होने के मामले में पश्चिम बंगाल अग्र पंक्ति में है। यहां के कोलकाता, नादिया, बारासात, बराकपुर, मुर्शिदाबाद, हुगली, हावड़ा, उत्तर 24 परगना, दक्षिण 24 परगना,पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्ब मेदिनीपुर, पुरुलिया, उत्तर और दक्षिण दिनाजपुर, बांकुड़ा, झाड़ग्राम में सबसे यादा मामले सामने आए हैं।

रामभद्राचार्य, संस्कृत और ज्ञानपीठ

संजय तिवारी

भारतीय साहित्य में सृजन के सर्वोच्च सम्मान प्रदान करने वालों की दृष्टि 1965 के बाद दूसरी बार संस्कृत भाषा पर पड़ी है। इस बार यह पुरस्कार संस्कृत और उर्दू को एक साथ दिए जाने की घोषणा की गई है। भारतीय ज्ञानपीठ न्यास द्वारा ज्ञानपीठ पुरस्कार भारतीय साहित्य के लिए दिया जाने वाला सर्वोच पुरस्कार है। भारतीय ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना साल 1965 में की गक्र थी। देश का कोई भी व्यक्ति जो भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में बताई गई 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में लिखता हो इस पुरस्कार के योग्य है। वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कारों की घोषणा होते ही सभी का ध्यान देश के एक ऐसे संत की ओर मुड़ गया जिसकी प्रतिभा के कायल देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी हैं। संस्कृत में साहित्य सृजन के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य को वर्ष 2023 के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार सम्मान देने की घोषणा हुई है। इन्हीं के साथ उर्दू भाषा के लिए गीतकार गुलजार के नाम की भी घोषणा की गई है।

यह अब तक का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि इस सम्मान दाता संस्थान को 1965 से कोई संस्कृत विद्वान दिखा ही नहीं। ऐसा प्रतीत होता है कि जैसे संस्कृत में भारत में कुछ लिखा ही नहीं गया इतने दिनों तक। अब तक हिन्दी तथा कन्नड़ भाषा के लेखक सबसे अधिक 7 बार इस सम्मान को प्राप्त कर चुके हैं। साल 1965 में मलयालम लेखक जी शंकर कुरुप को प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इसमें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्तिपत्र और वाग्देवी की कांस्य प्रतिमा प्रदान की जाती है। जब वर्ष 1965 में ज्ञानपीठ पुरस्कार की स्थापना हुई थी, तो उस समय पुरस्कार राशि मात्र एक लाख रुपये थी। वर्ष 2005 में पुरस्कार राशि को एक लाख रुपये से बढ़ाकर सात लाख रुपये कर दिया गया, जो वर्तमान में ग्यारह लाख रुपये हो चुकी है।

इससे पहले 57वां ज्ञानपीठ पुरस्कार 2021/2022 में दामोदर माऊजो गोवा के उपन्यासकार, कथाकार, आलोचक और निबन्धकार को दिया गया था। इनके द्वारा रचित एक उपन्यास कार्मेलिन के लिए उन्हें सन् 1983 में साहित्य अकादमी पुरस्कार (कोंकणी) से सम्मानित किया गया था। मलयालम के प्रमुख कवि अक्कीथम को 56वें ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए चुना गया था। ज्ञानपीठ चयन बोर्ड ने एक बैठक में 56 वें ज्ञानपीठ पुरस्कार 2019 के लिए मलयालम के प्रसिद्ध भारतीय कवि अक्कीथम को चुना था। अक्कीथम का नाम मलयालम कविता जगत में आदर के साथ लिया जाता है। उनका जन्म 1926 में हुआ था और पूरा नाम अक्कीथम अयुतन नम्बूदिरी है और वह अक्कीथम के नाम से लोकप्रिय हैं। उन्होंने 55 पुस्तकें लिखी हैं जिनमें से 45 कविता संग्रह है। पद्म पुरस्कार से सम्मानित अक्कीथम को साहित्य अकादमी पुरस्कार, केरल साहित्य अकादमी पुरस्कार (दो बार) मातृभूमि पुरस्कार, वायलर पुरस्कार और कबीर सम्मान से भी नवाजा जा चुका है। वर्ष 1965 से अब तक ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेताओं की सूची पर एक दृष्टि अवश्य डालनी चाहिए। इसी से स्पष्ट हो जाएगा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को कितना सम्मान मिला है अब तक।

पद्मविभूषण रामभद्राचार्य चित्रकूट के तुलसीपीठाधीश्वर के पद पर विराजमान हैं। एक उचकोटि के साधक और संत होने के साथ-साथ वह अर्वाचीन संस्कृत साहित्य के मूर्धन्य कवि एवं साहित्यकार भी हैं। उन्होंने भार्गवराघवीयम् और गीतरामायणम् सरीखे उत्कृष्ट महाकाव्यों की रचना की है। साथ ही स्वामी रामानन्द की परंपरा में उन्होंने श्रीराघवकृपाभाष्यम् का जगतगुरु रामभद्राचार्य प्रणयन भी गीता इत्यादि पर किया है। वे बचपन से ही मन की आंखों से देख रहे हैं और ज्ञान की कलम से रच रहे हैं। स्वामी रामभद्राचार्य जी को यह सम्मान यों ही नहीं मिला है। हाल ही में उनकी विद्वता का साक्षात्कार दुनिया के सामने एक विशाल संग्रह के रूप में आया है। उनकी रचनाओं में कविताएं, नाटक, शोध-निबंध, टीकाएं, प्रवचन और खुद के ग्रंथों पर स्वयं सृजित संगीतबद्ध प्रस्तुतियां शामिल हैं। वे 100 से यादा साहित्यिक कृतियों की रचना कर चुके हैं, जिनमें प्रकाशित पुस्तकें और अप्रकाशित पांडुलिपियां, चार महाकाव्य, तुलसीदास रचित रामचरितमानस पर एक हिंदी भाष्य, अष्टाध्यायी पर पद्यरूप में संस्कृत भाष्य और प्रस्थानत्रयी शास्त्रों पर संस्कृत टीकाएं शामिल हैं। उनकी रचनाओं के अनेक ऑडियो और विडियो भी जारी हो चुके हैं। वह संस्कृत, हिंदी अवधि, मैथिली और कई दूसरी भाषाओं में लिखते हैं। सनातन वैदिक हिंदू धर्म में ब्रह्मसूत्र, भगवतगीता और उपनिषदों पर अधिकार रखने वाला ही जगतगुरु पद पर विराजित हो सकता है। स्वामी रामभद्राचार्य की पूंजी और आध्यात्मिक श्रम का विस्तार इतना है कि वह आज जीवित संस्था हैं और सनातन संस्कृति के किसी भी पक्ष पर स्पष्टता से पुराणों और वैदिक ग्रंथों से प्रमाण रखकर किसी भी उलझन में धर्म को मार्ग दिखाते रहे हैं। स्वामीजी की रचनाओं की तिजोरी में एक से एक नगीने रखे हैं।श्रीभार्गवराघवीयम् उनकी बेहद लोकप्रिय रचना है जिसके लिए उन्हें संस्कृत साहित्य अकादमी पुरस्कार समेत अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें महाकवि तथा कविकुलरत्न आदि अनेक साहित्यिक उपाधियों से भी अलंकृत किया जा चुका है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने प्रस्थानत्रयी (ब्रह्मसूत्र, भगवतगीता और 11 उपनिषदों) पर श्रीराघवकृपाभाष्यम् नामक संस्कृत टीकाओं की रचना की हैइन टीकाओं का विमोचन 1998 में भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था। रामानन्द संप्रदाय में प्रस्थानत्रयी पर संस्कृत टीका प्रस्तुत करने वाले रामभद्राचार्य द्वितीय आचार्य हैं। इनसे पूर्व स्वयं रामानंद ने आनन्दभाष्यम् नामक प्रथम टीका की रचना की थी। इस प्रकार लगभग 600 वर्षों की कालावधि में प्रस्थानत्रयी पर प्रथम बार संस्कृत टीकाओं को रामभद्राचार्य ने प्रस्तुत किया है।

● स्पष्ट आवाज में प्रकाशन हेतु आपके पत्र और विचार आमंत्रित हैं जो के आप इस पते पर भेज सकते हैं- सम्पादक, स्पष्ट आवाज, 47/1 क्ले स्क्वायर, कबीर मार्ग लखनऊ- 226001 ईमेल- spawaz2010@gmail.com इस पृष्ठ पर प्रकाशित लेखों में लेखकों के विचार अपने हैं। ●

सिर पर बेलचे से प्रहार कर पत्नी को उतारा मौत के घाट

मृतक दम्पति मोहिनी व अजय सेनः फाइल फोटो

जाँच करते सीओ व अन्य पुलिस कर्मी

●कत्ल के बाद हत्यारे पति ने भी फांसी लगा कर दी जान
●शराब का आदी था हत्यारा, आये दिन पत्नी से करता था विवाद

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में सोमवार को दिनदहाड़े शराब के नशे में धुत मजदूर ने बेलचे से प्रहार कर अपनी पत्नी को निर्ममतापूर्वक मौत के घाट उतार दिया। बाद में उसने आत्मग्लानि से क्षुब्ध होकर घर के अंदर ही गले में रस्सी का फंदा डाल कर खुद भी अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही सीओ और इंस्पेक्टर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद शवों को पीएम के लिए भेज दिया। बताते चले कि अटरिया थाना क्षेत्र के ग्राम गुलहरिया निवासी रायसेन के पुत्र अजय सेन उर्फ शेरू का सोमवार की सुबह करीब दस बजे पत्नी मोहिनी से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान बात ज्यादा बढ़ने पर गुस्साएं अजय सेन उर्फ शेरू ने धारदार हथियार बेलचे से पत्नी मोहिनी के सिर पर ताबड़तोड़ सात बार प्रहार किये। जिससे मोहिनी के सिर से खून का फव्वारा फूट पड़ा। थोड़ी ही देर बाद मोहिनी ने दम तोड़ दिया।

पत्नी की मौत के बाद अजयसेन उर्फ शेरू ने आत्मग्लानि के चलते अपने घर पर ही गले में फंदा डाल कर फांसी लगा ली। घटना की सूचना मिलते ही सीओ सिधौली शोभित कुमार और अटरिया पुलिस फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने घटना स्थल से साक्ष्य बटोर कर पति पत्नी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक रोहित दुबे ने बताया कि मौके से आला कत्ल बेलचा बरामद कर लिया गया है।

मासूम के सिर से उठा माँ-बाप का साया

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मजदूर दंपति की मौत से मासूम रितिक के सिर से माता-पिता का साया उठ गया है। सभी लोग इस बात को लेकर खासे चिंतित थे कि अब मासूम रितिक किसकी गोद में खेलेगा। मासूम बच्चे की बुआ, मौसी व नानी का रो-रो कर बुरा हाल था। अभी एक माह पूर्व ही मासूम का जन्म दिवस था। मासूम की मां मोहिनी ने बड़ी धूमधाम से अपने बेटे का जन्म दिवस मनाया था। नाना श्रीपाल यही सोचकर फफक-फफक रो रहे थे कि अब उसके नाती का जन्मदिन कौन मनायेगा।

घर के बाहर लगी ग्रामीणों की भीड़

घटना के एक दिन पहले ही मायके से ससुराल आई थी मोहिनी

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शराबी पति की हरकतों से आजिज मोहिनी करीब छह माह से अपने मायके बेलही मजरा अकबरपुर में रह रही थी। वह रविवार की शाम अपने पति के साथ ससुराल आई थी। सोमवार की सुबह घर पर चाय व आलू का पराठा खाने के बाद पति पत्नी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। इसके बाद यह हादसा हो गया। सूत्रों की माने तो मोहिनी ने अपने पति से यह शर्त लगा दी थी कि जब उसका पक्का घर बन जायेगा तभी वह मायके से ससुराल आयेगी। अजयसेन उर्फ शेरू ने मजदूरी से अर्जित पैसे से मकान की चहारदीवारी खड़ी कर ली थी, छत पड़ना बाकी था। उसके बाबा ने 60 हजार रुपये दिये जिससे 13 फरवरी को शेरू ने स्लैब डलवा ली थी। कुछ दिन बाद वह ससुराल जाकर अपनी पत्नी को रविवार शाम घर ले आया था। मृतक अजयसेन की माँ बचपन में ही गुजर गई थी। चार साल पहले उसकी मोहिनी से शादी हुई थी। बाबा राधेश्याम ने उसका पालन पोषण किया था। शराब की लत के चलते अजयसेन ने घर का सामान बेचना शुरू कर दिया था। बाबा राधेश्याम ने उसके तिलक का रखा थारा आज सुबह ही वापस कर दिया था। अजयसेन उसे बेचने की जिद कर रहा था। इसी विवाद ने दंपति की जान ले ली।

शराब में डुबो दिया था दुकान का पूरा पैसा

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। मृतक के बाबा राधेश्याम का कहना है कि वह अपने प्रपौत्र को बाहर खिला रहे थे। जब अजयसेन व मोहिनी ने दरवाजा नहीं खोला तो उन्होंने कई बार फोन मिलाया पर वह भी नहीं उठा। तब उन्होंने अपनी पत्नी कर्मावती को बुलाया। उन्होंने सीढ़ी लगा कर देखा तो अजयसेन छत से फांसी पर लटक रहा था। पत्नी मोहिनी फर्श पर रक्तरंजित हालत में पड़ी थी। जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। बाबा राधेश्याम की माने तो उन्होंने अपने पोते अजयसेन को सुधारने के लिए परचून से लेकर साइकिल की दुकान खुलवाई, उसमें घाटा हो गया। अटरिया कस्बे में अजयसेन को जूता चप्पल की दुकान भी करवाई लेकिन नशे की लत के चलते अजयसेन ने अपनी दुकान बेच दी और पूरा पैसा शराब में गवां दिया। शराबी अजयसेन आये दिन नशे में धुत होकर ग्रामीणों से विवाद व मारपीट किया करता था।

शादी का झासा देकर जीजा के भाई ने युवती से बनाये नाजायज रिश्ते

●एसपी के निर्देश पर केस दर्ज, पंजाब से दबोचा गया वहशी दरिंदा

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। शादी का झासा देकर जीजा का भाई युवती से करीब डेढ़ वर्षों तक जिस्मानी रिश्ते कायम करता रहा। शारीरिक शोषण करने के बाद युवक ने युवती के साथ निकाह करने से साफ इंकार कर दिया। शोषण और युवक की हवस का शिकार युवती केस दर्ज कराने के लिए तहरीर लेकर सीतापुर के तंबौर और बहराइच के कोतवाली देहात थाने भटकती रही पर पुलिस ने उसकी रिपोर्ट नहीं लिखी। पीड़िता ने एसपी चक्रेश मिश्र से मिल कर इंसाफ की गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी युवक आसिफ और उसके पिता मुबारक समेत मामा इश्तियाक व मामी शबनम के खिलाफ रेप व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू की। पुलिस ने मुख्य आरोपी आसिफ को पंजाब राज्य के लुधियाना से गिरफ्तार कर लिया है। बताते चले कि रेउसा इलाके के एक गांव की रहने वाली युवती तंबौर कस्बे के एक मोहल्ला निवासी अपनी मामी के घर पर करीब छह माह से रह रही थीं इसी दौरान मामी के दामाद का भाई आसिफ निवासी कोतवाली देहात जिला बहराइच का युवती से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। युवती के मुताबिक आसिफ शादी का झांसा देकर करीब डेढ़ बरस से उसका शारीरिक शोषण करता रहा। आरोप है कि आसिफ ने उसकी मामी के घर पर ही रूक कर दिसंबर माह में तीन दिन तक शारीरिक संबंध बनाये। जब शादी की बात की तो युवक ने निकाह करने से साफइंकार कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी पर कोई सुनवाई नहीं हुई। वह फरियाद लेकर एसपी के पास पहुंची। एसपी के निर्देश पर तंबौर पुलिस ने आसिफ उसके पिता मुबारक, मामा इश्तियाक व मामी शबनम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह का कहना है कि मुख्य आरोपी आसिफ को पंजाब के लुधियाना से दबिश देकर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक जेके तिवारी, आरक्षी राजेश व सर्वेश शामिल रहे।

बैठक में ब्लॉक प्रमुख ने बीडीसी सदस्यों से मांगे प्रस्ताव

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकासखंड सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्य व प्रधानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा ने विकासखंड की सभी क्षेत्र पंचायतों से अगली कार्य योजना के लिए प्रस्ताव मांगे। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपनी-अपनी क्षेत्र से प्रस्ताव बैठक में दिए। बैठक का संचालन अपर जिला सहकारी अधिकारी सिद्धार्थ कुमार आर्य ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख ने सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों ग्राम प्रधानों जिला पंचायत सदस्यों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी प्रीति तिवारी, सहायक विकास अधिकारी कृषि राजकुमार वर्मा, सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण ओमेंद्र वर्मा, सहायक विकास अधिकारी पंचायत जयप्रकाश वर्मा, सचिव सत्यम सिंह, अमित कुमार वर्मा, विष्णु गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष महेश वर्मा, प्रधान शुभम श्रीवास्तव, प्रधान विवेक शुक्ला उर्फ पोनू, राकेश, राम लखन वर्मा, वसीम बानो, जग्गन, नाजिम पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, भगवानदीन त्रिवेदी सहित सभी प्रधान व बीडीसी साहित जिला पंचायत सदस्य उपस्थित थे।

संक्षिप्त आवाज़

चोरी के दो मोबाइल व असलहे के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। अटरिया पुलिस ने चोरी के दो मोबाइल फोन और असलहा कारतूस के साथ शातिर चोर को चेकिंग के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अटरिया थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि पुलिस ने ग्राम कठवारा थाना बख्शी का तालाब जनपद लखनऊ निवासी लालता उर्फ लल्ला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन तथा अवैध तमंचा बरामद किया। लालता का कहना है कि उसने 9 फरवरी की रात अटरिया नीलगांव मार्ग पर छावन चौराहे पर सचिन मोबाइल शाप सहित 5 दुकानों के शटर तोड़ दिये थे। उसने सचिन की दुकान से अपने साथियों संग दर्जनों मोबाइल फोन चोरी किये थे। लालता पर सीतापुर व लखनऊ के कई थानों पर मुकदमें दर्ज है।

अनियंत्रित ट्रक पेड़ से टकराया, क्लीनर की मौत, चालक घायल

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थानगांव थाना इलाके में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक अचानक पेड़ से टकरा गया। इस हादसे में ट्रक क्लीनर की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताते चले कि बीती रात रेउसा-महमूदाबाद मार्ग पर चिरैया ठेकी के पास सुल्तानपुर से लकड़ी लादकर तंबौर जा रहे ट्रक की अचानक स्टीयरिंग फेल हो गई। जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराया। इस हादसे में ट्रक पर सवार ड्राइवर व क्लीनर गंभीर रूप से चोटिल हो गए। घायलों को सीएचसी रेउसा पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने ट्रक क्लीनर साबिर उर्फ फरियाद पुत्र मो. इदरीस उम्र 24 वर्ष निवासी सरैंया घोसी, सिंहनपुरवा जिला सुल्तानपुर को मृत घोषित कर दिया। जबकि ड्राइवर दुर्गा प्रसाद यादव पुत्र मुन्नू निवासी रामसाहपुरवा जिला सुल्तानपुर घायल हैं। जिनका सीएचसी रेउसा में इलाज चल रहा है। थानगाँव पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया गया हैं।

टैंपो की टक्कर से मासूम की मौत

रामपुर मथुरा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सड़क पार कर रहे मासूम बालक को तेज रफ्तार टैंपो ने रौद दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने टैंपो चालक को हिरासत में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। बताते चले कि माधौगंज निवासी रफीक उर्फ गुड्डू मनिहार का आठ वर्षीय पुत्र उवैश सड़क पार कर रहा था। तभी रामपुर मथुरा-महमूदाबाद मार्ग पर तुतहीपुर चौराहे के निकट टैंपो ने उसे टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी रामपुर मथुरा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

बाइकों की भिड़ंत में पिता-पुत्र सहित तीन घायल

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रेउसा थाना इलाके में रेउसा-तंबौर मार्ग पर खरौहाँ गाँव के निकट दो बाइकों में आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में बाइक सवार पिता पुत्र सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी रेउसा भेजवाया। जहाँ उनका इलाज कियहा जा रहा है। बताते चले कि रेउसा थाना क्षेत्र के कोड़री गाँव निवासी अनिल मिश्र पुत्र राघवाचारी बाइक पर सवार होकर अपने नजदीकी रिश्तेदारी के यहां विवाह में शामिल होने जा रहे थे। रास्ते में रेउसा-तंबौर मार्ग पर खरौहाँ गांव के निकट उनकी बाइक सामने से आ रही दूसरी बाइक से टकरा गई। इस हादसे में अनिल मिश्रा तथा दूसरी बाइक पर सवार रोहित व उनके पिता विश्राम निवासी बटौहा मजरा बरी गंभीर रूप से घायल हो गये। तीनों को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अनिल मिश्र को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। जबकि रोहित व विश्राम का इलाज सीएचसी पर ही चल रहा है।

चोरी की दो बाइकों के साथ चार युवक गिरफ्तार

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली पुलिस ने चोरी की दो बाइकें बरामद करते हुए चार युवकों को चोरी में प्रयोग होने वाले उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये चारों युवकों में दो शातिर किस्म के अपराधी हैं। सभी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सीओ दिनेश शुक्ल ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक महमूदाबाद अनिल सिंह, पैंतेपुर चैकी प्रभारी अमित पांडेय, आरक्षी अवधेश, हरिशंकर, साधूशरण, विपिन के साथ पैंतेपुर-केदारपुर मार्ग पर पावर हाउस के पास रविवार की रात वाहन चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान सामने से दो बाइकों पर चार लोग आते दिखे। पुलिस को देखकर वह सब भागने लगे, जिसे पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर युवकों के पास से तीन चाभी के गुच्छे, लोहे की नुकीली राड, एक प्लास, लोहा काटने की ब्लेड, मोमबत्ती व माचिस बरामद हुयी। सभी युवक बाइकों के कागज भी नहीं दिखा सके। कड़ाई से पूंछतांछ करने पर युवकों ने बताया कि उक्त दोनों बाइकें रामपुरकलां थाना क्षेत्र के चोरी करके लायी गयी हैं। पकड़े गए युवक ने अपना नाम लल्लन तिवारी पुत्र रामानंद तिवारी निवासी अवनापुर, अवतार सिंह पुत्र हरदीप सिंह निवासी चतुरीपुरवा, सुनील तिवारी पुत्र गोवर्धन तिवारी, रामगोपाल पुत्र कन्हैया लाल तिवारी निवासीगण रायसेनपुर थाना रामपुर मथुरा बताया। पुलिस ने पकड़े गए चारों युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

ठेकेदार ने अवैध तरीके से कटवा लिया नीम का पेड़

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तहसील क्षेत्र तमनापुर गांव स्थित आबादी की भूमि पर लगा नीम का पेड़ लकड़ी ठेकेदार द्वारा अवैध तरीके से कटवा लिया गया। जानकारी होने पर स्थानीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई शुरू की। बावजूद इसके दबंग ठेकेदार ने लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली पर लोड करके बिक्री के लिए भेज दिया। सदरपुर थाना इलाके के तमनापुर गांव स्थित आबादी की भूमि पर एक हरा नीम का पेड़ कई वर्षों से लगा हुआ था। सोमवार की दोपहर ठेकेदार ने लकड़कट्टों की सहायता से पेड़ को बिना किसी अनुमति के काट डाला। जानकारी होने पर क्षेत्रीय लेखपाल रामनाथ मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल शुरू की। लेखपाल रामनाथ द्वार बताया गया कि आबादी की भूमि पर लगे नीम के पेड़ को अवैध रूप से ठेकेदार द्वारा काटा गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ कटान कराने वाले ठेकेदार के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस सम्बंध में एसडीएम शिखा शुक्ला ने बताया कि अगर आबादी पर लगे नीम के पेड़ को बिना किसी अनुमति के कटवाया गया है, तो उसमे शामिल लोगों के विरुद्ध एफआईआर करवाने के लिए क्षेत्रीय लेखपाल को निर्देशित किया जायेगा।

डीएम की अध्यक्षता में आज बिसवां में होगा संपूर्ण समाधान दिवस

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 20 फरवरी दिन मंगलवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन प्रत्येक तहसील में किया जाएगा। उक्त तिथि को जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में तहसील बिसवां में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजन प्रस्तावित है।

बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा

सेवता-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। रेउसा क्षेत्र के माँ सोनासरि देवी सरस्वती विद्या मंदिर सेवता मे आशीर्वाद एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने अभिनय, नृत्यगीत, एकांकी, हास्य कवि सम्मलेन आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य परशुराम शुक्ल ने विद्यार्थियों को अपने आशीर्वाद वचनों से अभिसिंचित किया तथा निरंतर प्रगति पर बढ़ने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर ज्ञानेश शुक्ल, डॉ. रामकुमार मिश्र, संजय रस्तोगी, प्रमोद मिश्र व शिक्षकगण सहित लोग मौजूद रहे।

सीता एजुकेशन का विदाई समारोह आज

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सीता ग्रुप आफ एजुकेशन के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का आशीर्वाद एवं विदाई समारोह मंगलवार को प्रातः 9 बजे कॉलेज परिसर में आयोजित होगा। इस अवसर पर ज्ञान दायिनी मां शारदे, स्वामी विवेकानंद व राष्ट्रवादी कवि महेंद्र कुमार शास्त्री सरल की प्रतिमाओं का अनावरण भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी चेयरमैन रमेश बाजपेयी ने दी। कार्यक्रम में प्रतिमाओं का अनावरण विधायक आशा मौर्य, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा करेंगे।

रास्ते पर अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश

भाहुरि गांव के एक दर्जन लोगों ने बीडीओ से की शिकायत

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। इलाके की गनेशपुर ग्राम पंचायत में रास्ते पर शौचालय निर्माण व अतिक्रमण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मजरा भाहुरि गांव के दर्जन भर लोगों ने खंड विकास अधिकारी को एक शिकायत दी है। शिकायत में ग्रामीणों का कहना है जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाए। भाहुरि मजरा गनेशपुर निवासी अशोक पाल, राम नरेश सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, श्री राम, होरीलाल, राम लोटन सिंह, उमाशंकर, पंकज कुमार, देशराज सिंह, प्रेमपाल, छोटा ने विगत दिनों बीडीओ को एक प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके वहां खड़ंजे पर रामनरेश पुत्र रज्जन शौचालय का निर्माण कार्य करवा रहे है। उनकी तरफ से अतिक्रमण किया जा रहा है। इसकी जानकारी सब ने मिलकर ग्राम प्रधान को भी दी है, लेकिन मना करने पर फिर भी वह एलानिया धमकी देने के अलावा रास्ते पर ही निर्माण कार्य करवाने की बात कहते है। खंड विकास अधिकारी को दिये गए प्रार्थना पत्र में ग्रामीणों का कहना है मौके की जांच करवाकर उचित कार्रवाई की जाए जिससे सभी का आवागमन सुलभ हो। हालांकि ग्रामीणों के इस शिकायती पत्र पर जिम्मेदारों ने कोई सुधि नहीं ली है।

दबंगों ने किसान के खेत की तोड़ी मेड़, मुकदमा दर्ज

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में राजस्व टीम की ओर से खेत की पैमाइश करा कर बांधी गई मेड़ को दबंगों ने तोड़ कर अपने खेत में मिला लिया। जब खेत मालिक किसान ने विरोध किया तो दबंगों ने उसके साथ अभद्रता की। किसान की शिकायत पर पुलिस ने दो क्षेत्रीय दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सकरन थाना क्षेत्र के गोड़ियनपुरवा मजरा मड़ोर निवासी किशोरी ने अपने खेत गाटा संख्या 1345 की पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दियाथा। जिस पर मौके पर पहुंची राजस्व टीम ने खेत की पैमाइश करके मेड़ बंधवा दी थी। उसके बाद गांव के ही निवासी सुरेन्द्र व दिनेश ने राजस्व टीम द्वारा बंधवायी गयी मेड़ को तोड़ कर अपने खेत में मिला लिया। किशोरी ने जब इसका विरोध किया तो उक्त दोनों लोगों ने उसे गालियां दी। किशोरी ने मामले की तहरीर पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने उक्त दोनों लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। सकरन पुलिस ने बताया कि मामले में दो लोगों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

सकरन में युवती संग छेड़छाड़, आरोपी पर केस दर्ज

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में बीती रात घर पर सो रही युवती से पड़ोस के युवक ने छेड़छाड़ की। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बताते चले कि सकरन क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती शनिवार की रात अपने घर पर सो रही थी। तभी देर रात घर घुसे गांव के ही चुन्नू उर्फ रूपचंद्र ने युवती संग छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से भाग गया। परिजनों ने थाने पहुंच कर तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज करने के बाद उसकी गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

पैरों को जंजीर से बांध कर बेटे का इलाज कराने आये परिजन

●सनकी बेटे की आदतों से आजिज परिवार का कठोर कदम
●मानसिक अवसाद में किशोर ने जान देने का किया प्रयास

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जिला अस्पताल में मौजूद मरीज व तीमारदारों के होश उस वक्त फाख्ता हो गये जब उन्होंने मरीज के तौर पर किशोर को जंजीरों से जकड़ा देखा। माजरा समझने की कोशिश शुरू हुई तो पता चला कि सनकी बेटे की आदतों से आजिज परिवार कठोर कदम उठाने को विवश हुआ। जानकारी यह भी मिली है कि पिछले तीन वर्षों से परिजन सनक मिजाज बेटे को काबू में रखने के लिए उसे जंजीरों से जकड़ कर रखते थे। मानसिक अवसाद में आकर किशोर ने सोमवार को फांसी लगा कर जान देने की कोशिश की, लेकिन परिवारवालों ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतार लिया, उसकी हालत गंभीर थी। इसलिए परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर आये थे। जानकार सूत्रों की माने तो महमूदाबाद कोतवाली इलाके के केदारपुर निवासी इब्राहिम उम्र 18 वर्ष पुत्र जहरूद्दीन ने सोमवार की शाम फांसी लगा कर जान देने की कोशिश की। बताया जा रहा है कि इब्राहिम बेहद सनकी किस्म का युवक है। वह आये दिन अपने ही घर का सामान लेकर कही फरार हो जाता है। कई बार परिजन उसे गैर राज्यों से तलाश कर घर ला चुके हैं। वह परिजनों के साथ अमर्यादित आचरण करने से भी नहीं चुकता। इब्राहिम की इन्ही बेजा हरकतों से परेशान होकर घरवालों ने पहले उसका खूब इलाज कराया, कामयाबी नहीं मिली तो मजबूरन उसे जंजीरों से जकड़ कर रखना पड़ा। फिलहाल इब्राहिम को जिला अस्पताल से ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर किया गया है।

बेहटा में जारी है सफेद रेत का काला कारोबार

बेहटा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। गाँजरी इलाके में बालू खनन का अवैध कारोबार दिन के उजाले में भी जारी है। संबंधित महकमा और पुलिस विभाग इस गैर कानूनी कारोबार पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हुआ है। क्षेत्र में तय मूल्य से तीन गुने ऊंचे दामों पर बालू की बिक्री की जा रही है। खनन माफिया सफेद रेत के काले कारोबार से मालामाल हो रहे हैं। क्षेत्र के बैरागीपुर, देवपालपुर में ट्रालियों और डनलप में अवैध रूप से बालू खनन कर ढोई जा रही है। जिस पर रोक लगा पाने में जिम्मेदार नाकाम साबित हो रहे है। यही कारण है कि रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजियारे में यह अवैध कारोबार जारी है। बालू के अवैध खनन और धंधे को रोकने में प्रशासन विफल साबित हो रहा है। इधर लगातार अवैध कारोबारियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। माफियाओं द्वारा आक्रमकता दिखाई जा रही है खुलेआम धंधा हो रहा है। तंबौर इलाके की सड़कों पर बालू भरे वाहनों का आवागमन खुलेआम देखा जा सकता है। कुछ लोग बालू लदे वाहन को पास कराने के लिए लाइन देते हैं। बड़े पैमाने पर अवैध कारोबार के बीच आम लोग परेशान हैं। बालू सरकार द्वारा तय मूल्य से दो से तीन गुणा ऊँचे दर पर बिक रहा है।

कम उम्र में छात्र सभा जिलाध्यक्ष बन कर शिवम ने रचा इतिहास

लोहिया, जेपी और नरेंद्र देव की विचारधारा ने किया प्रभावित

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। छोटे अखिलेश के नाम से मशहूर युवा सपा कार्यकर्ता शिवम सिंह ने कम उम्र में समाजवादी छात्रसभा जिलाध्यक्ष का पद हासिल कर यूपी में कीर्तिमान स्थापित किया है। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र सभा प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने संगठन के जिलाध्यक्षों की सूची जारी करते हुए शिवम सिंह को सीतापुर का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। शिवम महज 14 साल की उम्र से सपा में सक्रिय है और निरंतर पार्टी संगठन की बैठकों और आंदोलन में शिरकत रहे हैं। शिवम का कहना है कि उन्होंने कभी यह नहीं सोचा था कि मेरे जैसे साधारण कार्यकर्ता को जिलाध्यक्ष के पद पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपी है उसका पूरी निष्ठा, ईमानदारी और मेहनत से निर्वाहन करेंगे। शिवम ने कहा कि सीतापुर समाजवादी चिंतक आचार्य नरेंद्र देव की धरती है। वे लोहिया, जेपी और नरेंद्र देव की विचारधारा से प्रभावित रहे। उनका कहना है कि सीतापुर एक जमाने में सपाईयों का मजबूत गढ़ था। जनपद की सात विधान सभा सीटों पर सपा का परचम लहरा चुका है। एक बार सपा से स्व. मुख्तार अनीस सांसद भी रहे। शहर के सोमेश्वर दत्त कोठी तामसेनगंज निवासी शिवम सिंह का जन्म 13 अक्टूबर 2003 में हुआ था। माता रीता सिंह और पिता राजेंद्र सिंह ने उन्हें राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ाने में सहयोग किया।

भाजपा में होता है कार्यकर्ताओं का सम्मानः कौशलेंद्र सिंह

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हरगांव विधान सभा के झरेखापुर मंडल में नवनियुक्त भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह की अध्यक्षता में माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद मंडल कार्यकारिणी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री रमेश कुमार भार्गव दीपू ने नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष को माला पहनाकर शुभकामनायें दी। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी कार्यकर्ता गांवों में जाकर केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त करते हुये कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान हमारे लिए प्रमुख है। सभी कार्यकर्ता बन्धु पार्टी हित व राष्ट्र में सक्रिय होकर काम करें। इस मौके पर जिलामंत्री युवामोर्चा कामेश शुक्ला, रीतेश सिंह गौर, अनिल सिंह, ब्रजेन्द्र सिंह, रामनन्दन राना, चन्द्रभाल, विकास विक्रम सिंह, इंद्रपाल सिंह, कपिल सिंह, राजकुमार सिंह, आदित्य दीक्षित, सरवन मिश्रा तथा भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

आर्यकुल में मनी शिवाजी महाराज की जयंती

अटरिया-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। आर्यकुल कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी एंड रिसर्च में छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवल से हुआ। जयंती के मौके पर छात्रों ने रंगोली, स्लोगन, पोस्टर प्रेजेंटेशन में भाग लिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह, प्राचार्या डॉ. स्तुति वर्मा, उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, एचओडी डॉ. राहुल शर्मा, रजिस्ट्रार रोहित सिंह, अनुपम, राजीव कुमार, ऋषभ शुक्ल, तबस्सुम बानो, शशि प्रभा, रीता, नसरा, ज्योति , तारिक , रिहान , तिलकराज, अबरार, कोमल आदि मौजूद रहे।

मारपीट में घायल ग्रामीण ने लखनऊ ट्रामा सेंटर में तोड़ा दम

रामपुर मथुरा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। थाना इलाके में विगत चार दिन पूर्व आपसी विवाद के चलते हुई मारपीट में गंभीर रूप से घायल ग्रामीण ने इलाज के दौरान ट्रामा सेंटर लखनऊ में दम तोड़ दिया। मृतक का शव शनिवार की शाम जब पीएम होने के बाद घर पहुंचा तो परिवार में मातम छा गया। परिवारीजन घटना से खासे आक्रोशित है और हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बताते चले कि रमईपुर में 13 फरवरी को मैकूलाल व हुकुमचंद के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद ने उस समय उग्र रूप ले लिया जब दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में मैकूलाल पक्ष के मनोज का हाथ टूट गया व सिर फट गया। चोटिल होने से जयशंकर प्रसाद की हालत गंभीर

संक्षिप्त समाचार

अपनी नई एड फिल्म में, मोर्टिन ने समाज के गुमनाम नायकों का किया धन्यवाद

वाराणसी । पेस्ट कंट्रोल की दुनिया के अग्रणी ब्रांडों में से एक, मोर्टिन ने अपने मौजूदा कैम्पेन मोर्टिन की रक्षा ज्योति के तहत एक एड फिल्म पेश की है। इस एड फिल्म में समाज की सुरक्षा करने वाले लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया गया है। यह फिल्म सामुदायिक कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ काम को सम्मान देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करती है। ये सामुदायिक कार्यकर्ता चौबीसों घंटे काम में जुटे रहते हैं और समाज तक ष्रक्षा ज्योतिष् पहुंचाते हैं और समाज को मच्छर जनित बीमारियों से बचाते हैं।बीमारी फैलाने वाले मच्छरों से सुरक्षित रहने के लिए, हर परिवार कई प्रकार के पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशंस का इस्तेमाल करता है। लेकिन वे लोग, जो बिना थके पूरे समाज को सुरक्षित रखने के लिए जी तोड़ मेहनत करते हैं, वे ही अक्सर डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के संपर्क में आ जाते हैं। इस कैम्पेन फिल्म के साथ, मोर्टिन उन लोगों की अधिक देखभाल करने के जरूरत पर जोर देता है जो समाज की देखभाल करते हैं। उन्हें हम मोर्टिन की सुरक्षा की ढाल प्रदान करते हैं।सौरभ जैन, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, साउथ एशिया - हाइजीन, रेकिट ने कहा, ष्बीते कई सालों से, मोर्टिन भारतीय घरों में एक विश्वसनीय पेस्ट कंट्रोल सॉल्यूशन के रूप में मौजूद रहा है।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

वाराणसी । अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय स्नातक कोर्सेस में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इनमें बी.ए. ऑनर्स, बी. एससी.ऑनर्स और बी. एससी. बी.एड. ड्युअल-डिग्री कोर्स प्रस्तुत किए जा रहे हैं। प्रवेश प्रक्रिया और उससे जुड़ी जरुरी तारीख निम्नलिखित हैं - आवेदन करने की आखरी तारीख 6 मार्च 2024, राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल 2024, साक्षात्कार अप्रैल 2024, एडमीशन मई 2024, क्लास की शुरुआत जुलाई 2024 हैं। ये कोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं। इनका मकसद सामाजिक रूप से जागरूक, चिंतनशील और स्वयं सीखने में सक्षम युवा नागरिकों को तैयार करना है। ये कोर्स चार अनिवार्य पहलुओं से मिलकर बने हैं इन पाठ्यक्रमों में मुख्यि रूप से चार तरह के कोर्स शामिल है- विषय आधारित मेजर कोर्स, विद्यार्थियों को व्यानवसासिक रूप से तैयार करने के मकसद से बनाये गये इंटर्नशिप आधारित इंटर-डिसेप्लनरी कोर्स, विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण के लिए बनाये गये फाउन्डेदशन कोर्स और व्याइपक रुचि आधारित कोर्स, जिनका क्रेडिट सिस्टकम बहुत लचीला होता है।यह कोर्स अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलूरु और भोपाल स्थित कैम्पस में चलाए जाएंगे।

एमेजॉन गजौली गांव के महर्षि आश्रम में पैकेज डिलीवर करने वाली एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी

वाराणसी । ऊपरी हिमालय में समुद्र तल से 4500 फीट की ऊंचाई पर मौजूद गजौली में बना महर्षि आश्रम भारत में करीब 60 ध्यान अभ्यासियों के लिए एक शांत आश्रय की जगह है। किसी भी जरूरत के लिए नजदीकी शहर तक जाने के लिए पहाड़ी इलाके से पास के गांव गजौली तक 30 से 40 मिनट की पैदल यात्रा तय करनी पड़ती है। और अगर पास के शहर उत्तरकाशी जाना हो तो उसके लिए स्थानीय सार्वजनिक परिवहन का सहारा लेना पड़ता है। वर्ष 2020 में पूरा माहौल ही बदल गया जब एमेजॉन डॉट इन गजौली गांव में महर्षि आश्रम तक डिलीवरी करने वाली पहली और एकमात्र ई-कॉमर्स कंपनी बनी। इसने तो मानों सपनों को साकार ही कर दिया हो। अब यहां के लोग भारत के किसी भी कोने से चीजें ऑर्डर कर सकते हैं, और उन्हें उनके दरवाजे पर ही डिलीवरी मिल जाती है।एमेजॉन इंडिया के एमेजॉन लॉजिस्टिक्स डायरेक्टर डॉ. करुणा शंकर पांडे ने बताया, ÷ग्राहकों पर केंद्रित रहने की लगन के साथ हमने भारत में एक मजबूत ऑपरेशन नेटवर्क बनाया है। पिछले कुछ सालों में हमने हर तीन मील के क्षेत्र में अपने बुनियादी ढांचे और वितरण तकनीक में बेहतरीन वृद्धि की है, और साथ ही देश के सबसे दूर दराज के इलाकों में पहुंच कर ग्राहकों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तेज, सुरक्षित और मजबूत नेटवर्क बनाया है।

लहूलुहान मिला जौनपुर जिले का युवक, अस्पताल रेफर

सुलतानपुर। जौनपुर जिले के एक युवक सुल्तानपुर में संदिग्ध अवस्था में लहूलुहान पाया गया। उसके गले पर धारदार हथियार के निशान मिले हैं। पुलिस ने घायल युवक को अखंडनगर सीएचसी पहुंचाया जहां से उसे अंबेडकर नगर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस को परिवार से तहरीर का इंतजार है। ये पूरा मामला अखंडनगर थानाक्षेत्र के खुशामदपुर गांव का है। यहां जूनियर हाईस्कूल के पास बीती रात एक युवक लहूलुहान हालत में पड़ा पाया गया। स्थानीय लोग उधर से गुजरे और युवक को खून में लथपथ देखा तो तत्काल थाने पर सूचना दी। खबर पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अखंडनगर सीएचसी पहुंचाया। उसके गले पर जख्म पाए गए। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे अंबेडकरनगर जिला अस्पताल रेफर किया है। घायल युवक की पहचान जौनपुर जिले के सरपतहा थाना अंतर्गत रामपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार यादव (32) पुत्र राममनोरथ यादव के रूप में हुई है। चर्चा है कि प्रेमिका की शादी के दिन प्रेमी का ऐसा हाल हुआ है। अब सवाल ये है कि उसने स्वयं अपना गला रेतने की कोशिश की या किसी ने उसका ये हाल कर उसे एकांत में डालकर लोग चलते बने। हालांकि इस मामले में एसओ अखंडनगर रवि कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। अभी परिवार से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

डीएम-एसपी की चौखट पर पहुंचा किन्नर विवाद

सुल्तानपुर। डीएम-एसपी की चौखट पर अब दोस्तपुर कस्बे में क्षेत्र बंटवारे को लेकर चल रहे विवाद का मामला पहुंच गया है। किन्नरों के एक पक्ष ने अधिकारियों से मिलकर स्थानीय थाने द्वारा कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। जिस पर अधिकारियों ने जांच कराकार कार्रवाई का आश्वासन दिया है। बता दें कि दोस्तपुर थानाक्षेत्र के कस्बे में रविवार दोपहर बधाई नेग लेने के दौरान किन्नरों के दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें अंबेडकरनगर के बेवाना के किन्नर बबिता किन्नर पक्ष से तीन लोग घायल हुए थे। इसमें किरन किन्नर को गंभीर चोटे आई और उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। आरोप है कि पुलिस ने थाने पर केस दर्ज नहीं किया तो सोमवार को बबिता किन्नर और उसके साथ दर्जनों किन्नर डीएम-एसपी के जनता दरबार में पहुंचे थे। अधिकारियों ने उनकी फरियाद सुनकर जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। वही बबिता किन्नर ने मीडिया को बताया कि वो जिले के गौसैसिंहपुर की निवासी है और अंबेडकरनगर में भी रहती है। जौनपुर की मधु किन्नर दोस्तपुर में आठ माह से किराए पर मकान लेकर रह रही है।

यूपी बोर्ड के पेपर परीक्षा केन्द्रों पर रवाना

जौनपुरं। आगामी 22 फरवरी से शुरु होने वाली यूपी बोर्ड की परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त हो गया है । सोमवार को सुबह से नगर के शिया इन्टर कालेज से प्रश्नपत्रों के बंडल परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचाने का काम शुरू कर दिया है । एसडीएम ज्ञान प्रकाश प्रभारी बोर्ड परीक्षा के नेत्तृव में जिला विद्यालय निरीक्षक अशोक नाथ तिवारी की देखरेख में प्रश्नपत्रो को सावधानी के साथ बसों में रखकर साथ ही सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गयी है । 14 बसों के माध्यम से जिले के 239 परीक्षा केन्द्रों पर पेपरों को पहुंचाया जा रहा है । सुबह से दोनो अधिकारी अपने स्टाफके साथ लगे रहे ।

227 छात्राओं को स्मार्टफोन विरित

जौनपुर। केराकत क्षेत्र के अंतर्गत पौनी, सोहनी गाँव में स्थित रामचरित्तर महाविद्यालय पर बी.ए. के 227 छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित व अभिभावक एवं अतिथिगण सुरेश यादव सुभाष यादव प्रमोद मिश्रा, अच्छेलाल, डॉ. संकठा प्रसाद, पप्पू यादव, लालता यादव, डॉ. रमेश श्रीवास्तव, बिंदुदेवी, संतोष यादव, पिंटू यादव, संजय यादव, आशीष, अभिषेक सिंह, दिनेश, प्रिंस, नम्रता, दर्शना, पूनम, नीतू, आदि उपस्थित रहे। तथा आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत प्रबंधक सौरभ यादव ने अंगवस्त्र देकर किय सभी बच्चों को स्मार्टफोन का सही दिशा में इस्तेमाल करने का भी दिशा निर्देश दिए।

बाल अधिकार जागरूकता अभियान चलाया

जौनपुर। बाल अधिकार जागरूकता अभियान के तहत कंपोजिट विद्यालय आदमपुर बरसठी सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं शत- प्रतिशत उपस्थिति पर पुरस्कृत किया गया। राइजिंग स्कॉलरशिप प्रतियोगी परीक्षा मैं उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया जिसमें आदर्श यादव रिया यादव साक्षी यादव को कॉपी पेन बैग टिफिन इत्यादि चीजों को देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रधान अध्यापक सुभाष सरोज ने कहा कि बच्चों की स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सुरक्षा सर्वाधिक महत्वपूर्ण है।

रोजगार मेंले 14 कंपनियों ने लिया हिस्सा

सोनभद्र/ म्योरपुर । सोमवार को दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अन्तर्गत उ0प्र0 कौशल विकास मिशन सोनभद्र द्वारा विकास खण्ड कार्यालय परिसर म्योरपुर में आयोजित किया गया जिसमें 14 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस रोजगार मेले में 267 अभ्यर्थी उपस्थित हुए जिनमें से कम्पनियों द्वारा 132 अभ्यर्थियों को रोजगार हेतु चयनित किया गया, चयनित किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख म्योरपुर मान सिंह तथा खण्ड विकास अधिकारी म्योरपुर हेमंत सिंह द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किया गया तथा जन शिक्षण संस्थान द्वारा भी प्रमाण पत्र वितरित किया गया। यह भी अवगत कराया गया कि दिनांक 20.02.2024 को विकास खण्ड बभनी के अन्तर्गत जनता महाविद्यालय बभनी में आयोजित किया जायेगा।

खाद्य सुरक्षा को लेकर बैठक आज

सोनभद्र । सहायक आयुक्त (खाद्य-द्वितीय) जनपद सोनभद्र ने अवगत कराया है कि खाद्य सुरक्षा मामलों में अधिनियम के प्राविधनों का प्रभावी क्रियान्वयन, अनुश्रवण एवं विनियमों को त्वरित गति से लागू करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन 20 फरवरी,कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गयी है। उन्होंने सम्बन्धितों से विभाग की सूचनाओं/प्रगति रिपोर्ट के साथ स्वयं प्रतिभाग करने की अपील की गयी है।

सुरक्षा समृद्धि सुशासन बनी यूपी की पहचानः भूपेश

सोनभद्र । जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट परिसर उरमौरा, विकास खण्ड घोरावल, चोपन व दुद्धी में सोमवार को इन्वेस्टर्स समिट का भव्य तरीके से आयोजन किया गया, इस अवसर पर विधायक सदर भूपेश चैबे व जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार उपस्थित रहें, इस अवसर पर लखनऊ में आयोजित ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्4.0 का प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा शुभारंभ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया, इस सजीव प्रसारण को भारी संख्या में उपस्थित जन मानस ने देखा, इस अवसर पर विधायक सदर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की पहचान सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन, प्रदेश में निवेश का परिवेश बदल रहा है, निवेश में नम्बर-1 स्थापित हो रहा है उत्तर प्रदेश, इस दौरान उन्होंनेण कहा कि सोनभद्र भौगोलिक दृष्टि से शुरू से ही बहुत ही सम्पन्न जिला रहा है, इसका उदाहरण है कि हिण्डाल्को थर्मल पावर जैसे कम्पनियों का बड़े पैमाने पर जनपद सोनभद्र में विकास हुआ है, यहां की गरीबी का लाभ नक्सलवाद ने उठाया था, नक्सलवाद को खत्म करने के लिए देश के मा0 प्रधानमंत्री जी श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्य नाथ जी ने जन कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी कर नक्सलवाद को मूल रूप से नष्ट किया है, उत्तर प्रदेश में सोनभद्र दूसरा जिला है, जिसमें इस ग्राउण्ड सेरेमनी के माध्यम से लोगों ने अधिक से अधिक निवेश कर रहे हैं और जनपद में भारी संख्या में उद्योग धंधे स्थापित होंगें, जिससे

कि लोगों को अधिक से अधिक रोजगार के साधन उपलब्ध होंगें और जनपद का चैमुखी विकास होगा, मलोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 वी अन्नार्गत जनपद-सोनभद्र में दाखिल किये गये 101 प्रस्ताव जिनकी कुल निवेश बननाशि 181947.82 करोड़ तथा प्रस्तावित रोजगार 36771 है। तका दाखिल किये गये प्रस्तावों को धरातल पर चतारने हेतु जनपद में 51 प्रस्ताव जीबीसी के लिए तैयार इये, जिनकी प्रस्तावित चनराशि 121220.62 करोड़ तथा प्रस्तावित रोजगार 19484 है। जीबीसी के लिए तैयार हुये 51 प्रस्तावों के ग्राउण्ड मेकिंग सेरेमनी 5.0 का आयोजन जनपद सार पर डायट परिसर, रावदेसगंज, सोनभद्र में आयोजित किया गया।

दो कर्मियों का वेतन रोकने का निर्देश

सोनभद्र । जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की विकास प्राथमिकता वाली योजनाओं की बिन्दुवार सी0एम0 डैशबोर्ड पर कार्यों की प्रगति की समीक्षा की, उन्होंने शासन के निर्देश के क्रम में महत्वपूर्ण योजनाओं, परियोजनाओं, सेवाओं की सम्बन्धित अधिकारियों से सी0एम0 डैशबोर्ड पर उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बारी-बारी से समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सी0एम0 डैशबोर्ड के माध्यम से सडक़ों के निर्माण, अनुरक्षण आदि के कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा की तथा तेजी लाने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज विभाग द्वारा 15वें वित्त आयोग की धनराशि को व्यय करने व आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों के सौन्दर्यीकरण के कार्य की प्रगति की समीक्षा की तो कार्य की प्रगति धीमी पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी व ए0डी0पी0आर0ओ0 राजेश सिंह, सुमन पटेल के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दियें, इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि सामूहिक विवाह के अन्तर्गत जो भी शादियां होनी है, उनके सम्बन्ध में टेण्डर आदि की प्रक्रिया कराते हुए ससमय शादी समारोह सुव्यवस्थित ढंग से कराया जाना सुनिश्चित करें,।

छत्रपति शिवाजी महाराज की मनाई जयन्ती

इटावा।छत्रपति शिवाजी महाराज जी परम पराक्रमी,सच्चे देशभक्त,कुशल प्रशासक और महान योद्धा की जयंती बडे हर्षोल्लास के साथ विगत 35 बर्षो की भांति इस वर्ष भी लगातार विधि विधान से मना कर प्रसाद वितरण किया।

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयन्ती को सफलता पूर्वक मनाने में नींव की ईट की तरह योगदान देने में कूर्मि समाज के कुमार वैभव ÷सभासद÷,धर्मेश कुमार वर्मा,मणिकान्त विशाल,डा.हरीशंकर पटेल (समाज सेवी), जॉनी(तनू), राजेश वर्मा,प्रमोद,इन्जी.राजेश वर्मा,

अरुण कुमार वर्मा,डा.श्रीकांत, दीपराज वर्मा, त्रिभानुराज तथा मराठा समाज के राधुवीर सिंह (काका),ओम प्रकाश,संम्पत,विशाल,प्रवीन,सन्दीप, विक्रान्त,चन्द्रकान्त,सचिन,समाधान व बसन्त आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

यू.जी.सी. के निर्देशन में डॉ.प्रकाश दुबे बने मास्टर ट्रेनर

इटावा।जनता कॉलेज बकेवर (इटावा) सी.एस.जे.एम. विश्वविद्यालय कानपुर भौतिक विभाग के प्रभारी डॉ.प्रकाश दुबे को भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रशिक्षण देने के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में चयनित किया गया है।

यू.जी.सी. के निर्देश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा और चरित्र निर्माण विषय को उच्च शैक्षणिक संस्थानों में एक मूल विषय को रूप में शामिल किया गया है।मास्टर ट्रेनरों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित लिखित परीक्षा के उत्तीर्ण होने के उपरांत किया गया है। विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के

जनपद इटावा के लिए प्रशंसनीय बात यह है कि डॉ.प्रकाश दुबे कानपुर विश्वविद्यालय से चयनित एक मात्र ऐसे प्राध्यापक हैं,जो राष्ट्रीय मास्टर ट्रेनर की परीक्षा उत्तीर्ण की है शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम 26 फरवरी 2024 से 02 मार्च 2024 तक मध्य प्रदेश के भोपाल में आयोजित किया जाएगा।

डॉ.प्रकाश दुबे के चयनित होने पर कॉलेज के सचिव अरविंद मिश्र,प्राचार्य प्रो. डॉ.आर.के.त्रिपाठी, आई.क्यू.ए.सी.कोऑर्डिनेटर डॉ.ए.के. पाण्डेय एवं विज्ञान संकाय की डीन डॉ.नलिनी शुक्ला तथा कॉलेज परिवार के सभी प्राध्यापकगणों एवं शिक्षणेतर सदस्यों सहित बधाई दी है।

कम मतदान वाले केन्द्रों पर जागरूकता अभियान चलायें

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने निर्देशित किया है कि विगत लोकसभा चुनाव 2019 में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों पर विशेष रुप से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाए। मतदान बूथ जहाँ पर मतदान प्रतिशत राज्य औसत 59.11 प्रतिशत से कम है वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाये जाने के लिए टारगेटेड स्वीप गतिविधियां संचालित किया जाय, जिससे मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके तथा किन कारणों से कम मतदान हुआ इसका कारण ज्ञात करते हुए समस्या दूर कर लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक व प्रेरित किया जाए। जनपद के 9 विधानसभाओ में सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले 366 जौनपुर विधानसभा के बूथ संख्या 146 कम्पोजिट विद्यालय मानीकलां पर चुनावी पाठशाला आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया गया।

उद्यमियों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रहीं हैंः व्यापार मंडल

इटावा। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4 के सजीव प्रसारण के अवसर पर विकास भवन प्रेरणा सभागार में मुख्य अतिथि सांसद रामशंकर कठेरिया,सदर विधायक सरिता भदौरिया,जिला अधिकारी अवनीश राय,मुख्य विकास अधिकारी सहित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद इटावा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन,जिला प्रवक्ता इकरार अहमद,जिला मंत्री राघवेंद्र सिंह,युवा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण द्विवेदी,युवा जिला महामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा,नई मंडी अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह कुशवाहा आदि पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं उद्यमियों को उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट ग्राउंड ब्रेकिंग

सेरेमनी के प्रमाण पत्र एवं चेक वितरण किए गए और लखनऊ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा व्यापारियों एवं उद्यमियों के लिए कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है इसका सीधा लाभ उद्यमी उठा सकते हैं। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है।

जायंट्स सदस्यों ने गुप्त नवरात्रि के समापन पर प्रसाद किया वितरित

इटावा।माघ मास की गुप्त नवरात्रि के समापन के पावन अवसर पर जायंट्स ग्रुप ऑफ तेजस्विनी इटावा द्वारा विंधवासिनी पैलेस पर हवन आदि कार्यक्रम का आयोजन कर प्रसाद वितरण समारोह आयोजित किया गया।

वर्ष में चार बार नवरात्रि का पर्व मनाया जाता है ।जिसमें दो चैत्र और शारदीय नवरात्र और दो गुप्त नवरात्र माघ और आषाढ़ मास की होती हैं।गुप्त नवरात्र में मां दुर्गा की 10 महाविद्याओं की गुप्त रूप से ही साधना की जाती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है इसीलिए इसे गुप्त नवरात्र कहते हैं। इस पावन अवसर पर ऋतु चौहान,सीमा चौहान, गीतू सिंह,सरिता मिश्रा,पूजा राठौर, कृतिका सेंगर,इटावा डायमंड के आई पी पी बलराज गर्ग, विकास सिंह सेंगर, सुनील सेंगर , प्रदीप सिंह चौहान, एवम संजय कुमार अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

बस्ती में सीसी रोड व नाली निर्माण पटरी न बनने से आवागमन में परेशानी

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के हथेड़ा गुलाब तिराहा से सोनगढा गांव तक प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा लाखों रुपए की लगात से काली सड़क व बस्ती में सीसी रोड बनाने के कारण लोगों को सीसी रोड से आवागमन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा अगर कार्रदाई संस्था द्वारा बनाई जा रही बस्ती में सीसी रोड के दोनों ओर नाली निर्माण व पटरी बना दिया जाय तो सीसी रोड पर आवागमन करने वाले लोगों को सहुलियत मिलेगी अगर सीसी रोड के दोनों ओर नाली व पटरी नहीं बनाई जाती है तो वाहनों के आवागमन में परेशानियां बढ़ जायेगी। प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग द्वारा कुल ग्यारह किलो मीटर सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसमें से कुल पंद्रह सौ मीटर बस्ती में सीसी रोड बनाई जा रही है। सोनगढ़ा गांव में सात सौ मीटर

सीसी रोड,अहुगी कला में 750 मीटर,हथेड़ा में 250 मीटर सीसी रोड बनाई जा रही है

लेकिन सीसी रोड के दोनों ओर नाली पटरी का निर्माण कार्य नहीं होने से सीसी रोड की उंचाई होने के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

स्थानीय लोगों ने सीसी रोड के दोनों ओर नाली पटरी निर्माण कार्य कराए जाने कि मांग किया है जिससे लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

पूर्व मंत्री के पुत्र समेत आरोपियों को बचाने में जुटी पुलिस

सुल्तानपुर। अखंडनगर पुलिस सवालों के घेरे में है। एक ही केस में दो एफआईआर दर्ज करने वाली पुलिस पहली एफआईआर पर आरोपी को चौबीस घंटे में गिरफ्तार कर लेती है। लेकिन एसपी के आदेश पर दर्ज हुई दूसरी एफआईआर में पूर्व मंत्री के पुत्र, उसके ड्राइवर आदि को गिरफ्तार करने में कई बीत गए हैं। पीड़ित परिवार का पुलिस पर एक पक्ष से मिले होने का आरोप है।

दरअस्ल ये मामला दो कॉलेज प्रबंधक के विवाद से जुड़ा है। अखंडनगर थानाक्षेत्र के दादूपुर निवासी कॉलेज प्रबंधक विजय दूबे व पूर्व मंत्री राणा अजीत सिंह के पुत्र अभिजीत सिंह के मध्य 10 फरवरी को गाड़ी ओवर टेक को लेकर विवाद हुआ। बिना सही जांच के पुलिस ने पूर्व मंत्री राणा अजीत सिंह के पुत्र अभिजीत सिंह की तहरीर पर घटना के चौबीस घंटे बाद विजय दूबे के विरुद्ध जानलेवा हमले का केस दर्जकर अगले 24 घंटे के अंदर ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। वही एसपी के आदेश पर विजय दूबे की तहरीर पर अभिजीत सिंह, उसका चालक सुदीप सिंह और दो अन्य लोग के खिलाफगंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस को अब ढूंढे आरोपी नहीं मिल रहे। विजय दूबे पक्ष का आरोप है कि दोस्तपुर से कार से घर लौटते समय वीरेंद्र प्रताप सिंह स्मारक महाविद्यालय के पास पूर्व मंत्री राणा अजीत के पुत्र अभिजीत सिंह, उसका चालक सुदीप सिंह और दो अन्य

लोगों ने फार्च्यूनर गाड़ी को ओवरटेक करके रोका था। इन लोगों ने विजय को गाड़ी से खींचकर उतारा और रिवाल्वर लूटने का प्रयास किया था। आरोप है कि अभिजीत ने अपनी बंदूक से विजय पर फायर किया जिसमें वे बाल-बाल बच गए। विजय द्वारा दी गई एप्लीकेशन में बताया गया था कि पूर्व मंत्री के पुत्र व उसके साथियों के मध्य असलहा छीना झपटी में फायर हुआ। इसमें से एक गोली सुदीप सिंह को लगी। गोली लगते ही ये लोग उसे लेकर भाग खड़े हुए थे। विजय ने इस बात का उल्लेख किया है कि कॉलेज गेट पर लगे सीसीटीवी कैमरे और राधेश्याम यादव के घर पर लगे सीसीटीवी में साक्ष्य मौजूद है। बता दें कि पूर्व मंत्री राणा अजीत का आपराधिक इतिहास रहा है। वो सभी पहलू और घटना के समय का सीसीटीवी देखे बिना एक ट्रैक पर पुलिसिया कार्रवाई पर लोग सवाल खड़े कर रहे हैं।

चोरी की दो बाइक के साथ तीन युवक गिरफ्तार

हलिया (मिर्जापुर)। डूमंडगंज थाना क्षेत्र के दुर्जनीपुर मोड़ के पास से रविवार की देर रात पुलिस ने गश्त के दौरान चोरी की बाइक के साथ घूम रहे तीन युवकों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। उपनिरीक्षक काशी सिंह हेड कांस्टेबल इमरान खान, महेंद्र नाथ व नारायण शर्मा के साथ देर रात क्षेत्र में गश्त पर निकले थे।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत कार्य मण्डल पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड गोरखपुर

अल्पकालिक ई-निविदा सूचना

इस मण्डल के अधिनस्थ विद्युत माध्यमिक कार्य खण्ड-गोरखपुर के अन्तर्गत टर्नकी आधार पर कराये जाने हेतु ई-निविदा दिनांक 06.03.2024 को अपरान्ह 17.00 बजे तक आनलाइन आमन्त्रित की जाती है, जिसका प्रथम भाग (टेक्निकल बिड) दिनांक 07.03.2024 को अपरान्ह 12.00 बजे के पश्चात् खोला जायेगा। इस निविदा हेतु धरोहर धनराशि रु0 8,27,000.00 तथा निविदा शुल्क अप्रतिदेय रु0 5900.00 (18% जी0एस0टी0 सहित) अद्योहस्ताक्षरी के भारतीय स्टेट बैंक, गोरखपुर के Account No. 10490682045 IFS Code SBIN0005608 में RTGS/ NEFT द्वारा जमा की जायेगी। कृपया पूर्ण निविदा प्रपत्र का विवरण डाउन लोडिंग एवं स्पष्टीकरण/विस्तारीकरण/संशोधन, शुद्धीकरण सम्बन्धित सूचनाओं हेतु वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर देखें। अल्प0 ई-निविदा संख्या : 37/वि0का0म0 (गो0)/2023-24 : जमा योजना के अन्तर्गत रामलीला मैदान से हरियाली अतिथि गृह, निरंकारी भवन सुभाष चन्द्र बोस चौक होते हुए एस0टी0पी0 प्लांट तथा ग्रीन सिटी एवं बसियाडीह नाला तथा सड़क चौड़ीकरण हेतु डाली गयी भूमिगत केबल एवं ऊपरिगामी हाईटेन्शन विद्युत पोल/तार एवं ट्रांसफार्मर को अन्यत्र शिफ्ट करने का कार्य।

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत कार्य मण्डल, पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 14-श्रीरामपुरम, मोहद्दीपुर, गोरखपुर

पत्रांक : 1902/वि.का.मं.(गो.)/ निविदा, दिनांक : 19.02.2024

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

टेंट व्यवसाई का हत्यारा गिरफ्तार, रिवाल्वर व कार बरामद

सुल्तानपुर। लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में हर्ष फायरिंग में टेंट व्यवसायी की मौत के मामले में पुलिस ने आज एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक लाइसेंसी पिस्टल, और वैगनार कार बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजा गया है। मृतक के पिता की तहरीर पर हत्या का केस दर्ज किया गया था। बता दें कि लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत शिवनगर अंतर्गत बेदुपारा निवासी हरिशंकर तिवारी की 13 फरवरी को बेटी की शादी थी। जिसमें कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कादीपुर खुर्द निवासी हेमंत कुमार मिश्र ने हरिशंकर की बेटी की शादी में टेंट लगाया था। द्वार पूजा के समय बारातियों द्वारा हर्ष फायरिंग की जाने लगी जिसमें एक गोली हेमंत के पेट में जा लगी और वह अचेत होकर गिर पड़ा था। हेमंत को घायलावस्था में लेकर लोग मेडिकल

कॉलेज सुलतानपुर लेकर पहुंचे थे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। हेमंत के पिता राजेंद्र प्रसाद मिश्र की तहरीर पर लंभुआ कोतवाली में कल्लू तिवारी और मीनू सिंह समेत अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में लंभुआ पुलि

संक्षिप्त समाचार

ग्राउंड बेक्रिग सेरेमनी कार्यक्रम का शोहरतगढ़ तहसील सभागार में हुआ आयोजन

शोहरतगढ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स के चौथे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शोहरतगढ़ तहसील सभागार में सोमवार को ग्राउंड बेक्रिग सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक विनय वर्मा ने कहा इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ के परिसर से उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 के निमित्त राज्य सरकार एवं निवेशकों विकास कर्ताओं के मध्य हुए समझौते ज्ञापनों के सन्निहित लगभग रू0 36 लाख करोड़ में से रू0 10 लाख करोड़ के निवेश आशयों से सम्बन्धित परियोजनाओं का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा किया गया जिसका लाइव प्रसारण किया गया।कार्यक्रम मे असलम अंसारी को रेडीमेड दूकान के लिए, सिद्धू वर्मा को ज्वैलर्स की दुकान के लिए, मनोज कुमार व विजय प्रताप शर्मा को 10-10 लाख का चेक दिया गया।इस दौरान सांसद प्रतिनिधि सूर्य प्रकाश पाण्डेय उपजिलाधिकारी शोहरतगढ कमेन्द्र, शोहरतगढ चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल,नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि, बीडीओ शोहरतगढ़ ओम प्रकाश गुप्ता ,खण्ड विकास अधिकारी बढनी श्याम मुरली मिश्र,ब्लॉक प्रमुख अध्यक्ष प्रतिनिधि इं 0अमित कुमार यादव, जिलाध्यक्ष हरीराम निषाद,अपना दल (एस) विधानसभा अध्यक्ष राम दास मौर्य भाजपा नेता प्रदीप कमलापुरी, विष्णु सिंह, विजय पांडेय नगर पंचायत ,के सभी सभासद के साथ क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।

दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के लिए लगा टीएलएम मेला

सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के समान शिक्षा देने के लिए समावेशी शिक्षा के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग अनेक प्रयास कर रहा है। इसी के तहत ब्लाक संसाधन केंद्र नौगढ़ पर सोमवार को शिक्षण सहायक सामग्री (टीएलएम) का मेला लगाया गया। इसमें जनपद के समस्त विशेष शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण को सुगम बनाने के लिए स्वयं द्वारा निर्मित शिक्षण सहायक सामग्री प्रदर्शित किया। साथ ही सभी ने नए टीएलएम का निर्माण भी किया। टीएलएम प्रदर्शनी का अवलोकन करने के बाद जिला समन्वयक समेकित शिक्षा करुणापति त्रिपाठी ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के साथ समानता का व्यवहार करना चाहिए। विशेष शिक्षकों ने दिव्यांग बच्चों के शिक्षण में उपयोगी अच्छे टीएलएम बनाएं हैं। निश्चित रुप से ये टीएलएम दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के समान शिक्षा देने में मददगार साबित होंगे। मेला में राघवेन्द्र मिश्रा, गणेश कुमार गोंड, अंजनी सिंह, रामकुमार चौधरी, चन्द्रभान सिंह, प्रदीप सिंह, अवनीश त्रिपाठी, महेन्द्र मौर्या, अनुराधा पांडेय, चित्र रेखा मिश्र, सरिता श्रीवास्तव, सुषमा पाडेय, राममंगल उपाध्याय, अर्जुन वर्मा, फूल चन्द्र, इंन्द्रजीत,, राकेश चौधरी, सतीश , उमेश मिश्रा आदि विशेष शिक्षक मौजूद रहे।

विधायक विनय वर्मा ने किया स्ट्रीट लाइट का उदघाटन

शोहरतगढ सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। विधानसभा क्षेत्र के तुलसियापुर चौराहे पर शुक्लागंज साप्ताहिक बाजार में विधायक विनय वर्मा के निधि से 07 लाख 27 हजार रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ सोमवार को किया।इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा,सड़क जैसी बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ क्षेत्र में प्रकाश की सुविधा भी उपलब्ध करवाने का प्रयास किया जा रहा है। विधायक ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बहुत सारी बातें बताई उन्होंने कहा कि शोहरतगढ़ को प्रदेश का सर्वोत्तम विधानसभा बनाने का प्रयास कर रहा हूं। इसी क्रम में विधान सभा क्षेत्र के मटियार उर्फ भुतहवा के मटियार टोले में स्थित समय माता मंदिर पर लगे स्ट्रीट लाइट का शुभारंभ विधायक विनय वर्मा के निर्देश पर सेवानिवृत्त शिक्ष रामशंकर चौधरी,शिक्षक रामकिशोर व शिक्षक विश्वनाथ यादव के द्वारा किया गया। इस दौरान सूर्य प्रकाश पाण्डेय, पूर्व प्रधान रामानंद चौहान, सुमेरु गिरी, विश्वनाथ यादव, रामकिशोर,अनुपम शुक्ल,अशोक पासवान, विनय शुक्ल,मो.सफीक आदि लोग मौजूद रहे।

नकली किन्नर को असली किन्नरों ने दिलवाई सजा

प्रतापगढ़। जिले के देल्हूपुर कोतवाली क्षेत्र के छितपालगढ़ बाजार में रहने वाली मुस्कान किन्नर को कुछ नकली किन्नर धमकी देकर क्षेत्र में जबरन वसूली कर रहे हैं। जिसकी लिखित शिकायत मुस्कान किन्नर ने देल्हूपुर थाने पर किया। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए नकली किन्नरों को गिरफ्तार कर आगे से उन्हें ऐसा न करने की हिदायत देकर छोड़ दिया। जिससे नाराज होकर नकली किन्नरों ने जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मुस्कान किन्नर ने अनौपचारिक बातचीत में बताया कि यदि शासन प्रशासन की बात नकली किन्नरों ने नहीं मानी तो हम लोग पुलिस अधीक्षक और जिलाधिकारी महोदय से मिलकर इसकी शिकायत करेंगे। गौरतलब हो कि कई बार असली और नकली किन्नरों में झड़प हो चुकी है जिसे लोगो ने समझा बुझा कर मामले को शांत करवाया था। इस बार पुलिस प्रशासन की कार्यवाई से नकली किन्नर बैकफुट पर आ गए हैं और आगे से ऐसा न करने की बात कहकर माफ़ी मांग लिया है।

छात्र-छात्राओं से मिले राहुल, कार्यकर्ताओं का बढ़ाया उत्साह

लालगंज, प्रतापगढ़। राहुल गांधी की अगुवाई में आयी रामपुर खास पहुंची भारत जोडो न्याय यात्रा के यात्रियों ने सांगीपुर के गांधी इण्टर कालेज में दोपहर का विश्राम लिया। अभेद्य सुरक्षा दुर्ग में तब्दील गांधी इण्टर कालेज में यात्रियों के भोजन का प्रबन्ध किया गया था। भोजन के दौरान राहुल गांधी प्रमोद तिवारी तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना से पारिवारिक बातचीत में भी नजर आये। विश्राम स्थल पर राहुल गांधी ने स्कूली छात्र-छात्राओं से भी मिलकर उनका हौसला बढ़ाया । वही पार्टी के कार्यकर्ताओं से भी राहुल गांधी ने मुलाकात की। इससे कार्यकर्ता और उत्साहित हो उठे दिखे। वहीं भारत जोड़ो न्याय यात्रा के यात्री भी रामपुर खास में यात्रा के भव्य स्वागत तथा सुव्यवस्थित प्रबन्धों को देखकर मगन दिखे। यात्रा में शामिल कांग्रेसी नेताओं को भी रामपुर खास में उमडी भीड़ को लेकर ताजुब में देखा गया।

बाबा धाम में भी थी राहुल को लेकर सुगबुगाहट

लालगंज, प्रतापगढ़। भारत जोड़ों न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी का कारवा बाबा घुइसरनाथ धाम होते हुए सांगीपुर पहुंचा। मंदिर में श्रद्वालुओं की भीड़ तथा सुरक्षा की दृष्टि से राहुल गांधी मंदिर परिसर नही पहुंच सके। हलाकि लालगंज की जनसभा में राहुल ने यह कहकर कि वह शिव के भक्त है, लोगों में बाबा धाम में राहुल गांधी के पहुंचने की सुगबुगाहट जरूर देखी गयी।

विवाहिता की मौत मामले में ससुरालीजनों पर मुकदमा

लालगंज,प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने दहेज हत्या को लेकर ससुरालीजनों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के भैसना गांव निवासिनी काजल की ससुराल में रविवारक की रात मौत को लेकर पिता दिनेश सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी सिसनी भुवालपुर नसीराबाद रायबरेली की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू की है।

मृतका के पिता ने सोमवार को थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि उसकी लडकी काजल की शादी बीते 2014 में चंद्रभान सिंह पुत्र किसन सिंह निवासी भैसना के साथ हुई थी। विदाई के तीन माह बाद पति चन्द्रभान ससुर किशन सिंह, सास शकुंतला देवी, जेठ उदयभान सिंह, जेठानी ज्योति सिंह एक राय होकर 10 लाख रु दहेज लाने के लिए दबाव डालने लगे। इसे लेकर ससुरालीजन आए दिन काजल के साथ मारपीट कर उसे प्रताणित करने लगे। शनिवार को शाम आरोप है कि ससुरालीजनों ने मायके में फोन कर दहेज की मांग की। तहरीर में आरोप लगाया कि रविवार रात में उदयभान परिवार के साजिश से काजल को मार डाला, और फोन पर सूचना दिया कि तुम्हारी लड़की की मौत हो गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

सांसद खेल महाकुंभ का अनुराग ठाकुर ने किया उद्घाटन

❍ एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने 107 पदक प्राप्त किया

सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। जनपद स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ का आरंभ जिला क्रीड़ा स्टेडियम सिद्धार्थनगर मे किया गया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि अनुराग ठाकुर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भारत सरकार के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया तथा पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने दीप प्रज्वलित कर तथा गुब्बारा उड़ाकर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा कि सभी बच्चों को सकारात्मक सोच तथा दृढ़ निश्चय के साथ हर क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहिए निश्चित ही सफलता मिलेगी तथा सभी बच्चे को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सांसद खेल महाकुंभ में कैबिनेट मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि सांसद जगदंबिका पाल सबसे सक्रिय सांसदों में से एक है यह अपना यह एक भी सेकंड समय जाया नहीं करते जन सरोकार के मुद्दे पर सांसद जी बहुत ही सक्रिय रूप से संघर्ष करते हैं अपनी क्षेत्र की जनता व युवाओं की विशेष चिंता करते हैं आज सांसद जी ने मंच से किसी चीज की मांग नहीं किया क्योंकि वह जानते हैं कि वह जो मांगेंगे वह मिल ही जाएगा मैं वादा करता हूं की सिद्धार्थनगर के खिलाड़ियों के सहयोग हेतु सांसद जी द्वारा जो भी डिमांड की जाएगी मैं उसको पूरा करूंगा और इस वर्ष मैं सिद्धार्थनगर आना चाहता था लेकिन अत्यंत व्यस्तता के कारण नहीं आ सका अगले वर्ष जब संसद खेल महाकुंभ होगा तो मैं आप सभी के बीच में आकर युवा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करूंगा आज देश की पहचान दुनिया के अंदर नए भारत की है समृद्ध भारत की है संपन्न भारत की है अभी एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने 107 पदक प्राप्त किया पैरा ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों ने 111 पदक प्राप्त किया हम पदों की श्रेणी में पीछे रह जाते थे लेकिन माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खिलाड़ियों का बजट 800 करोड़ से बढ़कर के 34 करोड़ कर दिया गया है इस कारण से देश की प्रतिभा निखर रही है और खिलाड़ी मेडल जीतना शुरू कर दिए हैं देश के अंदर 3000 ऐसे खिलाड़ी हैं जिनको हम साल का ?6 लाख रुपया जेब खर्च देते हैं जिससे वह सुचारू रूप से बिना किसी बाधा के अपने खेल पर ध्यान दे सकें और बेहतर परफॉर्मेंस कर सकें मैं सांसद जी का पुनः आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने इस शानदार कार्यक्रम में मुझे आमंत्रित किया मैं आप सभी के बीच में आ नहीं सका लेकिन वर्चुअल माध्यम से मैं आप सभी को प्रणाम करता हूं सांसद जी को साधुवाद देता हूं और आप सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देता हूं बहुत-बहुत धन्यवाद सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि सांसद खेल महाकुंभ के प्रथम चरण में निबंध, कला, रंगोली प्रतियोगिता एवं द्वितीय चरण विकासखंड स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ पूरे जनपद के स्कूलों में किया गया जिससे कई बच्चों की प्रतिभाएं मंडल एवं राज्य स्तर पर उभर कर सामने आई सांसद खेल महाकुंभ से ग्रामीण स्तर में छुपी खेल प्रतिभाए भी निकलकर आई सभी शिक्षक तथा आयोजन समिति का धन्यवाद आभार ज्ञापित करते हुए सांसद जगदंबिका पाल ने बताया कि तीसरे वर्ष सांसद खेल महाकुंभ के प्रथम चरण में जनपद के सभी शासकीय और शासकीय विद्यालयों के लगभग 5 हजार छात्र-छात्राओं ने निबंध,कला, चित्रकला और रंगोली जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया और और दूसरे चरण में विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में लगभग 7000 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर एक नया कीर्तिमान बनाने का काम किया है। और इसी क्रम में संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि आज जिला स्तरीय सांसद खेलकूद प्रतियोगिता जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित किया गया है। जिसमें जनपद के 14 ब्लाक के बच्चे प्रतिभाग कर रहे है विकासखंड स्तर पर विजेता उप विजेता टीम के साथ-साथ जनपद के होनहार खिलाड़ी भी प्रतिभाग कर रहे है और इस बार जिला स्तरीय सांसद खेल महाकुंभ में एथलेटिक्स, कबड्डी,वालीबाल, शतरंज,ताइक्कांडो, फुटबॉल, खो- खो,बैडमिंटन के साथ-साथ दिव्यांग खिलाड़ियों का भी इस बार सम्मिलित करते हुए पैरा सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है साथ ही साथ माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से इस बार जनपद सिद्धार्थनगर में आखिरी दिन महिला सांसद खेल महाकुंभ का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सिर्फ बालिका वर्ग के खेलों को सम्मिलित किया गया है और उसमें सिर्फ बालिकाएं महिलाएं ही सम्मिलित होगी। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि लोकसभा प्रभारी समीर त्रिपाठी, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर ने भी कार्यक्रम को संबोधित कर बच्चो को अपना मार्गदर्शन दिया जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य जिला महामंत्री विपिन सिंह जिला मंत्री अजय उपाध्याय पूर्व नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र मंडल अध्यक्ष रमेश मणि त्रिपाठी, मीडिया प्रभारी निशांत पांडे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी क्रीड़ा अधिकारी,सहित शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संचालन आयोजन समिति के सचिव अरुण कुमार प्रजापति किया ने किया।

अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार गंभीर घायल

मोहम्मदी- खीरी,(स्पष्ट आवाज)। कस्बा में दो अलग-अलग जगहों पर हुए हादसे में चार लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने जांच के दौरान दो की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर कर दिया है।

सोमवार को दोपहर 2 बजे करीब स्टेट हाईवे गोमती पुल पर कस्बा के मोहल्ला सरैया निवासी तलहा अपनी बाइक पर मोहल्ले के फैजान को बैठाकर पुवाया की ओर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रही बुलेट के चालक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चालक बाइक छोड़कर मौका पाकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू की है।

दूसरी घटना पुवायां मार्ग के पास बाजार खुर्द निवासी संदीप मिश्रा अपनी बाइक के पीछे ओमसरन को बैठाकर गोला से आवश्यक करने के बाद 2 बजे करीब वापस लौट रहे थे तभी मोहम्मदी की ओर से जा रही एक कार ने सामने से टक्कर मार कर रौंद दिया जिससे दोनों छिटक कर गोमती पुल के नीचे 20 फीट गहरी खाई में जा गिरे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्राइवेट जानकी एंबुलेंस से दोनों बेहोशी हालत में मिले घायलों को समाजसेवी शिवम राठौर ने इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है । जांच के दौरानडॉक्टर ने हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल शाहजहांपुर रेफर किया गया है। वहीं कार चालक मौका पाकर भाग निकला है।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

गौरीगंज, अमेठी। सोमवार को कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी पहुंची जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। वही अमेठी गौरीगंज में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा सोमवार को प्रतापगढ़ होते हुए उनके संसदीय क्षेत्र अमेठी पहुंची। राहुल गांधी का अमेठी में स्वागत किया गया । उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ इकठ्ठा मौजूद रही। दूसरी ओर भाजपा सांसद स्मृति ईरानी भी अमेठी पहुंची थी क्षेत्र में उनका जनसंवाद कार्यक्रम चल रहा है। सोमवार को राहुल गांधी अपने संसदीय क्षेत्र में ही रहेंगे और रात भी यहीं व्यतीत करेंगे। इस दौरान वह स्थानीय कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी की जनसभा गांधीनगर मैदान में लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राम मंदिर उद्घाटन में न तो कोई किसान को बुलाया गया और न ही गरीब और न ही हमारी राष्ट्रपति को बुलाया गया क्योंकि वह आदिवासी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार उद्योग धंधों को खत्म करने में जुटी है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में अमेठी पहुंची भारत जोड़ो न्याय यात्रा में विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा से किसानों, युवाओं, महिलाओं तथा मजदूरों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनगे। राहुल अपनी यात्रा के जरिए लोगों को साधने की कोशिश में लगे हुए हैं खासकर की युवाओं और महिलाओं को। इस यात्रा में वह महंगाई, युवाओं को रोजगार और किसानों के मुद्दे के जरिए अपना मत मजबूत करने में जुटे हुए हैं। यात्रा में नेता जयराम रमेश भी शामिल हुए। इस मौके पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, अनिल सिंह, योगेन्द्र मिश्रा, सदाशिव यादव, मनोज कश्यप, सुभाष चन्द्र मिश्र, मीडिया प्रभारी अरविंद चतुर्वेदी, रामबरन कश्यप आदि मौजूद रहे।

जगह-जगह हुआ विरोध

अमेठी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने अमेठी कस्बे, गौरीगंज मुसाफिरखाना तिराहे पर राहुल गांधी वापस जाओ के साथ जय श्री राम नारे लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया लेकिन पुलिस मुस्तैद रही जिससे भाजपा कार्यकर्ता यात्रा स्थल से बहुत दूर रहें।

राहुल को लेकर रामपुर खास में दिखा जोश व उमंग का सैलाब

लालगंज, प्रतापगढ़। सोमवार को राहुल गांधी के भारत जोडो न्याय यात्रा को लेकर कांग्रेसी गढ़ रामपुर खास फिर जोश व उमंग मे इतराया नजर आया। रामपुर खास की सीमा धधुआ गाजन से भारत जोडो न्याय यात्रा में कांग्रेसियों के सैलाब के जोश के बीच विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भारत जोडो न्याय यात्रा की आगवानी की। राहुल गांधी के स्वागत मे धधुआ गाजन सीमा, संगम चैराहे, बहुगुणा पीजी कालेज गेट से लेकर चैक तक जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी दिखी। यही नजारा चौक से घुइसरनाथ रोड होते हुए अमावां चैराहे, घुइसरनाथ धाम, सांगीपुर, अठेहा, देवरी तक कार्यकर्ताओं के जोश से भरा देखा गया। राहुल गांधी की भारत जोडो न्याय यात्रा में रामपुर खास में यात्रा जिधर से निकली उधर सड़क के दोनों किनारे पटरी पर जमा महिलाएं, युवा, व्यापारी, अधिवक्ता, सबके सब राहुल गांधी की एक झलक पाने को बेताब दिखे। रास्ते भर राहुल गांधी पर नीचे से लेकर छज्जाओं तक से लोगों की छतों से भी पुष्पवर्षा का सिलसिला चैक तक थामे नहीं थमा दिखा। लोगों के अभूतपूर्व स्वागत को देख राहुल गांधी के चेहरे पर भी रास्ते भर जोशीली मुस्कान चमकती दिखी। राहुल गांधी ने कई बार प्रमोद तिवारी तथा आराधना मिश्रा मोना की तरफ भी देखकर आत्मीय मुस्कुराहट मे नजर आयें। वहीं प्रमोद तिवारी की भी रामपुर खास के साथ प्रतापगढ़ में मजबूत पकड़ को देख राहुल गांधी गदगद दिखे।

ताइक्वांडो खिलाड़ियों के बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। पलिया ताइक्कांडो एकेडमी के खिलाड़ियों के बेल्ट प्रमोशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शहर के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी पास खिलाड़ियों को चीफ कोच प्रदीप कुमार व पलिया कोच अरुण तिवारी द्वारा बेल्ट पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

शहर के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जनवरी माह में बाराबंकी में आयोजित ताइक्कांडो प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों अरनव गर्ग, आद्या गर्ग, अकांश गर्ग, अभिनव मौर्या, विधान त्रिपाठी, कुशाग्र प्रजापति, आन्या प्रजापति, आरव माहेश्वरी, अर्जित सिंह, प्रवर अवस्थी, अरनव अवस्थी, शौर्य गुप्ता, देवांशी वर्मा, यशस्विनी नाग, शाम्भवी नाग व गुनीत वालिया को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आरपी भास्कर, लकी माहेश्वरी, पूजा गुप्ता, मनीष अग्रवाल, अगम त्रिपाठी, वेद प्रकाश गुप्ता, महक ग्रोवर, सौदामिनी सिंह, लक्ष्मी जायसवाल, अंशुल गोयल, निखिल बंसल व ज्योति अरोड़ा आदि खिलाड़ियों के अभिभावक शामिल हुए।कार्यक्रम को सफल बनाने में लखीमपुर ताइक्कांडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कल्पना झा, दिनेश वर्मा व खिलाड़ी चंदन निषाद व कुशाग्र प्रजापति आदि का विशेष योगदान रहा।कोच प्रदीप कुमार व अरुण तिवारी ने सभी खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

निवेश से बदल रहा है देश का प्रवेश : सुब्रत पाठक

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर (स्पष्ट आवाज)। नये भारत का विकास इंजन विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश कार्यक्रम के तहत औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा लखनऊ में सोमवार को सम्बोधित किया गया। जिसका लाइव प्रसारण सोमवार को दोपहर लगभग 12 बजे से मंगल भवन डुमरियागंज में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कन्नौज के सांसद सुब्रत पाठक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस दौरान अपने संबोधन में सुब्रत पाठक ने कहा कि निवेश से देश का प्रवेश बदल रहा है। विकास की गति में तेजी आई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नये भारत का निर्माण किया है। जो दुनिया में अपनी एक विशेष पहचान रखता है। उन्होंने यह भी कहा कि औद्योगिक विकास को लेकर जो सोच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है आने वाले दिनों में इसका प्रभाव लोगों को और व्यापक रूप में देखने को मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यदि विकसित भारत की सोच कोई रख सकता है तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, जिनके नेतृत्व में इतिहास रचा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दोबारा केंद्र में सरकार बनेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर पवन अग्रवाल, उपजिलाधिकारी डॉ. संजीव दीक्षित, नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नी चाफा धर्मराज वर्मा, लवकुश ओझा, नगर पंचायत अध्यक्ष भारतभारी चंद्र प्रकाश उर्फ चंदू चौधरी, राजेश द्विवेदी, मधुसूदन अग्रहरि, दिलीप पाण्डेय, तहसीलदार संत राज सिंह बघेल, बीडीओ अमित सिंह, अधिशासी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव, लालजी शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे

अवैध कब्जा हटवाओ वरना जमीन पर बैठ जाऊंगी

अमेठी। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी बाजार में बनाए गए चौपाल स्थल पर 12 बजे पहुंची। जिले के अधिकारी और मीडिया कर्मी यहां पहले से ही मौजूद थे। गाड़ी से उतरते ही उन्होंने फरियादियों से बातचीत शुरू की। सबसे पहले आवास ,उसके बाद चिकित्सा फिर राजस्व विभाग और उसके बाद पुलिस से सम्बन्धित शिकायतें सुनी। यहां अतिक्रमण और अवैध निर्माण की शिकायतें खूब हुई।

लेखपाल और चौकी पुलिस के काम से लोगों में खासी नाराजगी दिखी।बाजार में चौपाल के दौरान अवैध कब्जे की शिकायत पर स्मृति ने खासी सख्ती दिखाई और कहा कि लेखपाल और पुलिस मिलकर आधे घंटे के अंदर अवैध निर्माण हटवाएं, वरना मैं जमीन के सामने आकर धरने पर बैठ जाऊंगी।एक युवक ने जब उनसे बैठने को कहा तो स्मृति ने कहा कि मैं आप जैसे बैठने वाली नहीं चलने वाली नेता हूं।शेर बहादुर सिंह की शिकायत पर स्मृति ने आधे घंटे के भीतर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए। पंचायत भवन के पास भी अवैध निर्माण हटवाने की शिकायत भी हुई। दर्खास्तें लेने के पहले उन्होंने विकास भवन के एक अधिकारी को बुलाकर पीएम और सीएम आवास योजना की पात्रता के विषय में जानकारी दिलाई।स्मृति ने खड़े खड़े ही शिकायतों को सुना, कुर्सी पर नहीं बैठी, सभी अधिकारी और जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि साथ खड़े रहें। ग्रामीण सम्पर्क निर्माण की शिकायत पर उन्होंने जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि को सड़क बनवाने की जिम्मेदारी दी। फरियादियों के अतिरिक्त यहां आशा, संगिनी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां ही मौजूद रहीं। सीडीओ सूरज पटेल,सीएमओ डॉ.अंशुमान सिंह, परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव,डीपीआरओ श्री कांत यादव,डीएसओ नीलेश उत्पल, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण शैलेन्द्र कुमार ,एसडीएम प्रीति तिवारी, खंड विकास अधिकारी इन्द्रावती वर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार, सीडीपीओ संजय सिंह, एसएचओ श्री राम आदि अधिकारी अपने स्टाफ के साथ पूरे समय खड़े रहे।लगभग चालीस मिनट तक लोगों की समस्यायों सुनने के बाद स्मृति सीधे आगे बढ़ गई और स्वागत और जलपान की सारी तैयारियां धरी रह गईं।ब्लाक प्रमुख प्रवीण कुमार सिंह, जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ पांडेय, मंडल अध्यक्ष अनिल सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, रवीन्द्र प्रताप सिंह, वंशीलाल सेठ , श्याम लाल मौर्य, लालशंकर सिंह,बेंचू सिंह, प्रभाकर सिंह आदि मौजूद रहे।

बिना टीसी के किसी भी छात्र-छात्रा को नहीं मिलेगा प्रवेश

पलियाकलां-खीरी,(स्पष्ट आवाज)। इंडिपेंडेंट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों ने भाग लिया। बैठक में छात्र छात्राओं के अगले सत्र में समुचित विकास एवं आधुनिक शिक्षा प्रणाली की चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अगले वर्ष छात्र छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य का विशेष ध्यान विद्यालयों द्वारा रखा जाएगा। सरकार के सभी मानकों के अतिरिक्त छात्र हित में प्राइवेट स्कूल विशेष ध्यान देंगे और साथ ही मीटिंग में यह निर्णय लिया गया कि बिना टीसी के किसी भी छात्र-छात्रा का प्रवेश नहीं लिया जाएगा।

पलिया में आयोजित इंडिपेंडेंट प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की बैठक में निर्णय लिया गया कि कोई भी छात्र-छात्रा अपने पूर्व विद्यालय का पूर्ण भुगतान किए बिना किसी अन्य विद्यालय में प्रवेश नहीं ले पाएगा। कहा कि वह अपने पुराने विद्यालय में भी प्रवेश बिना भुगतान के नहीं ले पाएगा। संगठन के अध्यक्ष गुरपाल सिंह मांगट व सचिव जसमीत सिंह अजमानी ने संगठन के सभी सदस्यों से आपसी सहयोग एवं एकता पर विशेष बल देने के लिए कहा। संगठन के सभी सदस्यों ने आपसी सहयोग एवं एकता पर विशेष जोर देते हुए यह स्पष्ट किया कि वह नवीन सत्र 2024-25 में संगठन कि उक्त शर्तों का पालन यथावत करेंगे।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष गुरपाल सिंह मांगत, सचिव जसमीत सिंह अजमानी, संगठन संरक्षक हरवंत सिंह अजमानी, प्रबंधक अजमानी पब्लिक स्कूल लखीमपुर खीरी, मुकेश अग्रवाल प्रबंधक गुरुकुल एकेडमी, जगत चौधरी, जसमेल सिंह मांगट, राकेश कश्यप, आलोक मिश्रा, आनंद कुमार गुप्ता, अफजल हुसैन, राकेश गौढ़, समीर गुप्ता, कार्तिक गर्ग, प्रमोद

विधायक रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत ब्लाक में बैठक आयोजित की गई। इसमें विधायक, एसडीएम, बीडीओ सहित कईयों ने अपने विचार रखें। इन्वेस्टर्स समिट के तहत निवेश से रोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके साथ ही जिले भर में विकास को नहीं रफ्तार मिलेगी। सोमवार को पूरनपुर ब्लॉक में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 0.4 के बारे में बैठक कर जानकारी दी गई। इस दौरान लाइव प्रसारण के माध्यम से प्रधानमंत्री के भाषणों को सुना गया। फरवरी 2023 में ग्लोबल इन्वेस्टर समिट लखनऊ में आयोजित की गई गई थी। जिले में 257 एमओयू के अंतर्गत 8830 करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। पीलीभीत में वर्तमान में 1214 करोड़ की कुल 106 परियोजनाएं जीबीसी हेतु तैयार हैं। नीति निवेश मित्र पोर्टल पर भी इसकी जानकारी उपलब्ध

है। करोड़ों की 106 परियोजनाओं से लगभग 400 लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार एवं 8000 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। निवेश के माध्यम से विकास यात्रा में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का भी जोर दिया गया। विधायक बाबूराम पासवान ने कहा प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री के लगातार प्रयास से भारत विकास की ओर अग्रसर है। भाजपा सरकार में देश प्रदेश के साथ जिले का भी विकास होगा। कंपनियों के आने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा विकसित भारत में जितनी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री की है उतनी हम सब की है। देश आत्मनिर्भर बन रहा है। सभी क्षेत्र में जरूरत के हिसाब से निवेश करने से विकास के साथ आर्थिक मजबूती मिलेगी। राइस मिलर अशोक खंडेलवाल ने कहा पूरनपुर भी विकास की ओर अग्रसर है। यहां नई चीनी मिल के अलावा अन्य उद्योगों में को बढ़ावा मिला है। इस दौरान कईयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

लाइव प्रसारण में प्रधानमंत्री के भाषणों को भी सुना गया। इस मौके पर अशोक खंडेलवाल, महादेव गाईन, सुखदेव सिंह, प्रधान सत्यपाल शर्मा, दिनेश पाल सिंह, मलकीत सिंह, राममूर्ति सिंह, एडीओ पंचायत अजय देवल, सचिव अवनीश कुमार, राजेश गौतम, ओमप्रकाश, सुधीर कुमार, राहुल भारती, राहुल कनौजिया, पूरन सिंह राणा, सुरेश वर्मा, सौरभ गंगवार,नागेंद्र कुमार, रत्नेश सोनकर, रूपेश सिंह, अतुल कुमार, सुबोध कुमार, सहित कई लोग मौजूद रहे। संचालन ग्राम पंचायत सचिव रामकिशोर ने किया।

ट्रैक्टर रैली का आयोजन 21 को

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। आज 20 फरवरी को घोषित कार्यक्रम कालटोल बन्द कराने एवं दिल्ली आन्दोलन में पहुंचने के कार्यक्रम को रद्द कर 21 फरवरी को सभी किसान जिला मुख्यालय पर टेऊक्टरों के साथ पहुंच कर टेऊक्टर मार्च निकालेगें।अन्नदाता किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष गुरविन्दर सिंह प्रदेश महामंत्री वलजिन्दर सिंह जिला प्रभारी रंजीत सिंह ने प्रेस नोट जारी कर कहा कि आज 20 फरवरी को आन्दोलन में भाग लेने व कालटोल बन्द कराने का कार्यक्रम निरस्त कर दिया है किसान नेताओं ने बताया कि एस0के0एम0 यूनियन के उच्च पदाधिकारियों और सरकार की चण्डीगढ़ 21 फरवरी को उक्त के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण वैठक होगी जिसको लेकर उक्त कार्यक्रमों को स्थगित किया जाता है किसान नेताओं ने बताया कि 21 फरवरी के जिला स्तर पर टेऊक्टर रैली का आयोजन किया जायेगा जिला मुख्यालय परकिसानों द्वारा टेऊक्टर मार्च को सफल बनाने को समस्त किसान मजदूर एवं पदाधिकारी अपने अपने टेऊक्टर लेकर टेऊक्टर मार्च में शामिल होने को सुबह 10 बजे सिरसा चौराहा पूरनपुर पहुंचे वहीं से टेऊक्टर रैली जिला मुख्यालय को रवाना होगी।

राजू सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जनपद के लोकप्रिय विकासशील युवा हृदय सम्राट राजकुमार राजू को सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. फाहद ने संगठन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत राजकुमार राजू छात्र जीवन से ही सक्रय राजनीति में रहकर समाजवादी पार्टी की प्रभावशाली नीतियों का जन जन प्रचार प्रसार कर संगठन को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते आ रहे है जिसके चलते श्री राजू का सपा

युवजन सभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौपा गया श्री राजू के मनोनयन पर जनपद के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में प्रसन्नता की लहर दौड़ गयी नवमनोनीत सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राजू ने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित सपा के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय नेताओं का आभार व्यक्त कर कहा कि मैं सपा में एक कार्यकर्ता की हैसियत से सपा की विकासशील नीतियों का प्रचार प्रसार कर संगठन को मजबूत करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ूगा तथा हर व्यक्ति व कार्यकर्ता का पूर्व की भांति सम्मान व सहयोग करते हुये समाजवादी पार्टी को ऊचाईयों तक ले जाने का कार्य करूंगा श्री राजू को बधाईयाँ देने वालों में हाजी लाडले ओमकार गुप्ता अंग्रेज सिंह नोमान अली वारसी तौफीक अहमद कादरी तौफीक खां नादिर रजा बरकाती नजमुल हसन खां अब्दुल रहमान खां आदि प्रमुख थे।

ब्राहम्ण महासभा ने महाराज को पगड़ी व अंग वस्त्रों से किया सम्मानित

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। कलीनगर रोड स्थित गुरु कृपा धाम तकिया दीनारपुर में श्री भागवत ज्ञान महायज्ञ कार्यक्रम 14 फरवरी से चल रहा है । इस धार्मिक आयोजन में स्वामी भद्र दास जी महाराज जी द्वारा भागवत कथा तथा श्री राम कथा स्वामी भद्र दास जी महाराज के मुखारविंद द्वारा सुनाई जाती है कल अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा पूरनपुर के पदाधिकारी द्वारा इस कार्यक्रम मे सहभागिता की गई तथा पगड़ी एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वामी भद्र दास जी महाराज का सम्मान किया गया ।इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष ,पंडित हरगोविंद बाजपेई, तहसील महामंत्री पंडित नवनीत मिश्रा, जिला महामंत्री पंडित महेंद्र मिश्रा ,पूर्व तहसील अध्यक्ष पंडित महेश मिश्रा, तहसील उपाध्यक्ष पंडित प्रवीण शुक्ला सहित अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त आवाज़

राइफल एसोसिएशन ने डीएम को भेंट की एयर राइफल

बिजनौर(स्पष्ट आवाज) जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल को आज कलेक्ट्रेट स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला राइफल एसोसिएशन के वाइस चेयरमैन नवाब सादिक बिन आसिफ द्वारा शूटिंग रेंज में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए एक एयर राइफल भेंट की गई। इस अवसर पर जिला स्पोर्ट्स ऑफिसर जयवीर सिंह, जिला मजिस्ट्रेट हर्ष चावला, शूटिंग कोच सैयद सादिक अनीस तथा शूटर नाज़िश वकार मौजूद थे। जिलाधिकारी द्वारा उक्त राइफल जिला स्पोर्ट्स ऑफिसर के सुपुर्द करते हुए निर्देशित किया गया कि नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम में शूटिंग का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे बच्चों के प्रयोगार्थ रेंज में उपलब्ध रखें।

समाजसेवी ने लावारिस बुजुर्ग को पहुंचाया वृद्धाआश्रम

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। अकबरपुर रेलवे स्टेशन के पास एक लावारिस बुजुर्ग व्यक्ति तीन दिन से भूखे प्यासे रेलवे स्टेशन पर टहल रहा था। उसी समय समाजसेवी बरकत अली रेलवे स्टेशन पर किसी काम से गये थे वह व्यक्ति समाजसेवी बरकत अली की तरफ से देखा गया, समाजसेवी बरकत अली ने उस बुजुर्ग व्यक्ति से पूछा बाबा क्या बात है उन्होंने इशारे से कहा तीन दिन से भूखा हूं समाजसेवी बरकत अली की आंखें नम हो गई, समाजसेवी बरकत अली ने ईश्वर से कहा कि जब तक मेरी जिंदगी रहेगी, इस तरह का कार्य आप हमसे लेते रहिए मैं अपने आप को भाग्यशाली समझता हूं और उस लावारिस बुजुर्ग को समाजसेवी बरकत अली ने वृद्धा आश्रम के प्रबंधक से संपर्क करके उस बुजुर्ग व्यक्ति को वृद्ध आश्रम पहुंचवाया।

सिंचाई हेतु शारदा सहायक नहर में पुनः पानी छोड़ा

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जनपद में सिंचाई खण्ड टांडा एवं सिंचाई खण्ड अयोध्या की नहरों की सिल्ट सफाई रबी फसली 1431 के पूर्व कराई गई, कुल लंबाई 549.93 किमी0 में कुल 131 नहरों की सिल्ट सफाई कार्य संपन्न कराया गया है और सिल्ट सफाई कार्य का भौतिक सत्यापन लखनऊ मुख्यालय से गठित विभागीय टीम व जनपद स्तरीय टीम एवं विभागीय अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया,सत्यापन के दौरान जनपद के सम्मानित जनप्रतिनिधियों ने कराए गए सिल्ट सफाई कार्य को सराहा, सत्यापन उपरांत नहरों का संचालन प्रारंभ है, चौधरी चरण सिंह टांडा पंप नहर दिनांक 16.02.2024से पुनः निरंतर संचालित है, शारदा सहायक नहर के किमी0 104 से निकली दरियाबाद शाखा एवं दरियाबाद शाखा के किमी0 76 से निकली फैजाबाद ब्रांच भी पुनः दिनांक 16.02.2024 से 1400 क्यूसेक से संचालित है, फैजाबाद ब्रांच टेल किमी0 126.200 पर का पानी भी शिब्लीपुर हेड, जनपद में पहुंच गया है और पानी लगातार अपस्ट्रीम से बढ़ रहा है किसानों के खेतों की सिंचाई सुविधा हेतु आज दिनांक 19.02.2024 सुबह 8.00 बजे फैजाबाद ब्रांच में पानी और बढ़ाया गया है तथा दिनांक 19.02.2024 प्रातः और पानी दरियाबाद शाखा से बढ़ाया गया है उक्त बढ़ा हुआ पानी कल दिनांक 20.02.2024 से जनपद अंबेडकर नगर सीमा पार कर जनपद आजमगढ़, मऊ, बलिया आदि जनपदों की सिंचाई हेतु बढ़ा हुआ पर्याप्त पानी मिलेगा जिससे जनपद के समस्त किसानों को सिंचाई हेतु कुल 1400 क्यूसेक पानी फैजाबाद ब्रांच में चलाया जा रहा है जिससे समस्त नहरों में पानी उपलब्ध हो सकेगा और निरंतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध रहेगी व लगातार नहरों में और बढ़ा हुआ पानी उपलब्ध बना रहेगा, जनपद में नहरों द्वारा सिंचाई का लक्ष्य 38000 हेक्टेयर है, जिससे जनपद के लगभग 52000 लाभान्वित होंगे और टांडा मुख्य नहर, टांडा समांतर नहर, जहांगीरगंज राजवाहा, पौसारा राजवाहा, पिडोरिया राजवाहा, बांदीपुर राजवाहा आदि नहरों में पानी की वांछित मात्रा में उलब्धता बनी रहेगी।

कतिपय व्यक्तियों द्वारा मीडिया कर्मी बताकर मानसिक व आर्थिक शोषण सहन नहीं : अविनाश कुमार

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। ग्राम पंचायत ग्राम विकास संगठन की एक महत्वपूर्ण वैठक का विकास खण्ड परिसर पूरनपुर में आयोजन किया गया वैठक में ए0डी0ओ0 पंचायत अजय देवल मुख्य अतिथि रहे तथा वैठक की अध्ययक्षता जिलाध्यक्ष अवनीश कुमार ने की एवं संचालन संगठन के जिला महामंत्री अतुल कुमार गंगवार ने की वैठक में भारी संख्या में ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।वैठक में अनेकों महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया वैठक में रोष प्रकट करते हुये कहा कि जनपद की समस्त विकास खण्डों में तैनात सचिवों को अवैध रूप से कतिपय व्यक्तियों द्वारा जो अपने आपको मीडिया कर्मी बताते है उनके द्वारा मानसिक रूप से उत्पीड़न किया जा रहा है तथा समाचार पत्रों में

प्रकाशित विज्ञापनों की धनराशि न देने पर भ्रामक सूचनाएं समाचार पत्रों में छापने के साथ ही आर्थिक दोहन करने का प्रयास किया जा रहा है ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी संगठन ने ऐसी परिस्थितियों को देखते हुये जनपद के ग्राम पंचायत/ग्राम विकास अधिकारी संगठन संयुक्त रूप से उक्त् की घोर निन्दा करते है और निर्णय लिया कि यदि भविष्य में उक्त कृत्य की पुनरावृत्ति की जाती है तो संगठन उक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए बाध्य होगा वैठक में अवनीश कुमार अतुल कुमार राहुल भारती राहुल पुष्कर राहुल कनौजिया मंजुल मिश्रा मो0 रिजवान सौरभ गंगवार ओम प्रकाश रत्नेश सोनकर सुधीर कुमार राम किशोर विजय पासवान सुरेश चन्द वर्मा सुबोध कुमार राजेश कुमार गौतम रूपेश कुमार सिंह पूरन सिंह राना सहित समस्त सचिव मौजूद रहे।

पुलिस ने हरिहर मंदिर संभल जाने से शिव सैनिकों को किया नजरबंद

मुरादाबाद। शिवसेना जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा जी के नेतृत्व में हिंदू सरकार में शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को हरिहर मंदिर संभल जाने से पुलिसफोर्स द्वारा रोका गया।

प्रदेश प्रमुख ठाकुर अनिल सिंह जी और प्रभारी पश्चिमी यूपी0 धर्मेन्द्र तोमर जी को पुलिस ने नजरबंदी किया। बताते चले कि सोमवार की सुबह षिवसेना जिला प्रमुख जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा द्वारा प्रदेश के 500 वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक टीम के साथ हरिहर मंदिर की मुक्ति के लिए प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन देने का निर्णय लिया। कार्यक्रम घोषणा के बाद उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश प्रमुख, पश्चिम उप्र प्रभारी व मुरादाबाद जिला प्रमुख के घर भारी फोर्स लगा दी और घरों में ही तीनों नेताओं को नजरबंद कर दिया गया। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा के निवास स्थान पर शिवसेना महानगर मुरादाबाद के लगभग 75 वरिष्ठ पदाधिकारी एकत्रित हो गाड़ियों से संभल जाने के लिए निकले तब ही भारी पुलिस बल ने शिव सैनिकों को रोक लिया। शिव सैनिकों को रोकने के लिए भारी पुलिस बल लगाया गया था,जिसमें पीएसी सीओ सिविल लाइन, एसडीएम व विभिन्न थानों की फोर्स लगी हुई थी। शिव सैनिकों को रोकते हुए पुलिस की शिव सैनिकों से भारी नोकझोंक हुई एवं उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। सभी पदाधिकारियों ने आपस में विचार विमर्श कर प्रदेश सरकार के खिलाफसांकेतिक गिरफ्तारी देते हुए एसडीएम महोदय के माध्यम से प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन प्रेषित किया।

जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं निरीक्षण किया गया। इस विधिक साक्षरता शिविर में कमलेश कुमार मौर्य, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रमेश राम त्रिपाठी, चीफ, लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, जिला कारागार अम्बेडकरनगर से गिरिजा शंकर यादव, कारापाल व जिला कारागार के अन्य कर्मचारीगण एवं अल्पव्यस्क बन्दियों व बन्दियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सचिव द्वारा जिला कारागार में किशोर न्याय विषय पर बताया कि किशोर न्याय प्रणाली उन बच्चों से सम्बन्धित है जिन्होने किसी प्रकार से कानून का उल्लंघन किया है और जिन्हे देखभाल एवं सुरक्षा की आवश्यकता है देश में 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को किशोर माना जाता है किशोर न्याय प्रणाली का मुख्य उद्देश्य युवा अपराधियों का पुनर्वास और उन्हें दूसरा अवसर प्रदान करना है। सुरक्षा देने का मुख्य कारण यह है कि बच्चों का मस्तिष्क पूरी तरह से विकसित नहीं होता है और उनमें गलत एवं सही की पूरी समझ नहीं होती है यह स्थिति तब भी होती है तब माता-पिता उचित पालन पोषण करने में असमर्थ है और घरों में हिंसा की घटनायें होती है अथवा ऐसे अभिभावक जो लम्बे समय तक अपने बच्चों को अकेला छोड देते हैं।

राम नाम पखवाड़े में प्रतिभागियों को किया सम्मानित

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। प्रवाह पटल पर ऑनलाइन माध्यम से राम नाम पखवाड़े में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को अखिल भारतीय साहित्य परिषद की तरफ से प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कवि गोष्ठी का आयोजन भी किया गया जिसमें कवि व कवयित्रियों ने अपनी सुंदर रचनाएं प्रस्तुत करके वाह वाही लूटी। सिरसा चौराहा स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस (विधायक कार्यालय) में अभा साहित्य परिषद और टॉप फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा आयोजित कवि गोष्ठी में प्रवाह पटल पर ऑनलाइन माध्यम से राम नाम पखवाड़ा के प्रतिभागियों को अखिल भारतीय साहित्य परिषद के अध्यक्ष संजय पांडे गौहर, महामंत्री उमेश त्रिगुणायत अद्भुत, कार्यक्रम के अध्यक्ष पंडित राम अवतार शर्मा व सतरंगी दुनिया के संपादक वरिष्ठ कवि और साहित्यकार डॉक्टर अमिताभ अग्निहोत्री द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में सम्मानित राजेश राठौर राज, प्रदीप मिश्र, गीता राठौर, सतीश मिश्र अचूक, पंडित राम अवतार शर्मा, उमेश अद्भुत, संजय पांडे गौहर, श्याम बाबू शुक्ला विमल, सुगंध विकास बाजपेई और विकास आर्य स्वप्न आदि कवि व कवयित्री शामिल रहे।यहां कविताओं की गूंज भी रही। उपरोक्त के अलावा डॉक्टर नीता सुशील अग्रवाल, डाक्टर अमिताभ अगिनहोत्री, गौरव देवल, संजीता सिंह, गोविंद वर्मा एडवोकेट आदि ने भी सुंदर काव्य पाठ किया गया। संचालन सतीश मिश्र अचूक ने किया। संजय पांडे गौहर द्वारा सभी प्रतिभागियों को तंदुल भी भेट किए गए। प्रबुद्ध श्रोता के रूप में प्रदीप सिंह मुखिया को सम्मानित किया गया। त्रिभुवन शर्मा, सुनील शर्मा, शिवम सहित काफी श्रोता भी मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को वितरित किये गये स्मार्टफोन

मुरादाबाद। न्यू सैनिक कॉलेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों को स्मार्टफोन का वितरण किया गया, ढाई सौ से अधिक छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए, फोन पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल गए और उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।न्यू सैनिक कॉलेज ऑफ लॉ के डायरेक्टर नफीसुल हसन फैजी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे कॉलेज में जो छात्र छात्राएं अध्यनरत थे, एलएलबी के फाइनल ईयर के लगभग 235 बच्चों को उत्तर प्रदेश डेवलपमेंट स्वामी विवेकानंद के द्वारा स्मार्टफोन का वितरण किया जा रहा है, इसको लेकर बच्चों में खासा उत्साह है और यह सरकार की सराहनीय योजना है, कई ऐसे छात्र छात्राएं हैं जो काफी गरीब हैं जिन्हें स्मार्टफोन कभी भी नहीं मिल पाता, मगर सरकार के द्वारा उन्हें स्मार्टफोन मिला

है तो फोन पाकर उनके चेहरों पर अलग ही रौनक है। उन्होंने कहा कि मैं सरकार को धन्यवाद देता हूं कि स्मार्टफोन के लिए सरकार ने जो बच्चों को देने की यह योजना बनाई है, जो सोचा है इसके लिए बधाई की पात्र है हमारी सरकार।उन्होंने आगे कहा की आज लगभग 236 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किए गए हैं और 427 अभी और फोन आने बाकी है, जो वितरित किए जाएंगे। कार्यक्रम में डॉक्टर राहत अली असिस्टेंट प्रोफेसर गुलाम जिलानी शेरिन तबस्सुम अंसार हुसैन मोहम्मद आसिम अंसारी डॉक्टर जफर महमूद सभी उपस्थित रहे।

सत्ता में बैठे लोग गूंगे बहरे हैं मैं पहुंचाऊंगा संसद तक आपकी आवाज : चन्द्रशेखर

बिजनौर (स्पष्ट आवाज) भीम आर्मी संस्थापक आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के ग्राम मटोरामान पहुंचने पर ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान अतीक अंसारी के नेतृत्व में उनको फूलो की वर्षा कर ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत करते हुए सिक्को से तोलकर अपना पूर्ण समर्थन दिया।प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर चंद्रशेखर आजाद नहटौर थाना क्षेत्र के ग्राम मटोरामान पहुंचे जिनका ग्राम प्रधान अतीक अंसारी, पूर्व प्रधान राजेश कुमार, शेर अली, कन्हैया सिंह, शकरुद्दीन, अशोक कुमार, हसीनुद्दीन, भारती सिंह, इकरामुद्दीन, मौ आबिद, मुस्तकीम, फरमान अंसारी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल मालाओं से लादकर भव्य स्वागत किया। इसके उपरांत चंद्रशेखर आजाद ने गांव में डोर टू डोर संपर्क कर लोगो से मुलाकात कर समर्थन मांगा। इसके उपरांत सभा का आयोजन किया गया जिसमे ग्रामीणों ने चंद्रशेखर आजाद को सिक्को से तोलकर उन्हे अपना समर्थन दिया। इस अवसर पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा की जब तक दबा कुचला शोषित वर्ग संगठित नहीं होगा उनका इसी तरह शोषण होता रहेगा। उन्होंने दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यकों से अपने हक की लड़ाई के लिए तैयार रहने को कहा। उन्होंने कहा की जिन लोगो को आपने अपना मसीहा समझकर वोट दिया वह लोग आपके उत्पीड़न के समय कहा है, यह सोचने का विषय है। चंद्रशेखर आजाद ने कहा की में आपका भाई आपका बेटा हूं ,आपके हकों के लिए सड़क पर आंदोलन कर लड़ाई लड़ने का काम कर रहा हूं ,लेकिन सत्ता में बैठे लोग गूंगे और बहरे है आपका दर्द नही सुनना चाहते ऐसे लोगो तक आपकी समस्याएं हल कराने और आपको आपका हक दिलाने के लिए उनके बीच पहुंचना जरूरी है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का जनपद में हुआ आयोजन

- कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया प्रतिभाग
- जनपद के निवेशक भी रहे उपस्थित

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। मुख्य अतिथि श्रीमती केसरी देवी पटेल सांसद सहित जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में शिवाय लान अकबरपुर में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च 4.0 का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर समिति 2023 के सफल आयोजन के उपरांत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च4.0 की आयोजन के अवसर पर जनपद अंबेडकर नगर में जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य जनपद स्तर पर निवेश आकर्षण हों। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च4.0 का लखनऊ में प्रधानमंत्री के कर कमलों द्वारा बटन दबाकर शुभारंभ किया गया है। जिसका सजीव प्रसारण दिखाया गया। शिवाय लान में कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती केसरी देवी पटेल द्वारा अपने उद्बोधन के दौरान भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी

जाति धर्म के लोगों के लिए योजनाएं चल रही है जिसका लाभ सभी लाभार्थियों को मिल रहा है। जिलाधिकारी अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आज दिनांक 19 फरवरी, 2024 को आयोजित हो रही ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिए 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है। सूबे को विकास की नयी बुलन्दियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिए नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। उत्तर प्रदेश एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आज एक और कदम आगे बढ़ायेगा जब प्रधानमंत्री राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हो रही ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में 10,23,537 करोड़ रुपये की कुल 14,619 निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का शुभारम्भ करेंगे। इन परियोजनाओं के आकार लेने पर प्रदेश में लगभग 34 लाख रोजगार सृजित होंगे। जनपद से कुल 213 उद्यमी इसमें शामिल है, जिनके द्वारा 2080.69 करोड़ का जनपद में निवेश किया जाएगा। इसमें से 42 उद्यमी माननीय प्रधानमंत्री कार्यक्रम लखनऊ गए थे, जिनका निवेश 1641.01 करोड़ है तथा 171 उद्यमी जो जनपद के कार्यक्रम में सम्मिलित थे का निवेश 439.68 करोड़ है। इस दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती केसरी देवी पटेल सांसद, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, पुलिस अधीक्षक डॉ कौस्तुभ, मुख्य विकास अधिकारी, डीएफओ, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, जिला विकास अधिकारी तथा भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रिंकल सिंह द्वारा 11 निवेशको मे. श्याम इण्डस्?ट्रीज, बसखारी, अंबेडकरनगर, मे0 विश्वकर्मा फाउण्ड्री वर्क्स , टाण्डा, पंडित वंशराज पाण्डेय स्मारक सत्य गोविंद शिक्षण संस्थान, डा0 अम्बेडकर जन सेवा एवं शिक्षण संस्थान, मे0 आर0 एम0 एस0 कालेज आफ फार्मेसी, में0 एन0पी0 टेक्सटाइल्स, सुपर इण्डिया टैक्सटाइल्स, पैरिस टैक्सटाइल्स, ⁄.ह्ल. एण्ड सन्स,नादिर टैक्सटाइल्स तथा उपवन एग्रो बायो फर्टिलाइजर को प्रशस्ति पत्र, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के 8 अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र, बैंक के 7 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार का कार्यक्रम जनपद की अन्य विधानसभा में आयोजित किए गए। जिसमें लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया और इसके उपरांत जनप्रतिनिधियों द्वारा भारत सरकार व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिससे कोई भी पात्र लाभार्थी किसी योजना के लाभ से वंचित न हो। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ प्रियंका तिवारी द्वारा किया गया।

कार्यालय नगर पंचायत चरवा, जनपद- कौशाम्बी

पत्रांक : 362/न0पं0चरवा/कौशा0/2023-24 दिनांक : 19/02/2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

समस्त इच्छुक ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या- 2565/9-82023-05- बजट-2023 नगर विकास अनुभाग-8, लखनऊ दिनांक 22 दिसम्बर, 2023 के माध्यम से नगर पंचायत चरवा को प्राप्त धनराशि से कराये जाने वाले कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा की विस्तृत जानकारी वेबसाइट http://etender.up.nic.in से डाउनलोड कर अथवा नगर पंचायत चरवा कार्यालय से सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

निविदा पेपर में प्रकाशित होने की तिथि	20.02.2024	
ऑनलाईन निविदा प्रकाशित होने की तिथि	21.02.2024	12.00 बजे अपराह्न से
निविदा डाउनलोड व अपलोड की तिथि	21.02.2024 अपराह्न 12:00 बजे से 06.03.2024 समय 12.00 बजे अपराह्न तक	
निविदा खुलने की तिथि	06.03.2024	02.00 बजे अपरान्ह

1. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज -9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
2. अधिक जानकारी के लिए कृपया वेब साइट http//etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यू

बटाईदार कृषकों से भी होगी गेहूँ खरीदः डीएम

❍48 घंटे में किया जायेंगा गेहूँ के मूल्य का भुगतान, गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 प्रति कुंतल

कौशाम्बी। जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने आगामी गेहूँ खरीद वर्ष 2024-25 में बटाईदार कृषकों से भी गेहूँ खरीद, गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि एवं गेहूँ के मूल्य का भुगतान 48 घण्टे में किया जायेंगा, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दियें है। इसके साथ ही उन्होंने तहसील दिवस, थाना दिवस, किसान दिवस में गेहूँ खरीद सम्बन्धी बैनर लगाकर एवं मंडी यार्ड में कैम्प लगाकर कृषक पंजीकरण व गेहूँ के न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा गेहूँ खरीद योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा राजस्व विभाग के कर्मचारियों व लेखपाल का सहयोग प्राप्त कर कृषक पंजीकरण में प्रगति लाने के निर्देश दियें हैं। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी व अन्य स्तर पर गेहूँ खरीद का प्रचार-प्रसार तथा पंचायतीराज विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी/डुगडुगी पिटवाकर, वाहनों में लाउडस्पीकर लगाकर गेहूँ की न्यूनतम समर्थन मूल्य व कृषक पंजीकरण का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें है। इसके साथ ही उन्होंने सभी क्रय एजेन्सियों द्वारा प्रति केन्द्र

न्यूनतम 15 कृषकों का दैनिक पंजीकरण का लक्ष्य निर्धारित कर दैनिक समीक्षा करने तथा खराब प्रदर्शन करने वाले केन्द्र प्रभारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दियें हैं।

जिले में एक जनवरी से हो रही खरीदः जिला खाद्य विपणन अधिकारी सुधान्शु शेखर चौबे ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत राजकीय गेहूं क्रय केन्द्रों पर गेहूँ विक्रय के लिए कृषकों का पंजीकरण 1 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हो गया है। इस वर्ष भारत सरकार द्वारा गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2275/प्रति कुन्तल निर्धारित किया गया है। गेहूँ विक्रय करने वाले कृषकों को 48 घण्टे के अन्दर भुगतान कराया जायेंगा। बटाईदार कृषकों से भी गेहूँ खरीद की जायेंगी। उन्होंने बताया कि गेहूँ विक्रय के लिए कृषकों को खाद्य विभाग के पोर्टल द्धष्ह्र-ह्रश्च-द्दश1-द्बठ्ठ पर पंजीकरण कराना होगा।

वर्तमान में संचालित धान क्रय केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नं0 पर भी मिस्ड कॉल करके भी पंजीकरण कराया जा सकेंगा। इसके साथ ही क्रय केन्द्रों पर प्रदर्शित बैनर में उल्लिखित क्क्र चद्धस्ह्र स्द्धङ्ग्र मोबाइल एप डाउनलोड करके अपना पंजीकरण करा सकेंगे। कृषक पंजीकरण के लिए वर्तमान धान क्रय केन्द्र प्रभारियों के लॉग-इन आई0डी0 पर भी विकल्प उपलब्ध कराये गये है, जिसके अन्तर्गत क्रय केन्द्र पर धान विक्रय करने वाले कृषकों से संपर्क कर क्रय केन्द्र प्रभारियों द्वारा पंजीकरण कराया जायेंगा। वर्तमान में जनपद में कुल 627 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया, जिसमें 540 केन्द्र प्रभारियों के लॉग-इन आई0डी0 से तथा 167 पब्लिक पोर्टल पर कृषकों द्वारा स्वयं किया गया है। उन्होंने किसानों को सूचित किया है कि पंजीकरण/गेहूँ विक्रय में किसा भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए जनपद स्तर पर स्थापित कन्ट्रोल रूम-7839562476 पर कार्यालय दिवस एवं कार्यालय समय में सम्पर्क किया जा सकता हैं।

जनता की समस्याओं का डीएम नहीं करते समाधानः दद्दू प्रसाद

चित्रकूट। सूबे के पूर्व ग्राम्य विकास मंत्री दद्दू प्रसाद का ये कथन कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द जनता से दूरियां बनाकर चलते हैं। वह पत्रकारों को भी तवज्जो नहीं देते। वह सिर्फ दलाल व नकारा किस्म के अधिकारियों को पसंद करते हैं। सूबे के ग्राम्य विकास मंत्री दद्दू प्रसाद ने ये खुलासा 16 फरवरी को किया था। उन्होंने डीएम अभिषेक आनन्द पर आरोप लगाया था कि वह आम जनता से दूरियां बनाकर चलते हैं। ऐसे में जनता की समस्यायें जस की तस हैं, आईजीआरएस हो या सीधे जनता शिकायत लेकर उनके पास जाये तो किसी भी समस्या का समाधान नहीं होता। सभी समस्यायें निदान के नाम पर महज नौटंकी होती है। उन्होंने कहा

कि डीएम को नकारा अधिकारी व दलाल किस्म के लोग खासे पसंद हैं। उन्होंने कहा कि जनता से दूरियां बनाना व पत्रकारों को तवज्जो न देने के चलते उन पर कानपुर में नगर आयुक्त रहते भी आरोप लगे थे। चापलूस किस्म के लोग उन्हें खासे पसंद आते हैं। उन्होंने सरकार को राय दिया कि डीएम अभिषेक आनन्द को किसी जिले का चार्ज न दिया जाये, वे जिला चलाने में पूरी तरह से अक्षम साबित हो रहे हैं।

रोजगार मेले का जन शिक्षण संस्थान मंझनपुर में आयोजन आज

कौशाम्बी। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राजकीय आई0टी0आई0 एवं सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजनान्तर्गत आज देशराज महाविद्यालय, जुवरा नारा के परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 283 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं चार नियोक्ता कम्पनियों के द्वारा कुल 145 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। रोजगार मेले का शुभारम्भ प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सिराथू लवकुश मौर्य द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने रोजगार मेले में उपस्थित प्रतिभागी अभ्यर्थियों को रोजगार मेले के माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला समन्वयक कौशल विकास मिशन के0के0 राम, डीएसएम योगेन्द्र कुमार शुक्ला, डीपीएम शिव नरेश शुक्ला एवं विनोद सिंह आदि उपस्थित रहें।

ईओ को डायरेक्टर की फटकार, दो दिन में देना होगा जवाब

❍ईओ राम सिंह ने अध्यक्ष कविता पासी से ड्यूटी ज्वाइन कराने का किया आग्रह

कौशाम्बी। जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी में दो ईओ की तैनाती को लेकर एक नया मोड़ आया है। शासन का एक पत्र सामने आया है। जिसमे ईओ सुनील मिश्रा को कहा गया है कि शासन के नियमो के विपरीत नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी ने ईओ सुनील मिश्रा को नियमों को ताक पर रखकर ड्यूटी ज्वाइन करा लिया है। वहीं नगर विकास विभाग के डायरेक्टर नितिन बंसल ने ईओ सुनील मिश्रा को पत्र जारीकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि उन्हें शासन में प्रत्यावेदन प्रस्तुत करना चाहिए था,लेकिन उन्होंने अध्यक्ष को प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया है। शासन ने ईओ सुनील मिश्रा को पत्र जारी कर दो दिनों में स्पष्टीकरण मांगा है। पत्र के आते ही नगर पालिका में हड़कंप मचा हुआ है।

नगर पालिका परिषद भरवारी में अनियमितता पर ईओ सुनील मिश्रा को शासन द्वारा सस्पेंड कर दिया गया था। जिसके बाद ईओ सुनील मिश्रा ने हाईकोर्ट की शरण ली और 30 जनवरी को हाईकोर्ट ने ईओ सुनील मिश्रा के सस्पेंशन पर रोक लगा दी। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में ईओ सुनील मिश्रा ने शासन में प्रत्यावेदन न प्रस्तुत कर अध्यक्ष कविता पासी को अपना प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया और अध्यक्ष कविता पासी ने सारे नियमों को ताक पर रखकर 31 जनवरी को ही ईओ सुनील मिश्रा को दोबारा नगर पालिका में ज्वाइन करा दिया।

वहीं 1 फरवरी को शासन द्वारा बांदा में तैनात रहे ईओ राम सिंह को नगर पालिका परिषद भरवारी ट्रांसफर कर भेजा। जिस पर ईओ राम सिंह ने अध्यक्ष कविता पासी से ड्यूटी ज्वाइन कराने का आग्रह किया ,लेकिन अध्यक्ष ने बाहर होने की बात कही। जिसके बाद शासन के आदेश के अनुपालन में ईओ राम सिंह ने एडीएम कार्यालय पहुंचकर ड्यूटी ज्वाइन कर ली। भरवारी कार्यालय में बैठने लगे। वही ईओ सुनील मिश्रा भी भरवारी आफिस में बैठने लगे। नगर पालिका परिषद भरवारी में इसके बाद से दो दो ईओ तैनात हो गए और अध्यक्ष और ईओ के बीच तकरार भी शुरू हो गई। जो अब तक चल रही है,वही जानकारों का कहना है कि ईओ सुनील मिश्रा को नियम विरुद्ध ड्यूटी ज्वाइन करने पर शासन कार्रवाई भी कर सकता है। नगर पालिका परिषद भरवारी में दो ईओ तैनात है लेकिन किसी को भी अभी वित्तीय अधिकार नही मिला है,जिसके चलते न तो विकास कार्य हो पा रहे है और न ही कर्मचारियों का वेतन जारी हो पा रहा है।

560 करोड़ की लागत से 1894 लोगों को मिलेगा रोजगार

❍वीरभूमि महाविद्यालय में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4 का देखा सजीव प्रसारण

महोबा (स्पष्ट आवाज)। सोमवार को लखनऊ में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी - 4 के आयोजन का सजीव प्रसारण महोबा के वीर भूमि स्नातकोत्तर महाविद्यालय में देखा गया। इस मौके पर सदर विधायक राकेश गोस्वामी, जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता, कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणी त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष संतोष चौरसिया मौजूद रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोमवार को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी ञ्च 4.0 का शुभारंभ इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ से किया गया। प्राप्त निवेशों की

चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी समारोह में पूरे उत्तर प्रदेश के 10 लाख करोड रुपए से अधिक लागत की 14 हजार परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया । महोबा जनपद में 68 जीबीसी परियोजनाओं से 1560 करोड़ की लागत से 1894 लोगों को जनपद में रोजगार मिलेगा। जिसमे कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, डेयरी विभाग, ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत, सूचना विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग, एमएसएमई, बागवानी, खुदाई, तकनीकी शिक्षा, पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आवास विभाग द्वारा रोजगार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जिला पूर्ती अधिकारी राजीव तिवारी, उपयुक्त जिला उद्योग केंद्र महेश चंद्र सरोज, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह, सहायक आयुक्त वाणिज्य कर सहित अन्य अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों सहित जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न उद्यमी व्यापारी एवं अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद के थाना क्षेत्रों से 2 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। जपनद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस उ0नि0 मनोज कुमार तोमर मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अजय सरोज पुत्र देवनाथ नि0 कनैली थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को बकोढ़ा पुलिया से गिरफ्तार किया गया। इसी क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस उ0नि0 जितेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह पुलिस बल द्वारा मु0 से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त करामत अली उर्फ ललई पुत्र हसीन अली नि0 फैजुल्लापुर थाना सराय अकिल जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया । विधिक कार्यवाही के पश्चात दोनो अभियुक्तो को न्यायालय भेजा गया ।

कर्मचारियों ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

महोबा (स्पष्ट आवाज)। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पांच सूत्रीय मांगों ऑनलाइन हाजिरी से मुक्त रखा जाए, विभागीय सेवा नियमावली बनाई जाएं, सफाई कर्मियों की पदोन्नति की जाए, पुरानी पेंशन बहाली की जाए आदि मांगों को लेकर जिला कार्यकारणी के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिलाधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं अपर मुख्य सचिव पंचायती राज उत्तर प्रदेश व निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ को भेजा है। जिसमे सभी विकास खण्डों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पनवाड़ी ब्लाक मंत्री करन सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कबरई लखन लाल

मंत्री शारदा प्रसाद ब्लॉक चरखारी से सरवन लाल ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक मंत्री रामरतन कुशवाहा वरिष्ठ उपाध्यक्ष कौशल किशोर जिला सचिव शिवचरण जिला मंत्री परमलाल कुशवाहा जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर कश्यप संप्रेक्षक रामसेवक प्रजापति विनोद सिंह वर्मा जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ आदि मौजूद रहे।

बोर्ड परीक्षा 22 से शुरू, डीएम ने अधिकारियों के साथ की बैठक

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों, सेक्टर/स्टेटिक/जोनल मजिस्टेऊटों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने 22 फरवरी से 09 मार्च तक आयोजित होने वाली हाई स्कूल एवं इण्टर मीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन एवं सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये कि परीक्षा की सभी तैयारी समय से सुनिश्चित करा ली जाए। परीक्षा प्रश्न पत्रों को स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखा जायेगा। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरे संचालित रहेगें। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनपद मुख्यालय से परीक्षा केन्द्रों तक प्रश्न पत्र पुलिस की अभिरक्षा में भेजे जायेगें, जिनका रख-रखाव स्ट्रांग रूम में केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक मजिस्टेऊट तथा वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक की उपस्थिति में किया जायेगा। उन्होंने ड्यूटी में लगे अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये हैं कि बोर्ड द्वारा परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु दिये गये निर्देशों का भली-भांति अध्ययन कर परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न करायें। किसी भी परीक्षा केंद्र में गडबडी पाये जाने पर सम्बन्धित केन्द्र व्यवस्थापक के विरूद्ध कडी कार्यवाही की जायेगी। बैठक में बताया गया कि जनपद के 64 परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की जायेगी।

दीवान जितेन्द्र को सिल्वर मेडल से एसपी ने किया अलंकृत

चित्रकूट। पुलिस कार्यालय में सर्विलांस सेल में तैनात दीवान जितेन्द्र कुमार कुशवाहा को पुलिस महानिदेशक से पुलिस सेवा में सराहनीय योगदान को प्रसंशा चिन्ह सिल्वर मेडल मिलने पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने लगाकर अलंकृत किया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने स्वाट/सर्विलांस प्रभारी निरीक्षक एमपी त्रिपाठी समेत सर्विलांस टीम, प्रभारी सोशल मीडिया/साइबर सेल विजय सिंह,पीआओ प्रदीप पाल की मौजूदगी में मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार कुशवाहा को अलंकृत कर मुंह मीठा कराया। मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार को 13 वर्ष की सेवा दौरान विभिन्न सराहनीय कार्यो के लिये 56 नगद पुरस्कार व तीन उत्तम प्रविष्टियां मिल चुकी हैं। एसपी ने मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार कुशवाहा से कहा कि मेहनत- लगन से पदीय कर्तव्यों का निर्वहन करते रहें।

रोजगार मेला कल, 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थी होंगे शामिल

❍जिला सेवा योजना अधिकारी कार्यालय परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेलाः भगवत नरायन

उरई (जालौन)। आज जिला रोजगार सहायता अधिकारी भगवत नारायन ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय परिसर उरई में दिनांक 21-02-2024 को प्रातः 11:00 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेला / कॅरियर काउन्सिलिंग का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जालौन सहित देश एवं प्रदेश की प्रतिष्ठित कम्पनियों/नियोजकों द्वारा टैक्नीकल एवं नान टैक्नीकल दोनों प्रकार के पदों हेतु अभ्यर्थियों की भर्ती के लिये सम्बन्धित कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया जायेगा। इस रोजगार मेले में एल0आई0सी0, आईसैक्ट रोजगार मंत्रा, आदि बहुत सी कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक (बी0ए0, बी0एस0सी0, बी0कॉम), आई0टी0आई0, सहित समस्त योग्यताधारी अभ्यर्थियों हेतु रिक्तियों उपलब्ध है। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के समस्त पुरुष / महिला अभ्यर्थी सम्मिलित हो सकते है रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपना सेवायोजन पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in पर पंजीकरण कराकर एवं सम्पूर्ण बायोडाटा / आवेदन पत्र तथा परिचय पत्र के साथ सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय, उरई के परिसर में पहुँचकर बने पंजीयन काउंटरों में उपस्थिति कराकर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते है। उन्होंने बताया कि इस कार्यालय के माध्यम से आयोजित होने वाले रोजगार मेला में कम्पनी द्वारा चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क होती है। जिसमें अभ्यर्थियों से नियुक्ति से पहले या बाद में किसी प्रकार के रूपये सिक्योरिटी की डिमाण्ड नहीं की जाती है। यदि अभ्यर्थियों को कम्पनी के नाम से किसी प्रकार का मेल या मैसेज या फोन कॉल आता है जिससे रूपये सिक्योरिटी डिपोजिट की डिमाण्ड की जाती है तो अभ्यर्थी ऐसे मैसेज व कॉल को असत्य मानकर पैसे ऑनलाइन या आफलाइन डिपॉजिट न करे। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी सीधे जिला सेवायोजन कार्यालय से सम्पर्क करें।

संक्षिप्त आवाज

पुलिस ने गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

महोबा (स्पष्ट आवाज)। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में सोमवार को अवधेश कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त बबलू यादव उर्फ रमेश चन्द्र यादव पुत्र नन्दराम यादव उम्र 25 वर्ष निवासी मोहल्ला तिवारी कस्बा व थाना पनवाडी को पाठक पुलिया कस्बा पनवाड़ी के पास से हिरासत में लिया गया। इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 200 ग्राम सूखा गांजा बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध मे थाना पनवाड़ी में धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया तथा आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।

सांसद खेल महाकुंभ की मुख्य अतिथि होंगी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

कौशाम्बी। कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वाधान में 13 फरवरी से लगातार खेले जा रहे सांसद खेल स्पर्धा महाकुंभ का लोकसभा स्तरीय प्रतियोगिता 20 फरवरी व 21 फरवरी को जिला स्टेडियम मंझनपुर कौशाम्बी में आयोजित होगा। सांसद ने बताया कि 20 फरवरी को सांसद बालक खेल स्पर्धा महाकुंभ का आयोजन किया जाएगा ,तथा 21 फरवरी को सांसद बालिका खेल स्पर्धा का आयोजन किया जाएगा। 21 फरवरी को केंद्रीय मंत्री भारत सरकार स्मृति ईरानी बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में सम्मिलित होगी। इस मौके पर वह खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगीं।

लोगों से साठगांठ कर बंजर भूमि में करा रहा अवैध कब्जा

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश सरकार ने राजस्व की बंजर, तालाबी नंबर ,विद्यालय की भूमि,चारागाह ,चर्म स्थल आदि जगहों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक राजस्व ग्राम में लेखपालो की नियुक्ति की है। इसके बावजूद भी लेखपाल अपनी मनमानी तरीके से लोगों से साठगांठ कर गांव में पड़ी तालाबी नंबर, बंजर, ऊसर,विद्यालय की भूमि,चारागाह आदि जमीनों पर उच्च अधिकारियों की आंख में पट्टी बांधकर अवैध रूप से लोगों को कब्जा कर रहे हैं। ताजा मामला सिराथू तहसील क्षेत्र के कैमा गांव का है। गांव निवासी कैलाश कुमार यादव पुत्र देवनाथ यादव थाना मोहब्बतपुर पैंसा ने मोहब्बतपुर पैंसा थाना को लिखित तहरीर देकर बताया कि ग्राम सभा में आराजी संख्या 664 बंजर जमीन पड़ी हुई थी। जिस पर लेखपाल ने लोगों से साठगांठ कर लोगों को अवैध रूप से कब्जा करा कर लोगों का अवैध रूप से मकान बनवा रहा है। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है। समाचार पत्र के मध्यम से उच्च अधिकारियों तक लेखपाल के विरुद्ध कई बार अवगत कराया गया। लेकिन उच्च अधिकारियों ने लेखपाल के विरुद्ध अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की। जिससे लेखपाल का मनोबल बढ़ा हुआ है। वह अपने मनमानी तरीके से लोगों से साठगांठ कर अवैध कब्जा करने में माहिर है।

ई-केवाईसी कराये बिना नहीं मिलेगा पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत पंजीकृत लाभार्थियों को प्रतिवर्ष 06 हजार रूपये, दो हजार रूपये की तीन किश्तें सीधे लाभार्थियों के खाते में भारत सरकार द्वारा स्थानान्तरित की जाती है। वर्तमान में शासन द्वारा योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहें समस्त लाभार्थियों को ई-केवाईसी कराया जाना अनिवार्य कर दिया गया है। यह जानकारी उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी ने देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी 16वीं किश्त का भुगतान उन्हीं लाभार्थियों को प्राप्त होगा, जिन्होंनें अपनी ई-केवाईसी पूर्ण करा ली है। लाभार्थी अपना ई0के0वाई0सी0 जनसेवा केन्द्र से आधार बेस्ड ओटीपी द्वारा अथवा अपनें क्षेत्र के कृषि विभाग के कर्मचारी से सम्पर्क कर फेसियल ई0के0वाई0सी0 करा सकतें हैं। इसके अतिरिक्त भूलेख अंकन व बैंक खाते का आधार लिंक होना भी अनिवार्य है, जिसके लिये लाभार्थी अपना तहसील द्वारा जारी किये गये खतौनी की छाया प्रति कृषि विभाग के कर्मचारी के माध्यम से उप कृषि निदेशक कार्यालय, मंझनपुर में उपलब्ध करा दें तथा बैंक खाते को आधार से लिंक कराये अथवा इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक में खाता खुलवायें।

पत्रकार भवन का निर्माण कराया जाना आवश्यक

कौशाम्बी। जिला मुख्यालय मंझनपुर में सोमवार को जिला स्तरीय पत्रकारों की सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता न्यू प्रेस क्लब अध्यक्ष विमलेश शुक्ल ने किया। बैठक में विभिन्न मामलों पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें सभी पत्रकार साथियों ने सहमति जताई कि केपीएल क्रिकेट का आयोजन नहीं कराया जायेगा । पत्रकारों के लिए जो जमीन है। उस पर भवन का निर्माण कराया जाने को रुपरेखा तैयार किया जाय।

अभियुक्त को चार वर्ष की कारावास की सजा

कौशाम्बी। एसपी बृजेश श्रीवास्तव के निर्देशन में कौशाम्बी पुलिस द्वारा पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को 4 वर्ष की कारावास की सजा दिलायी गयी है। 03/12/2015 को थाना करारी पर छेडखानी के सम्बन्ध में पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था । जिसके अभियुक्त दशरथ लाल पुत्र राम लाल रैदास नि0 नसरुल्लापुर थाना करारी जनपद कौशाम्बी को सोमवार को न्यायालय एडीजे-7 जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एवं जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रभावी पैरवी कराते हुए अभियुक्त को 4 वर्ष कठोर कारावास तथा 10,000 रू0 के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया ।

अवैध खनन के वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। सराय अकिल थानाध्यक्ष विनीत सिहं ने अवैध खनन के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिससे अवैध बालू खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ है। कौशाम्बी के कटैया घाट में रात दिन पोकलैंड मशीन से हो रहे अवैध बालू खनन का शासन द्वारा मामला संज्ञान लिए जाने के बाद उच्च अधिकारियों के आदेश पर पुलिस ने घाट संचालक जावेद सिद्दीकी को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं जावेद ने अन्य बालू माफियाओं का नाम बताया है। जिनकी गिरफ्तारी की तलाश में पुलिस जुटी है। जनपद कौशाम्बी के यमुना नदी में अवैध मोरंग खनन के सम्बन्ध में खान निरीक्षक कौशाम्बी द्वारा 23 जनवरी व 9 फरवरी को थाना सराय अकिल पर मु0अ0सं0 25/24 व 44/24 धारा 4/21 उ0प्र0 उप खनिज (परिहार) अधिनियम 1957 व उ0 प्र0 उप खनिज परिहार नियमावली 2021 के नियम 3/58/72 एवं 42(ज) पंजीकृत कराया गया था । मुकदमा उपरोक्त में विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुये धारा 379/188/277/431/120बी की बढ़ोत्तरी की गयी । पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। इस क्रम में 18 की रात्रि में थाना सराय अकिल पुलिस चौकी इंचार्ज मनोज कुमार तोमर मय हमराह फोर्स वाछिंत अभियुक्त जावेद सिद्दीकी को मुखबिर की सूचना पर मेला रोड कनैली से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के बयान व अन्य साक्ष्य संकलन के आधार पर अन्य अभियुक्तों के नाम प्रकाश में आये है। जिनकी शीघ्र ही गिरफ्तारी की जायेगी । गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेजा गया।

परीक्षा दिलवाने वाला अभ्यर्थी गिरफ्तार

चित्रकूट। जिले में पुलिस भर्ती परीक्षा में पालेश्वरनाथ इण्टर कालेज पहाड़ी केन्द्र पर पहली पाली में अनुज कुमार पुत्र मुन्नीलाल निवासी तरौल नारायणपुर थाना मान्धाता जिला प्रतापगढ ने अपने स्थान पर रितेश पुत्र सुनील यादव निवासी माधवपुर थाना बख्तियारपुर पटना-बिहार को परीक्षा देने को बैठाया था। फर्जी अभ्यर्थी रितेश ने स्कैनिंग आशंका होने पर परीक्षा समाप्ति बाद रितेश को हिरासत में लेकर पूंछतांछ की। उसने जुर्म स्वीकार किया। रितेश के कथन व शिनाख्त पर परीक्षा केन्द्र के बाहर घटना की साजिश में शामिल करन कुमार पुत्र कुशेश्वर लाल निवासी नयाटोला माधवपुर थाना बख्तियार पटना-बिहार को भी गिरफ्तार किया था। दोनों के पास फर्जी पहचान पत्र बरामद हुए।

शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

❍संत तुलसी पब्लिक स्कूल में प्रबंधक, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दही खिलाकर छात्र-छात्राओं को दी शुभकामनाएं

बांदा। इन्दिरा नगर स्थित संत तुलसी पब्लिक स्कूल में केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुरूप कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा हिन्दी विषय के साथ शुरू हुई। इस अवसर पर संत तुलसी पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत कक्षा 12वीं के छात्र/छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्धक डा0 मनीष कुमार गुप्ता, डायरेक्टर

जगनायक यादव व डा0 जगदीश नारायण चंदसौरिया सहित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने दही पेडा खिलाकर उन्हें शुभकामनाएं देकर परीक्षा केन्द्र जवाहर नवोदय विद्यालय दुरेडी हेतु विदा किया। परीक्षा को लेकर छात्रों में आत्मविश्वास व उत्साह दिखा। साथ ही संत तुलसी पब्लिक स्कूल भी सीबीएसई परीक्षा केन्द्र होने के कारण परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में प्रारम्भ हुई। जिसमें सेंट मेरी स्कूल, भागवत प्रसाद मेमोरियल स्कूल बांदा, आरके विद्यापीठ नरैनी व बीएस मेमोरियल स्कूल बबेरू के सैकड़ो छात्रों ने परीक्षा दी। परीक्षा संचालन हेतु सीबीएसई द्वारा संगीता लमगोरा प्राचार्या विद्यावती निगम मेमोरियल स्कूल को केन्द्राध्यक्ष व उमाशंकर यादव प्राचार्य राजकीय आश्रम पद्धति स्कूल बबेरू को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

जनपद में हो रहा निवेश, कौशाम्बी का बदल रहा परिवेशः डीएम

❍जनपद स्तरीय ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी का किया गया आयोजन, 59 निवेशकों के 672.95 करोड़ निवेश को किया गया सम्मिलित

कौशाम्बी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इन्दिरा गॉधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित ÷ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी÷ञ्च4.0 का शुभारम्भ किया। इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार कलेक्ट्रेट, तहसील सिराथू सभागार एवं तहसील चायल सभागार में आयोजित जनपद

दिल्ली तूफान्स बेंगलुरु टॉरपीडोज को 3-0 से हराया

चन्नई। दिल्ली तूफान्स ने रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के मुकाबले में बेंगलुरु टॉरपीडोज को सीधे सेटों में 3-0 से हराकर इस सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज कर ली। दिल्ली तूफान्स ने रविवार को यहां जवाहरलाल नेहरू इंडोर स्टेडियम में खेले गए सीजन के सातवें मुकाबले में पिछले साल की उप-विजेता बेंगलुरु टॉरपीडोज को 15-10, 15-13, 21-20 से हराकर चौंका दिया। मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने के लिए संतोष को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। दिल्ली तूफान्स की टीम ने मैच में आक्रामक शुरुआत की और लेजार डोडिच ने पॉवरफुल स्पाइक्स के साथ अपनी टीम के मुकाबले में आगे कर दिया। इसके बाद आयुष कासनिया ने सही समय पर ब्लॉक करके अपनी टीम के लिए मुकाबले को उसके कब्जे में कर दिया। यहां से डेनियल अपोंजा ने मिडल में अपना दबदबा बनाना शुरू कर दिया और दिल्ली तूफान्स की टीम ने मुकाबले में अपनी बढ़त बना ली। मैच के पहले सेट में पिछड़ने के बाद बेंगलुरु को अपनी रणनीति में बदलाव करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि थॉमस हेप्टइंस्टॉल के अटैकिंग खेल से बेंगलुरु टॉरपीडोज ने दूसरे सेट में अपनी पकड़ बना ली।

इसके बाद सेतु टीआर की अटैकिंग सर्व ने बेंगलुरु टॉरपीडोज के लिए वापसी के दरवाजे खोल दिए। यहां से सृजन शेट्टी ने डिफेंस में और ब्लॉक में शानदार प्रदर्शन करके बेंगलुरु टॉरपीडोज को मुकाबले में वापस ला दिया। उधर, डेविड ली के हमलों को नाकाम करने के बाद कप्तान सकलैन तारिक की अगुवाई में दिल्ली तूफान्स की डिफेंस ने मैच में एक बार फिर से खुद को आगे कर लिया।

इसके बाद संतोष की सर्व और एक आक्रामक स्पाइक से दिल्ली तूफान्स ने मुकाबले में पूरी तरह से अपनी पकड़ बना ली। लेकिन बेंगलुरु टारपीडोज भी जवाबी हमले के लिए तैयार थी। पाउलो लैमौनियर ने टीम को मुकाबले में बनाए रखा जबकि मुजीब और सृजन ने ब्लॉक में टीम को प्वॉइंट दिलाना जारी रखा। इसी बीच, रोहित कुमार ने सर्व लाइन से दिल्ली तूफान्स पर दबाव बनाना जारी रखा। लेकिन अपोंजा ने मिडल में अपना दबदबा कायम रखते हुए दिल्ली तूफान्स को इस सीजन की उसकी पहली जीत दिला दी।

अमृत काल में भारत के उत्कर्ष का बीज अंकुरित हो रहा : मोदी

●प्रधानमंत्री ने श्रीकल्कि धाम मंदिर की रखी आधारशिला

संभल/मुरादाबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि सदियों की गुलामी के बावजूद हमारी सांस्कृतिक चेतना नष्ट नहीं हुई। वह बीज के रूप में वर्षा ऋतु का इंतजार करती रही। आज आजादी के अमृत काल में भारत के उत्कर्ष का बीज अंकुरित हो रहा है। गीता में दी गई शिक्षा को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि हमें इसके लिए परिश्रम करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज (सोमवार) उत्तर प्रदेश के संभल जिले में श्रीकल्कि धाम मंदिर की आधारशिला रखी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने श्रीकल्कि धाम मंदिर के मॉडल का अनावरण भी किया। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर जूना अखाड़ा के आचार्य महामण्डलेश्वर अवधेशानन्द गिरि, वृन्दावन के सदगुरु ऋतेश्वर जी महाराज और महामण्डलेश्वर कैलाशानन्द गिरि महाराज प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भविष्य में आने वाले अवतार को समर्पित यह पहला धाम है। इससे पता चलता है कि हम कैसे भविष्य के लिए तैयार रहते हैं। इस दौरान उन्होंने कल्कि धाम के आचार्य प्रमोद कृष्णम के कार्य की प्रशंसा की और कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में ही मंदिर निर्माण के लिए उन्हें जमीन मिली है। उन्होंने स्वयं को सौभाग्यशाली बताते हुए कहा कि बहुत से धार्मिक और विकास कार्यों की शुरुआत करने का उन्हें अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे अच्छे काम हैं, जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं। आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे। राम मंदिर का विशेष उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रामलला विराजमान होने से अगले हजारों सालों की भारत की एक नई यात्रा का शुभारंभ हो रहा है। भगवान राम की तरह ही कल्कि अवतार भी हजारों वर्षों की रूपरेखा तय करेगा। हम ये कह सकते हैं कि कल्कि कालचक्र के परिवर्तन के प्रणेता भी हैं और प्रेरणास्रोत भी हैं। मोदी ने कहा कि कई ऐसे अच्छे काम हैं, जो कुछ लोग मेरे लिए ही छोड़ कर चले गए हैं। आगे भी जितने अच्छे काम रह गए हैं, उनको भी संतों और जनता-जनार्दन के आशीर्वाद से हम पूरा करेंगे। उन्होंने कहा कि कई एकड़ में फैला ये विशाल धाम कई मायनों में विशिष्ट होने वाला है। ये ऐसा मंदिर होगा, जिसमें 10 गर्भगृह होंगे और भगवान के सभी 10 अवतारों को विराजमान किया जाएगा।10 अवतारों के माध्यम से हमारे शास्त्रों में केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि अलग-अलग स्वरूपों में ईश्वरीय अवतार को प्रस्तुत किया गया है। यानी हमने हर जीवन में ईश्वर की ही चेतना के दर्शन किये हैं। नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले महीने ही, देश ने अयोध्या में 500 साल के इंतज़ार को पूरा होते देखा है। रामलला के विराजमान होने का वो अलौकिक अनुभव, वो दिव्य अनुभूति अब भी हमें भावुक कर जाती है। इसी बीच हम देश से सैकड़ों किमी दूर अरब की धरती पर, अबू धाबी में पहले विराट मंदिर के लोकार्पण के साक्षी भी बने हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कालखंड में हमने विश्वनाथ धाम को निखरते देखा है। इसी कालखंड में हम काशी का कायाकल्प देख रहे हैं। इसी दौर में महाकाल के महालोक की महिमा हमने देखी है। हमने सोमनाथ का विकास देखा है, केदार घाटी का पुनर्निर्माण देखा है।

शासन प्रशासन की 'नीति' पर 'नीतू' का अमल

●महिला प्रधान व सचिव के मजबूत मेल ने दी प्राथमिकता वाले कार्य को गति

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कसमंडा इलाके में कहने को तो जमीन पर विकास योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ है। भारी भरकम सरकारी रकम खर्च कर पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय, कायाकल्प आदि काम करवाये गए। आवाम के बीच पर्यावरण स्वच्छ और सुंदर रहे इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत वाटिका तैयार करने की सरकार की मंशा थी। अफसरों के आदेशों निर्देशों पर स्थानीय मातहतों ने इस पर काम भी किया। लेकिन तार, पिलर, गेट आदि चाक चौबंद कर तैयार हुई अमृत वाटिकाओं में विभिन्न प्रजाति के पेड़ पौधे तो खूब रोपित हुए पर उनकी देख-रेख कैसे हो रही है यह हकीकत धरातल पर है। विकास खंड में अनेक ग्राम पंचायते ऐसी है जहां पेड़ पौधों की देख रेख न हो पाने से बनवाई गई अमृत वाटिकाएं दुर्दशा का शिकार है। यह सच है कि कई जिम्मेदारों ने इसको लेकर जमीन पर बेहतर गंभीरता दिखाई।

शासन प्रशासन की नीति पर नीतू ने अमल करने का काम किया। महिला प्रधान रामदेवी व सचिव नीतू वर्मा के मजबूत मेल ने प्राथमिकता वाले कार्य को गति दी। सुरैचा में मनरेगा योजना के तहत बनवाई गई अमृत वन वाटिका में पेड़ पौधे हरे भरे लहलहा रहे है। देख रेख सराहना करने लायक है। सोमवार को अमृत वाटिका के भीतर युवक पेड़ पौधों की निराई करते दिखाई दिया। सुरैचा में पंचायत भवन, कॉमन सर्विस सेंटर, जल निकासी, कायाकल्प पर भी कार्य हुये है।

तेजी से दौड़ रहा नये भारत का ग्रोथ इंजन : सुरेश राही

हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने सोमवार को औद्योगिक विकास परियोजनाओं के शुभारंभ का लाइव प्रसारण क्षेत्रवासियों के साथ देखा। इस अवसर पर बैंक सखी, सम्मानित स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ एवं ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि नए भारत का ग्रोथ इंजन विकास के पथ पर दुरुत गति से दौड़ रहा है। हर क्षेत्र में भारत चतुर्दिक विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री जी तीसरा कार्यकाल सत्ता भोग के लिए नही मांग रहे है अपितु आगामी पांच साल में पहले से भी कई गुना तेजी से काम करके विकसित भारत की तरफ एक लंबी छलांग लगाने के लिए तीसरा कार्यकाल होगा। इस अवसर पर प्रधान संघ के अध्यक्ष कुलदीप सिंह तोमर, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश वर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता विजय कुमार मिश्र, उदित बाजपेयी, सुनील मिश्र, मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल, अरुणेश त्रिपाठी, शंकरदयाल, अनुपम सिंह, विजय प्रधान, अंशुल शुक्ला, मदन श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्रवण जायसवाल, वीरेन्द्र मिश्र बच्चा, विपिन वर्मा, सुनील कुमार सहित भारी संख्या में प्रधानगण एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आस्था का सम्मान मोदी की गारंटी : योगी

संभल। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार आस्था का सम्मान करती है और आजीविका की गारंटी देती है।ऐंचोड़ा कंबोह में आयोजित श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुये श्री योगी ने सोमवार को कहा कि भारत में जो पहले असंभव माना जाता था, आज वो संभव हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र नई समृद्धियों को प्राप्त कर रहा है। यहां आस्था का सम्मान और आजीविका की गारंटी दोनों ही है।

पहले की सरकारों ने न तो आस्था का सम्मान किया और ना ही आजीविका ही दी। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं।मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान विष्णु के 10वें अवतार की भावी अवतरण भूमि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आगमन हुआ है। अयोध्या में पांच सदी के इंतजार को समाप्त करने और पहली बार संयुक्त अरब अमीरात में भी भव्य मंदिर के उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री यहां आये है। पिछले 10 साल में हमने एक नये भारत का दर्शन किया है। इस नये भारत में हर नागरिक को सुरक्षा की गारंटी के साथ ही राष्ट्र को समृद्धि के नये सोपान तक पहुंचाने का संकल्प भी है।उन्होने कहा कि काशी में काशी विश्वनाथ धाम का निर्माण, अयोध्या धाम में रामलला का पुनः विराजमान होना, केदारनाथ और बद्रीनाथ का पुनरोद्धार, महाकाल में महालोक की स्थापना नये भारत की तस्वीर है। यहां हर युवा को आजीविका और आस्था की गारंटी भी है। यही मोदी की गारंटी है। पहले की सरकारों ने आस्था के साथ खिलवाड़ किया। वो न आस्था दे पाए और ना ही आजीविका उपलब्ध करा पाए। मगर, आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत की परंपराओं को वैश्विक मान्यता मिल रही है। हर साल 21 जून को दुनिया के 200 देश भारत की ऋषि परंपरा से जुड़कर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाते हैं।योगी ने कहा कि भारत में जो पहले असंभव था, आज वो संभव हुआ है। यह इसलिए हुआ क्योंकि हमारे पास एक यशस्वी नेतृत्व है। हमें गर्व होता है जब प्रधानमंत्री मोदी का सम्मान दुनिया के मंच पर होता है। पूरी दुनिया उन्हें उम्मीद की निगाह से देखती है। उन्होंने बताया कि संभल में गंगा एक्सप्रेसवे बन रहा है। 2025 में प्रयागराज कुंभ के दौरान सरकार का प्रयास होगा कि पश्चिमी यूपी के लोग इस एक्सप्रेसवे के जरिए तेज गति से प्रयागराज पहुंचें। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास तेजी से हुआ है।

कोर्ट में पेशी के कारण स्थगित रहेगी राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को मंगलवार सुबह मानहानि के एक मामले में सुल्तानपुर कोर्ट में पेश होना है इसलिए कल सुबह उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा स्थगित रहेगी।कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने यह जानकारी देते हुए बताया कि राहुल गांधी को कल 20 फरवरी सुबह सुल्तानपुर में उत्तर प्रदेश जिला न्यायालय में उपस्थित होने के लिए समन जारी किया गया है। यह मामला चार अगस्त 2018 को एक भाजपा नेता द्वारा दायर मानहानि के मुकदमे से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा कल सुबह रुक जाएगी और दोपहर 2 बजे अमेठी के फुरसतगंज से फिर अपने 20 फरवरी के प्रोग्राम को शुरू करेगी।उन्होंने बताया कि यात्रा का आज का कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है और शाम 4 बजे पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे और श्री गांधी बाबूगंज, अमेठी में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

वन भूमि में चिड़ियाघर या सफारी के लिए मंजूरी जरूरी : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सर्वोच्च न्यायालय ने सोमवार को देशभर में वन संरक्षण के लिए कई निर्देश जारी किए। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि वन भूमि पर अब चिड़ियाघर खोलने या सफारी के किसी भी नए प्रस्ताव को उसकी मंजूरी की आवश्यकता होगी। अदालत ने इस दलील पर ध्यान दिया कि वन संरक्षण के लिए 2023 का संशोधित कानून करीब 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर वन भूमि को वन के दायरे से बाहर रखता है। जिसका इस्तेमाल अन्य उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है।

अखिलेश किस हैसियत में हैं जो मुझे कुछ देंगे : स्वामी प्रसाद

लखनऊ। पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने नई पार्टी का ऐलान किया है। उनकी पार्टी का नाम राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी है। सोमवार को मौर्य ने पार्टी का झंडा लांच किया। नीला, लाल और हरे रंग की पट्टी वाले इस झंडे में बीच में आरएसएसपी लिखा हुआ है। स्वामी प्रसाद ने 13 फरवरी को सपा के महासचिव पद से इस्तीफा दिया था। 7 दिन बाद ही उन्होंने पार्टी का ऐलान कर दिया। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी (आरएसएसपी) साहेब सिंह धनगर की है। मौर्य ने इसे री-लॉन्च किया है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव को जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है समाजवादी पार्टी की केंद्र में और राज्य में सरकार है और वो मुझे लाभ दे रहे हैं। उनके द्वारा ऐसी शेखचिल्ली बघारना उचित नहीं है। मैंने हमेशा पद छोड़ा है। मैंने वैचारिकता को प्राथमिकता दी है। विचारों के सामने पद मायने नहीं रखता है। मैंने बहुजन समाज पार्टी में नेता विरोधी दल रहते हुए पार्टी को छोड़ दिया था। सत्ता में रहते हुए मैंने भारतीय जनता पार्टी को छोड़ दिया था। ओबीसी और जनरल की जगह जब जनरल भर्ती किये जा रहे थे तब मैंने भाजपा को छोड़ा था। स्वामी प्रसाद अखिलेश यादव के उस बयान पर जवाब दे रहे थे जिसमें उन्होंने कहा था कि लोग लाभ लेने आते हैं और फिर चले जाते हैं। स्वामी प्रसाद ने कहा कि अखिलेश यादव को बहुत बड़ी गलतफहमी है कि वह विपक्ष में रहकर लाभ दे रहे हैं। रही बात उनके पद की और सम्मान (विधान परिषद सदस्य) की तो उसको भी जल्द छोड़ दूंगा। समाजवादी पार्टी में शेखचिल्ली कौन है के सवाल पर स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि जो बड़बोला होगा वहीं शेखचिल्ली होगा। अखिलेश किस हैसियत में हैं जो मुझे कुछ देंगे।

एमएसपी को मिले कानूनी दर्जा : जयराम रमेश

●भाजपा लागू करे स्वामीनाथन कमेटी की रिपोर्ट

प्रतापगढ़। देश के प्रत्येक व्यक्ति को मिले पांच न्याय यही है भारत जोड़ो में यात्रा का लक्ष्य। महिला न्याय, युवा न्याय, भागीदारी न्याय, श्रमिक न्याय और किसान न्याय। अब तक भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने दो न्याय का वादा कर लिया है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर स्वामीनाथन रिपोर्ट की सिफारिश लागू होगी। एमएसपी को कानूनी दर्जा मिलेगा और लागत से डेढ़ गुना मूल्य किसानों को मिलेगा। दूसरा न्याय है भागीदारी न्याय और वह बिना जातिगत जनगणना के पूर्ण नहीं होगा अगर कांग्रेस सरकार में आती है तो हम तुरंत आर्थिक एवं सामाजिक जातिगत जनगणना कराएंगे। उक्त बातें राष्ट्रीय महासचिव जयराम रमेश ने प्रतापगढ़ स्थित गांधी इंटर कॉलेज सांगीपुर में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। रमेश ने कहा कि इलाज के लिए जरूरी है कि पहले एक्स-रे हो जाए तभी सही इलाज संभव है। जातिगत जनगणना हमें यह बतायेगी कि पिछले 75 सालों की विकास यात्रा में हमारे कितने भाई इस यात्रा में पीछे छूट गए क्योंकि हम तभी उनके समुचित विकास के लिए सही नीति बना पायेंगे। कांग्रेस सरकार ने 2011 में आर्थिक और सामाजिक जनगणना कराई थी जिसकी रिपोर्ट वर्ष 2014 में बनकर तैयार हुई। हम पिछले 10 वर्षों से मोदी सरकार से उस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग कर रहें हैं मगर दलितों और पिछड़ों के हितों की विरोधी इस सरकार ने हमारी इस मांग को मानने से मना कर दिया। राहुल गांधी के आने के बाद भाजपाईयों द्वारा वाराणसी स्थित चौराहे को गंगाजल से धोने के प्रश्न के जवाब में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री श्री अजय राय ने कहा कि यह कृत्य भाजपा के निम्न मनः स्थिति को दर्शाती है। यह कृत्य बताता है कि इंसान से इंसान का भेदभाव ही भाजपा की मूल नीति है।श्री राय ने कहा कि भाजपा का यह अंहकार और बड़बोलापन ही उन्हें ले डूबेगा। प्रियंका गांधी के यात्रा में शामिल होने के प्रश्न पर अविनाश पाण्डेय ने कहा कि प्रियंका गांधी उत्साह के साथ उप्र में इस यात्रा का इंतजार कर रही थी मगर दुर्भाग्यवश उनका स्वास्थ खराब हो गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। अभी कल ही वह अस्पताल से डिस्चार्ज होकर आई हैं और उन्हें डॉक्टरों द्वारा आराम की सलाह दी गई है। जैसे ही वह अपने आप को बेहतर महसूस करेंगी वह यात्रा में शामिल होंगी। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि रामपुर खास की धरती ने कांग्रेस के तिरंगे को हमेशा उंचा उठाये रखा है। उन्होंने यह वादा किया कि हम कभी भी कांग्रेस पार्टी के झण्डे को झुकने नहीं देंगे। प्रतापगढ़ के जिस ऐतिहासिक इन्दिरा चौक से राहुल गांधी ने अपनी यात्रा शुरू की है ठीक 44 साल पूर्व 1980 में इन्दिरा गांधी ने उसी जगह से मेरे पिता प्रमोद तिवारी के चुनावी अभियान की शुरूआत की थी।

मोदी की गारंटी पर उद्यमियों को विश्वास

●सीतापुर में नये उद्योग स्थापित करने को तैयार नामचीन कंपनियां

●125 प्रतिशत निवेश हासिल कर यूपी में दूसरे पायदान पर सीतापुर

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पीएम मोदी की गारंटी पर उद्यमियों ने विश्वास जताया है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे चरण की सफलता विकास के पथ पर अग्रसर उत्तर प्रदेश की गवाही दे रही है। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्यमियों को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। अफसरों के साथ जनप्रतिनिधियों और कारोबारी घरानों के लोगों ने शहर के एक गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सुना और जिले में उद्योगों की स्थापना करने के लिए व्यापारियों को उत्साहित किया। जिले में नये उद्योगों को स्थापित करने के लिए कई नामचीन कंपनियां तैयार है। 125 प्रतिशत निवेश हासिल कर सीतापुर यूपी में दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। जिले के लिए यह उपलब्धि बेहद खास है। कारोबार के लिहाज से जिले में अपार संभावनाएं है। लघु, कुटीर व बड़े उद्योगों को स्थापित करने करने के लिए जिले की भौगोलिक व व्यवसायिक स्थितियां अनुकूल है। यहीं वजह है कि कई नामचीन कंपनियां सीतापुर में उद्योग लगाने को तैयार है। कई कंपनियों ने काम शुरू भी कर दिया है। उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता के मुताबिक 132 कंपनियों ने जिले में उद्योग लगाने की पहल कर दी है। इन कंपनियों ने 21801.8 करोड़ रुपये का निवेश किया है। कंपनियों के माध्यम से 18252 लोगों को रोजगार मिलेगा। आशीष गुप्ता ने बताया कि भारत पेट्रोलियम लि., सीतापुर चाण्डक उद्योग, नील श्री शुगर प्रा.लि., इकोट्रास सस्टेबल सल्यूशन, एसआरबीएल बोर्ड इंडिया लि., एमकेए रेमिडीज, हाफिजिया आर्ट एंड क्राफ्ट प्रा.लि., वंस इडबिल, कर्शिनी इको बोर्ड, दि सेक्सरिया बिसवां शुगर फैक्ट्री, ग्रीनलैम प्लाईवुड, शायनिंग पोलीटेक्स, डालमिया भारत शुगर, पुरूषोत्तम औरा प्रा.लि., सेंचुनी प्लाईवुड, अडानी एग्रीलाजिस्टक, साग वेंचर्स, यूनाइटेड पेंगुइन, सिंघानिया मिल्क प्रोडक्ट, शिवदयाल मुरारी लाल राइस एंड दाल मिल, ग्रीनमेच रेनबेल, रामेश्वरम फार्मेसी कॉलेज, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल ने उद्योग शुरू कर दिये है। इस दौरान नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता सहित संबंधित अधिकारी, गणमान्य नागरिकगण, उद्यमी एवं निवेशक उपस्थित रहे।

विकसित भारत के स्वप्न को साकार करेगा यूपी : सांसद

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि पीएम मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प ले चुके हैं। उनके विजन को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को विकसित बनाना होगा। उन्होनें जनपद के सभी उद्यमियों का आवाहन करते हुये कहा कि जनपद में अधिक से अधिक उद्योग स्थापित कर सीतापुर को विकास के पथ पर अग्रसर करे। सांसद ने कहा कि बड़े उद्योगों के साथ छोटे व कुटीर उद्योगों की सीतापुर में अपार संभावनाएं है। मोबाइल के वृहद स्तर पर उत्पादन के विषय में सांसद ने जानकारी दी। सांसद ने कहा कि बड़े निवेशक जनपद की ओर आकर्षित हो रहे है। अवस्थापना सुविधाओं में सुधार के दृष्टिगत जनपद में 7 आरओबी का निर्माण कार्य हो रहा है। निकट भविष्य में एनएच 24 को 06 लेन भी किया जाएगा। सांसद राजेश वर्मा ने जिले में प्लाईवुड उद्योग के विषय में विस्तृत जानकारी दी।

रोजगार से जुड़ेंगे 40 हजार युवा : उपायुक्त

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। उपायुक्त उद्योग आशीष गुप्ता ने जनपद में किए गए निवेश के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने उपस्थित उद्यमियों एवं निवेशकों से अपने विचार साझा करते हुए कहा कि जनपद में नए उद्योगों के विकास से बड़े पैमाने पर रोजगार की उपलब्धता जनपद में हो सकेगी। जिससे सीतापुर के युवाओं को जिले में ही रोजगार मिल सकेगा और वे अपने पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति करते हुए अपनी प्रतिभा का भी सदुपयोग कर सकेगें।

सीतापुर में कारोबार की अपार संभावनाएं: डीएम

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। डीएम अनुज सिंह ने कहा कि सीतापुर उद्योगों की स्थापना के लिए निवेशकों को लगातार आकर्षित कर रहा है। जिले में जमीनों की कीमत तुलनात्मक रूप से कम है, वही पर्याप्त जनशक्ति सुगमता से उपलब्ध है। बेहतर संचार साधनों के साथ कानून व्यवस्था की दृष्टि से भी सीतापुर बेहतर स्थिति में है। उद्योगों की स्थापना के लिए स्थानीय प्रशासन उद्यमियों के साथ पूर्ण सहयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य से अधिक निवेश कर सीतापुर सूबे में दूसरे पायदान पर पहुंच चुका है। जिले को 15 हजार करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य दिया गया था, सभी के एकजुट प्रयासों से वर्तमान में लगभग 21 हजार करोड़ रुपये का निवेश सीतापुर ने प्राप्त किया है। यह हम सभी के लिए गौरव के क्षण है। जिले में उद्योगों की स्थापना से रोजगार बढ़ेंगे।

अराजक तत्वों से निपटने को तैयार पुलिस : एसपी

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। एसपी चक्रेश मिश्र ने कहा कि जिले की चुस्त दुरूस्त कानून व्यवस्था उद्योग स्थापना को बेहतर माहौल देगी। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्योग की सफलता के लिए शांतिपूर्ण व विकास परक माहौल जरूरी है। एसपी ने विश्वास जताया कि निवेशकों को पुलिस विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जायेगा। अराजकता फैलाने व उद्यमियों को परेशान करने वालों को कतई बख्शा नहीं जायेगा। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि किसी भी तरह की परेशानी हो तो वह उन्हें तत्काल सूचित करे।